जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, रविवार 17 दिसम्बर, 2023


# यहाँ FREE की गारंटी नहीं FIXED RATE की गारंटी चलती हैं

FIXED PRICE GUARANTEED

NO MIDDLE-MEN

KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

88% SOLD OUT

12% UNITS LEFT

## नए साल में 5 लाख बढ़ेंगे

## PROPOSED FIXED RATE & RENTAL

| बड़ी-बड़ी कोठी बड़े-बड़े फ्लैट | | आज की रेट | जनवरी '24 की रेट | पजेशन की रेट | पजेशन के बाद रेंटल POSSESSION DEC. 2025 |
|---|---|---|---|---|---|
| युनिट टाइप | साइज | | | | |
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 1350 Sq Ft | 54 LACS | 56.25 LACS | 67.50 LACS | 22,000 |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 60 LACS | 62.50 LACS | 75 LACS | 25,000 |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 66 LACS | 68.75 LACS | 82.50 LACS | 28,000 |
| 3 BHK BIG कोठी | 2000 Sq Ft | 72 LACS | 75 LACS | 90 LACS | 30,000 |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 2325 Sq Ft | 84 LACS | 87.50 LACS | 105 LACS | 40,000 |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 3200 Sq Ft | 120 LACS | 125 LACS | 150 LACS | 50,000 |



KEDIA®

1800-120-2323

78770-72737

info@kedia.com

www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in
RERA No. RAJ/P/2023/2387

SCAN QR FOR
• LOCATION
• ROUTE MAP
• SITE 360 TOUR
• E-BROCHURE
• WALKTHROUGH

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

जो वस्तु आनंद प्रदान नहीं कर सकती, वह सुन्दर हो ही नहीं सकती। –प्रेमचंद

# प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी का सिद्धांत आयुर्वेद के महर्षि-वैज्ञानिकों की देन है

वर्ष 2018 में भारत और अमेरिका के वैज्ञानिकों द्वारा प्रकाशित साझा शोध के अनुसार वर्ष 1990 से 2016 के मध्य के 26 वर्षों में भारत में हृदय रोग से होने वाली मौतों में 34 प्रतिशत बढ़त हुई है, जबकि अमेरिका में यह दर 40 प्रतिशत कम हुई है। जर्नल ऑफ़ दि अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी (72.1:79-95, 2018) में प्रकाशित इस अध्ययन से ज्ञात होता है कि वर्ष 2016 में भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रमशः इन बीमारियों के कारण अनुमानित 62.5 और 12.7 मिलियन वर्ष का जीवनकाल नष्ट हुआ। इनमें इस्चेमिक हार्ट डिजीज और स्ट्रोक 15 से 20 प्रतिशत मृत्यु के लिये जिम्मेवार हैं। भारत में प्रत्येक एक लाख जनसंख्या में 5,681 लोग कार्डियोवैस्कुलर बीमारी से पीड़ित हैं। कुल संख्या के रूप में देखें तो भारत में 54.6 मिलियन लोग कार्डियोवैस्कुलर बीमारी से पीड़ित हैं, जो अमेरिका के 33.6 मिलियन लोगों की तुलना में 70 प्रतिशत ज्यादा है।

ऐसी दशा में हम यह सोचने के लिये मजबूर हो रहे हैं कि क्या भारत में एलोपैथी को दीर्घकाल से 97 प्रतिशत बजट देने के बावजूद भारत की यह दुर्दशा रोकी जा सकती है?

इसका उत्तर केवल आयुर्वेद में उपलब्ध है। दरअसल, प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी का विश्व में सबसे प्राचीन सिद्धांत आयुर्वेद में उपलब्ध है। यह सिद्धांत भारत को इस समस्या से निजात दिला सकने में तीस शताब्दियों बाद आज भी यथावत समीचीन और उपयोगी है। आज की संक्षिप्त चर्चा इसी पर आधारित है।

आश्चर्य की बात यह है कि प्राचीन भारत के महर्षि-वैज्ञानिक आचार्य चरक ने, महर्षि-वैज्ञानिक भगवान आत्रेय द्वारा अपने शिष्य महर्षि-वैज्ञानिक आचार्य अग्निवेश के बताये गये जिन पांच तरीकों से हृदय रोग से बचने का सिद्धांत चरकसंहिता में दिया, उनमें कम से कम 3000 साल गुजर जाने और पिछले 150 साल से बायोमेडिकल साइंस की भारी शोध के बावजूद कोई बड़ा परिवर्तन नहीं आया (च.सू.30.13-14): तन्महत् ता महामूलास्तच्चोजः परिरक्षता। परिहार्या विशेषेण मनसो दुःखहेतवः।। हृद्यं यत् स्याद्यदौजस्यं स्त्रोतसां यत् प्रसादनम्। तत्तत् सेव्यं प्रयत्नेन प्रशमो ज्ञानमेव च।। ध्यान दीजिये, ये दो सूत्र भारत में उन 54.6 मिलियन लोगों को कार्डियोवैस्कुलर बीमारी में फंसने से बचा सकते थे, जो आज इस रोग से पीड़ित हैं। उपरोक्त सूत्र यह स्पष्ट करते हैं कि हृदय, उससे निकालने वाली धमनियों, और हृदय में स्थित ओज की भली प्रकार रक्षा करने के लिये प्रतिबद्ध व्यक्ति को मानसिक दुखों के कारणों को विशेष रूप से छोड़ देना चाहिये। जो हृदय के लिये हितकारी, जो ओज के लिये हितकर हो, जो स्त्रोतस को अवरुद्ध होने से बचाने वाला हो, ऐसे सब आहार-विहार के साथ-साथ शांति एवं यथार्थ ज्ञान का प्रयत्नपूर्वक सेवन करना चाहिये।

इन सूत्रों के अर्थ, अर्थार्थ और व्याख्या बहुत विस्तृत है। फिर भी, पक्की तौर पर प्राणों को बढ़ाने वालों में सबसे बढ़िया एक, बल को बढ़ाने वालों में एक, शरीर का वर्धन करने वालों में एक, समृद्धि करने वालों में एक, मन को हर्षित करने वालों में एक और अयनों में एक कारक सर्वश्रेष्ठ होता है। इनमें प्राणियों के प्राणों को बढ़ाने वाले कारकों में सर्वश्रेष्ठ अहिंसा, बल को बढ़ाने वालों में वीर्य अर्थात शुक्र, शरीर का वर्धन करने वाले कारकों में विद्या, समृद्धि करने वाले कारकों में इन्द्रियजय अर्थात इन्द्रियों को कब्जे में रखना, हर्ष देने वाले कारकों में तत्वज्ञान, और मार्गों में ब्रम्हचर्य को आयुर्वेद के विद्वान सबसे श्रेष्ठ मानते हैं (च.सू.30.15): अथ खल्वेकं प्राणवर्धनानामुत्कृष्टतममेकं बलवर्धनानामेकं बृंहणानामेकं नन्दनानामेकं हर्षणानामेकमयनानामिति । तत्राहिंसा प्राणिनां प्राणवर्धनानामुत्कृष्टतमं, वीर्यं बलवर्धनानां, विद्या बृंहणानाम्, इन्द्रियजयो नन्दनानां, तत्त्वावबोधोहर्षणानां, ब्रह्मचर्यमयनानामिति; एवमायुर्वेदविदो मन्यन्ते।।

आश्चर्य की बात यह है कि भाषा तो भिन्न है, किन्तु इनको यदि आप एक-एक करके देखें तो आधुनिक हृदयरोग-विज्ञानियों द्वारा प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी की जो सलाह दी जाती है, उनमें और इन प्राचीन सिद्धांतों में कोई अंतर नहीं है। उदाहरण के लिये, परिहार्या विशेषेण मनसो दुःखहेतवः की सलाह से यह साफ़ हो जाता है कि मन को दुखी करने वाले तमाम कारकों से अपने आप की रक्षा करनी चाहिये। आज स्थिति बिल्कुल स्पष्ट है कि निरंतर या बार-बार गुस्सा, लालच, चिंता, हबड़-दबड़, स्ट्रेस, एंग्जाइटी या इसी तरह की मानसिक समस्याओं के कारण या मानसिक दबाव के कारण हृदय रोग की पैथोजेनेसिस हो सकती है। दूसरा उदाहरण हृदय को बल देने वाली औषधियों व आहार के सेवन की सलाह के सन्दर्भ में है। यहां पर बल वर्धन के सम्बन्ध में सभी छः रसों से युक्त भोजन करना बलवर्धक होता है और इस प्रकार के लोगों के बीमार होने की गुंजाइश कम होती है। आधुनिक विज्ञान भी यही कहता है कि आपके भोजन में कम से कम तीन या चार सर्विंग्स फलों और एक-दो मुट्ठी ड्राई फ्रूट्स या सूखे मेवे होने चाहिये। सब रसों से युक्त भोजन में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट्स, विटामिन्स, फैट, मिनरल्स, फाइबर्स, जल आदि सब मिल जाते हैं।

**यदि हम त्रुटियाँ न करें, बुद्धि, इंद्रियों और समय का संतुलित उपयोग करें तो तमाम तरह की बीमारियों से बचाव संभव है। त्रिदोष (मूल सिद्धांत जो शरीर की फिजियोलोजी को सम्हालते हैं), अग्नि (चयापचय और पाचन तंत्र), धातुयें (शरीर के ऊतक), मलक्रिया (अपशिष्ट उत्पादों का उत्सर्जन) बराबर काम करते हैं, और आत्मा, मन और इन्द्रियाँ प्रसन्न रहती हैं, तो हम मान सकते हैं कि हम स्वस्थ हैं।**

बढ़ती उम्र में कौन से खाद्य पदार्थ हृदय को रोगरहित रख सकते हैं? इस सन्दर्भ में आपको अपने आयुर्वेदाचार्यों से सलाह लेना उपयोगी रहेगा। पर सामान्यतया ऐसी गायों का दूध व घी जो वनों में चराई से अपना आहार प्राप्त करती हैं, उत्तम होता है। गुड-हरीतकी या घी में भुने हुये लहसुन का नित्य भी सेवन उपयोगी हो सकता है। बहुत अधिक दारू पीने से दिल का रोग होता है (च.सू.17.32): उष्णाम्ललवणक्षारकटुकाजीर्णभोजनैः। मद्यक्रोधातपैश्चाशु हृदि पित्तं प्रकुप्यति।। क्लिनिकल ट्रायल में पाया गया है कि मोटे लोगों में भी आँवला दिल की बीमारी का खतरा कम कर देता है। वयोवृद्ध लोगों में योग शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक स्थित में बेहतरी एवं ओज में वृद्धि करता है। इसी प्रकार आयुर्वेदिक पंचकर्म चिकित्सा पर क्लिनिकल ट्रायल के परिणाम बताते है कि यह हृदय रोग को ठीक करता है और स्वस्थ व्यक्तियों को बीमार होने से बचाता है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें सात रक्षा कवचों के सिद्धांत को नहीं भूलना चाहिये जो हमारे स्वास्थ्य और रुग्णता के बीच मौजूद हैं। ये सात दीवारें आहार, विहार या जीवनशैली, स्वस्थवृत्त या व्यक्तिगत स्वास्थ्य से जुड़े आचरण, सद्वृत्त या व्यक्तिगत सदाचरण, रसायन या उम्र-आधारित रोगजनन को रोकने हेतु कायाकल्प उपाय, पंचकर्म या शारीरिक विषाक्तता को बाहर करने के लिये आयुर्वेद की पांच प्रक्रियायें और औषधि या चिकित्सा हैं।

दरअसल तीन कारक हैं जो सभी बीमारियों को जन्म देते हैं-जीवन में हमारे द्वारा की जाने वाली बौद्धिक त्रुटियां, इन्द्रियों का असंतुलित उपयोग और समय का प्रभाव-ये तीनों सभी प्रकार के विकारों का कारण हैं। यदि हम त्रुटियाँ न करें, बुद्धि, इंद्रियों और समय का संतुलित उपयोग करें तो तमाम तरह की बीमारियों से बचाव संभव है। त्रिदोष (मूल सिद्धांत जो शरीर की फिजियोलोजी को सम्हालते हैं), अग्नि (चयापचय और पाचन तंत्र), धातुयें (शरीर के ऊतक), मलक्रिया (अपशिष्ट उत्पादों का उत्सर्जन) बराबर काम करते हैं, और आत्मा, मन और इन्द्रियाँ प्रसन्न रहती हैं, तो हम मान सकते हैं कि हम स्वस्थ हैं। हृदयरोग को रोकने के लिये उपयुक्त आहार, विहार (जीवनशैली, व्यायाम, नींद इत्यादि), सद्वृत्त (व्यक्तिगत आचरण का कोड), स्वस्थ्यवृत (व्यक्तिगत स्वास्थ्य का कोड), रसायन (वयःस्थापक और कायाकल्प), पंचकर्म (शारीरिक विषाक्तता को बाहर करने के लिये आयुर्वेद की पांच प्रक्रियायें) और औषधि (चिकित्सा) उपयोगी हैं।

आहार या भोजन और पेय पदार्थ के संबंध में एक सलाह यह है कि हमारे कुल आहार का एक तिहाई फलों के रूप में होना चाहिये। सभी फलों को भोजन के आरंभ में खाया जाना चाहिए, भोजन के तुरंत बाद नहीं। केवल एक ही प्रकार का फल भी सदैव नहीं होना चाहिये, हालांकि अनार, मुनक्का और आमला सदैव खाये जा सकते हैं। आयुर्वेदिक खाद्य पदार्थों में से कई बहुआयामी हैं:- उदाहरण के लिए खजूर, अंगूर, किशमिश, बादाम, तिल, आमलकी, लहसुन, अदरक, काली मिर्च, हल्दी, केसर, जीरा, धनिया, शहद, गाय का दूध, गाय का घी, गुड़ और त्रिफला आदि। यदि इन्हें उचित तरीके से लिया जाता है, तो वे फ्री-रेडिकल्स की सफाई और ऑक्सीडेटिव-तनाव में कमी में लाने में सहायता करते हैं। ये दर्द को कम करते हैं। ये भोजन, रसायन और औषधि सब कुछ एक में हैं। ये सुपर-फ़ूड हैं तथा स्वास्थ्यकर हैं।

भोजन तब ही लिया जाना चाहिये जब भूख लगी हो अर्थात जब पहले खाया हुआ खाना पूरी तरह से पच गया हो।

निद्रा अच्छे स्वास्थ्य के तीन स्तंभों में से एक है। रात के दौरान न्यूनतम 7 घंटे नींद लें।

लेकिन 8 घंटे से अधिक समय तक नहीं सोना चाहिये। दिन के दौरान सोना हानिकारक है।

किसी कारण से थक जाने या बीमार होने पर दिन में सोया जा सकता है। स्वस्थ आयु के लिये आयुर्वेद स्वयं की देखभाल करने हेतु दिनचर्या सुझाता है। हमें योग-आसन, प्राणायाम और ध्यान- में भी प्रतिदिन निवेश करना चाहिये। सप्ताह में कम से कम 150 मिनट व्यायाम में भी निवेश करना चाहिये। ऊतकों या धातुओं के पोषण व शक्ति के लिये पंचकर्म या शुद्धि और कायाकल्प बहुत उपयोगी है। इसी तरह रसायन भी आयुर्वेद के चमत्कार हैं जो दीर्घायु, स्मृति, बुद्धिमत्ता, बीमारी से लड़ने की क्षमता, शरीर की चमक, रंग और आवाज, शक्ति, वाणी, आदि तमाम लाभ प्रदान करते हैं। रसायन शरीर की कोशिकाएं और ऊतकों को उत्कृष्ट स्थिति में रखते हैं। रसायन आज तक ज्ञात सर्वोत्तम और सुरक्षित एंटीऑक्सीडेंट हैं।

हृदय की रक्षा कीजिये, क्योंकि प्राणों की रक्षा हृदय की रक्षा के बिना संभव नहीं है। यहाँ तक किसी को दिल देने के लिये भी दिल का स्वस्थ होना जरूरी है। आयुर्वेद की मदद से दिल को स्वस्थ रखिये। इस पर अगले सप्ताह चर्चा को आगे बढ़ायेंगे।

**-अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( इंडियन फारेस्ट सर्विस में वरिष्ठ अधिकारी )**

**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं। )**

# "भारत-पाक युद्ध" की वर्षगांठ विजय दिवस के रूप में मनाई

- 1971 के भारत-पाक युद्ध के शहीदों को दी श्रद्धांजलि, कोणार्क विजय रन का आयोजन
- यह दौड़ देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सैनिकों की वीरता और बलिदान को श्रद्धांजलि देने का प्रतीक थी



कोणार्क कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा ने कोणार्क विजय रन को हरी झंडी दिखाई।

**जैसलमेर/जोधपुर,** (कासं)। वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध में जीत की वर्षगांठ शनिवार को सभी सैन्य स्टेशनों पर विजय दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान 1971 के भारत-पाक युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस आयोजन का उद्देश्य सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ ही लोगों में गर्व की भावना पैदा करना और पूर्व सैनिकों के साथ एकजुटता का संदेश फैलाना था।

1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारतीय सशस्त्र बलों की जीत के उपलक्ष्य में आज विजय दिवस मनाया गया। इस दौरान सभी सैन्य स्टेशनों के साथ ही अन्य स्थानों पर भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुए। इसमें 1971 के भारत-पाक युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान कोणार्क कोर ने जोधपुर सैन्य स्टेशन पर कोणार्क विजय रन का आयोजन किया गया। यह दौड़ देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सैनिकों की वीरता और बलिदान को श्रद्धांजलि देने का प्रतीक थी। दौड़ को तीन श्रेणियों में आयोजित किया गया था, जिसमें सैनिकों, परिवारों, बच्चों और दिग्गजों को शामिल किया गया ताकि सैनिकों के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त की जा सके। इसको कोणार्क कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कोणार्क विजय दौड़ ने सैनिकों के साथ दौड़, सैनिकों के लिए दौड़ की भावना को मूर्त रूप दिया।

आर्टिलरी रेजिमेंट के द्विशताब्दी समारोह के कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में, मुख्यालय 12 कोर के तत्वावधान में कोणार्क गनर्स द्वारा शनिवार 16 दिसंबर को लोंगेवाला में एक साइकिलिंग अभियान को फ्लैग-इन किया गया।

जन संपर्क अधिकारी (रक्षा) कर्नल अमिताभ शर्मा द्वारा मिली जानकारी के अनुसार 14 दिवसीय अभियान तीन दिसंबर को गुजरात के विगोकोट किले से शुरू हुआ और सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद, इसे 16 दिसंबर को लोंगेवाला युद्ध स्मारक पर मेजर जनरल पुनित मेहता, जीओसी जोधपुर सब एरिया और आर्टिलरी रेजिमेंट के कर्नल कमांडेंट रेजिमेंट द्वारा हरी झंडी दिखाई गई।

इस अभियान ने गुजरात और राजस्थान के 67 सीमावर्ती गांवों से होकर 1200 किलोमीटर की दूरी तय की और इस प्रकार सीमावर्ती गांवों के युवाओं में रोमांच की भावना को बढ़ावा दिया और अग्निपथ योजना के बारे में जागरूकता फैलाई। अभियान में अधिकारियों, जेसीओ और पीबीओआर सहित कुल 42 प्रतिभागियों ने भाग लिया। रैली में भाग लेने वालों ने पूर्व सैनिकों को उनके अधिकारों से संबंधित पर्चे भी वितरित किए और विभिन्न स्थानों पर उनका अभिनंदन करके वीर नारियों को उनके बलिदान के लिए धन्यवाद दिया। वहीं अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वावधान में विजयोत्सव पर रेजिडेंसी रोड गौरव पथ स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में प्रांत अध्यक्ष मेजर जनरल नरपत सिंह राजपुरोहित, प्रांत मंत्री फ्लाइंग ऑफिसर नारायणसिंह जोधा, जोधपुर इकाई अध्यक्ष कैप्टन जसवंतसिंह राठौड़ और सचिव लाल सिंह पंवार सहित कई पूर्व और सेवारत सैनिकों के साथ कई लोग शरीक हुए। उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी शहादत को नमन किया।

# उत्तर-पश्चिम रेलवे को "गोविन्द वल्लभ पंत शील्ड" प्रदान की

- सुरक्षा शील्ड और सम्पूर्ण कार्यकुशलता के लिए शील्ड प्रदान की
- उत्तर-पश्चिम रेलवे के सात रेलकर्मियों को भी व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया



नई दिल्ली में सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अमिताभ, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे को गोविन्द वल्लभ पंत शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

**जोधपुर,** (कासं)। रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित 68वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (राष्ट्रीय) समारोह 2023 में उत्तर- पश्चिम रेलवे को उत्कृष्ट कार्य के लिए उत्तर-पश्चिम रेलवे को सुरक्षा शील्ड और सम्पूर्ण कार्यकुशलता के लिए गोविन्द वल्लभ पंत शील्ड प्रदान की।

अमिताभ, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे को सुरक्षा शील्ड और सम्पूर्ण कार्यकुशलता के लिए गोविन्द वल्लभ पंत शील्ड (उत्तर रेलवे के साथ संयुक्त रूप से) प्रदान प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही उत्तर पश्चिम रेलवे के सात रेलकर्मियों को भी व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित 68वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (राष्ट्रीय) समारोह 2023 में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्पूर्ण कार्यकुशलता गोविन्द वल्लभ पंत शील्ड उत्तर रेलवे के साथ संयुक्त रूप से प्रदान की गई जिसे अमिताभ, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे व गौतम अरोरा, अपर महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे ने ग्रहण की। उल्लेखनीय है कि सम्पर्ण कार्यकुशलता के लिए प्रदान की जाने वाली गोविन्द वल्लभ पंत शील्ड उत्तर पश्चिम रेलवे को पहली बार मिल रही है।

इस अवसर पर अश्विनी वैष्णव ने सात रेलकर्मियों सुनील कुमार, ट्रेक मैन्टेनर, मन्नुलाल मीना, फीटर, सुरेश चंद जांगिड, टेक्नीशियन, स्वाति जैन, उप मुख्य बिजली इंजीनियर, विजय सिंह, वरि. मण्डल परिचालन प्रबंधक, ललित कुमार, वरि. मण्डल सिग्नल एंव दूरसंचार इंजीनियर तथा प्रमोद कुमार भाखल, उप मुख्य इंजीनियर को भी उत्कृष्ट कार्य के लिये व्यक्तिगत पुरस्कार से सम्मानित किया।

# आवक बढ़ी तो 30 फीसदी तक कम हुए सब्जियों के भाव

- सर्दियों का सीजन शुरू होने के साथ ही हरी सब्जियों की आवक में इजाफा
- आने वाले समय में सब्जियों के भाव और भी कम हो सकते हैं

**बीकानेर,** (निसं)। सर्दियों का सीजन शुरू होने के साथ ही हरी सब्जियों की आवक में इजाफा हो रहा है। इसके कारण सब्जियों के दामों में कमी आई है। आने वाले समय में सब्जियों के भाव और भी कम हो सकते हैं।

कुछ दिन पहले तक बाजार में महंगी बिकने वाली सब्जियों के दामों अब कम होने शुरू हो गए हैं, जो सब्जियां 15 दिन पहले तक 60 से 70 रुपए तक बिक रही रही थीं, वहीं सब्जियां अब 35 से 40 रुपए प्रति किलो तक आ गई है। सब्जी विक्रेताओं के अनुसार, सर्दियों का सीजन शुरू होने के साथ ही हरी सब्जियों की आवक में इजाफा हो रहा है। इसके कारण सब्जियों के दामों में कमी आई है। आने वाले समय में सब्जियों के भाव और भी कम हो सकते हैं। उसका कारण सब्जियों की मंडी में अच्छी आवक होना है। बाहरी सब्जियों के अलावा शहर के लोकल फार्म हाउस से भी सब्जियों की आवक होने से ग्राहकों को फायदा हो रहा है। मांग साधारण और आवक में बढ़ोतरी के चलते सब्जियों के भावों में 25 से 30 फीसदी तक की गिरावट देखने को मिल रही है।

बाजार में अलग-अलग जगहों से सब्जियां आ रही हैं। बाहर से आने वाली सब्जियों में आगरा और अमृतसर से आलू, गुवाहाटी से हल्दी, पंजाब से मटर, फलौदी और श्रीगंगानगर से गाजर तथा करेला व भिंडी गुजरात से आ रही है। वही पहले नासिक से आने वाला टमाटर अब गुजरात से भी बीकानेर आ रहा है। इसके अलावा मूली, बथुआ, सरसों और मेथी सहित अन्य सब्जियां आसपास स्थित लोकल फार्म हाउस से आ रही हैं।

आज से करीब 15 दिन पहले तक सब्जियों के दाम आसमान छू रहे थे। लेकिन अब दाम कम होने के साथ ही फिर से थाली में हरी सब्जियां लौट आई। सबसे ज्यादा टमाटर के भावों में कमी हुई है। जो टमाटर 15 दिन पहले 70 से 80 रुपए प्रति किलो थे, वे अब 30 से 40 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। वहीं प्याज के दाम भी 60 रुपए प्रति किलो से 35 से 40 रुपए प्रति किलो हो गए हैं।

संजय रूपेला, सब्जी व्यापारी बीकानेर का कहना है कि सब्जियों की आवक में बढ़ोतरी हो रही है। पहले के मुकाबले सब्जियों की सप्लाई भी पूरी हो रही है। जिसके कारण सब्जियों के दामों में कमी आ रही है। उम्मीद है आने वाले 15 से 20 दिनों में मटर, गोभी, टमाटर व गाजर के के भाव ओर कम होंगे।

## राशिफल रविवार 17 दिसम्बर, 2023


पंडित अनिल शर्मा

मार्गशीर्ष मास, शुक्ल पक्ष, पंचमी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2080, धनिष्ठा नक्षत्र रात्रि 4:37 तक, हर्षण योग रात्रि 12:35 तक, बालव करण सांय 5:34 तक, चन्द्रमा दिन 3:45 से कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-मकर, मंगल-वृश्चिक, बुध-धनु, गुरू-मेष, शुक्र-तुला, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।


रवियोग रात्रि 2:54 से आरम्भ होगा। आज श्री राम जानकी विवाह है। पंचक दिन 3:45 से आरम्भ होंगे। नाग पंचमी (द.भारत)।


**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 8:31 से 9:48 तक, लाभ-अमृत 9:48 से 12:23 तक, शुभ 1:40 से 2:57 तक।


**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 7:13, सूर्यास्त 5:32

### मेष

अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।


### वृष

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।


### मिथुन

अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।


### कर्क

परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

### सिंह

स्वास्थ्य में में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।


### कन्या

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार सम्पन्न होगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।


### तुला

घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।


### वृश्चिक

परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### धनु

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

### मकर

अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। मनःस्थिति में सुधार होगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### कुंभ

घर-परिवार के खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। पारिवारिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। आज समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### मीन

आर्थिक/वित्तिय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आवश्यक कार्य योजनानुसार सम्पन्न होंगे।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 136 प्रभात जयपुर, रविवार 17 दिसम्बर, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत
Metro
Rashtradoot



**MGD @ 80 And Going Strong**

"My varied *MGD* peer network has not just given me an advantage in securing high-profile projects but also given me the privilege of being comfortable at any table, in any room."

**Important Tips For Healthy Locks**

Tweak your hair care routine to suit the changing temperatures

# जल्दी ही सामने आएगी पेपर लीक कांड की सच्चाई

## नए मुख्यमंत्री भजन लाल ने पेपर लीक की जांच के लिए एस.आई.टी. गठित करने की घोषणा कर दी

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 दिसम्बर। भजन लाल शर्मा कल दिल्ली आकर प्रधानमंत्री व अन्य नेताओं से मिलकर अपने मंत्रिमण्डल विस्तार की रूपरेखा पर चर्चा करेंगे, उससे पहले ही राजस्थान के इस नए मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि पेपर लीक प्रकरण की जांच के लिए एक स्पेशल इन्वैस्टिगेशन टीम (एस.आई.टी.) के गठन की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि लाखों छात्र और उनके परिवार "पेपर लीक" से प्रभावित हो चुके हैं।

- मुख्यमंत्री भजन लाल रविवार को दिल्ली पहुंच रहे हैं, जहां वे प्रधानमंत्री व अन्य नेताओं से मिलेंगे।
- चर्चा है कि, मुख्यमंत्री दिल्ली से लौटने के बाद पेपर लीक की जांच के लिए एस.आई.टी. गठित कर देंगे।
- ज्ञातव्य है कि, सचिन पायलट ने भी गहलोत के कार्यकाल में यह मुद्दा उठाकर एस.आई.टी. गठित करने की मांग की थी।
- गहलोत ने मुख्यमंत्री रहते पेपर लीक पर एस.आई.टी. गठन की मांग को नहीं माना था, पर अब यह मांग पूरी होने जा रही है और गहलोत विवश हैं।
- सूत्रों का कहना है कि, भजन लाल नए मंत्रियों के चयन के बारे में भी भाजपा आलाकमान से चर्चा करेंगे।

गहलोत सरकार के लिए यह एक बड़ा मुद्दा था और इस प्रकरण को लेकर बड़ी संख्या में लोग कांग्रेस से खफा थे।

स्मरण रहे कि सचिन पायलट ने गहलोत और उनकी सरकार के खिलाफ जो बड़ा मुद्दा उठाया, वह पेपर लीक काण्ड था और उसको लेकर उन्होंने एस.आई.टी. के गठन की मांग की थी।

पेपर लीक केस में गहलोत सरकार के कुछ बड़े नाम शामिल बताए जाते थे, लेकिन इसके बावजूद गहलोत ने इस दिशा में कुछ नहीं किया था।

चूंकि, गहलोत सरकार के कई घोटालों की जांच होनी है, इसलिए बहुत से मामलों के सार्वजनिक होने की संभावना है।

भजन लाल शर्मा अभी शासन और सरकार की संभावना से अनभिज्ञ है। वह वास्तव में किस रूप में समक्ष है, इसका निर्णय आने वाले दिनों में उनकी कार्रवाइयों और विचारों से निकाला जाएगा। किसी सरकार में किसी पद पर रहने की बात तो छोड़िए, वह तो इससे पहले कभी विधायक भी नहीं बने थे, लेकिन वास्तविकता यह है कि उन्होंने पेपर लीक जैसे एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर गौर किया है, जिससे पता चलता है कि उनकी प्राथमिकताएं क्या होंगी।

## मु.मंत्री भजन लाल राज्यपाल से मिले

जयपुर, 16 दिसंबर (का.सं.)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शनिवार को राजभवन पहुंचे और राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की। मुख्यमंत्री बनने के बाद राज्यपाल से उनकी यह पहली मुलाकात थी, इसे शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है।

- इसे शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है, पदभार ग्रहण के बाद मु.मंत्री की राज्यपाल कलराज मिश्र से यह पहली मुलाकात है।

राज्यपाल मिश्र ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को बधाई और शुभकामनाएं दी तथा उम्मीद जताई कि उनके कुशल नेतृत्व में राजस्थान तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ेगा।

## राघव चड्डा राज्यसभा में आप के नेता

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 दिसम्बर। आम आदमी पार्टी (आप) ने राज्यसभा के सभापति को शनिवार को एक पत्र लिखकर बताया कि पंजाब के 35 वर्षीय सांसद राघव चड्डा पार्टी के

- 35 वर्षीय राघव चड्डा पंजाब से राज्यसभा सदस्य हैं। उन्हें संजय सिंह की जगह यह पद दिया गया है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 18 से 28 दिसम्बर तक कांग्रेस "डोनेट फॉर देश" मुहिम संचालित करेगी

## यह एक "क्राउड फंडिंग" मुहिम है, जिसमें शुभचिंतकों से देश को बेहतर बनाने की कांग्रेस मुहिम में योगदान मांगा जाएगा

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 दिसम्बर। फण्ड्स की तंगी से जूझ रही कांग्रेस एक अनूठी पहल के तहत "काउडफंडिंग" के लिए 18 दिसम्बर, सोमवार से एक महाअभियान शुरु कर रही है। पर महाअभियान, बेहद जरुरी वित्तीय संसाधनों के अलावा पार्टी कार्यकर्ताओं और आमजन के बीच वार्तालाप की दूरी पाटने का एक शानदार अवसर होगा।

- कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि, यह अभियान महात्मा गांधी द्वारा 1920 को शुरू किए गए "तिलक स्वराज फंड" से प्रेरित है और इसका लक्ष्य भारत को समान अवसरों व संसाधनों के समान वितरण वाला देश बनाना है।
- वेणुगोपाल ने कहा कि, कांग्रेस के 138 वर्ष पूरे हो चुके हैं और इसकी स्मृति में कांग्रेस अपने शुभचिंतकों से उनकी श्रृद्धानुसार 138 रू. या 13,800 रू. या उससे अधिक अनुदान मांग रही है।
- इस मुहिम में सभी प्रदेश अध्यक्षों को जोड़ा गया है, वे प्रैस कॉन्फ्रेंस व डिजीटल अभियान के जरिए जनता को इस अभियान की जानकारी देंगे।
- चर्चा यह भी है कि, कांग्रेस फंड की भारी कमी से जूझ रही है, उसके पास चुनाव लड़ने के लिए भी पर्याप्त फंड नहीं है।

विशेष रूप से आयोजित एक प्रैस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि यह पहल वास्तव में, वर्ष 1920-21 में हुई हमारे महान महात्मा गांधी जी के ऐतिहासिक "तिलक स्वराज फण्ड" से प्रेरित है और इसका उद्देश्य वितरण एवं अवसरों के समान संसाधनों को लेकर समृद्ध भारत के निर्माण के लिए हमारी पार्टी को सशक्त करना है।

उन्होंन कहा कि "डोनेट फॉर देश" नामक इस अभियान की शुरुआत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अगले सप्ताह करेंगे। पहला चरण भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 138 सालों को समर्पित होगा और इस चरण में अभियान का नाम "डोनेट फॉर बेहतर भारत" होगा।

वेणुगोपाल ने मीडिया से कहा कि 138 का अंक बेहतर भारत के निर्माण के लिए पार्टी की सतत प्रतिबद्धता का प्रतीक है और "हमारे इतिहास को आत्मसात करते हुए, हम हमारे समर्थकों को आमंत्रण देते हैं कि वे 138 रूपयों की कई गुणा, जैसे कि 1 हजार 380, 13 हजार 800 या उससे अधिक रूपए डोनेट करें।"

वेणुगोपाल ने बताया कि ऑनलाइन "काउडफंडिंग" के लिए donateinc.in और पार्टी की आधिकारिक वैबसाइट www.inc.in के दो चैनल बनाए गए हैं।

महासचिव ने बताया कि पार्टी ने कांग्रेस के सभी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों और डिज़िटल कैम्पेन्स के जरिए जागरूकता पैदा करें। उन्होंने कहा कि अभियान पार्टी के स्थापना दिवस 28 दिसम्बर तक मुख्यतः ऑनलाइन रहेगी। उसके बाद हम डोर-टू-डोर सहित ज़मीनी अभियान चलाएंगे, जिसमें कांग्रेस के कार्यकर्ता देश के प्रत्येक बूथ पर कम से कम दस घरों का दौरा करेंगे। प्रत्येक घर से कम से कम 138 रूपयों का डोनेशन होगा।

वेणुगोपाल ने बताया कि अभियान को और अधिक सफल बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों से कहा गया है

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 दिसम्बर। कांग्रेस ने शनिवार को घोषणा की कि भारत जोड़ो यात्रा का द्वितीय चरण पूर्वोत्तर राज्यों से गुजरात तक जनवरी के दूसरे सप्ताह में शुरु होगा।

इस बार पैदल चलने की बजाय बसों का उपयोग किया जाएगा। गांवों और शहरों में नुक्कड़ सभाएं की जाएंगी

- भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण जनवरी के दूसरे सप्ताह में शुरू होगा। यह यात्रा पूर्वोत्तर राज्यों से शुरू होकर गुजरात पहुंचेगी।

और रैलियों का आयोजन किया जाएगा। राहुल गांधी भाजपा पर हमला बोलेंगे तथा वर्ष 2024 में भाजपा का मुकाबला करने को लेकर यात्रा का दूसरा चरण कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण होगा।

राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अहमदाबाद में एक मीटिंग की, जिसमें उन्होंने कहा कि गुजरात में भाजपा सरकार का कुशासन जारी रहने की वजह से वहां के मुद्दे अनसुलझे ही बने हुए हैं। ये मुद्दे हैं- बेरोज़गारी, महंगाई, आर्थिक असमानता, दलितों एवं आदिवासियों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तेलंगाना की राज्यपाल टी. सौंदरराजन के भाषण से क्रोधित है बी.आर.एस.

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 दिसम्बर। तेलंगाना की नवनिर्वाचित राज्य विधानसभा का सत्र शुक्रवार को शुरू हुआ इसमें राज्य की राज्यपाल तमिलीसाई सौंदरराजन ने अपने उद्घाटन भाषण में संबोधित करते हुए पिछली के.सी.आर. सरकार के खिलाफ कटु आलोचनात्मक टिप्पणी कर दी जिसकी वजह से विपक्ष काफी आक्रोशित है। राज्यपाल ने अपने संबोधन में जनता की प्रशंसा करते हुए कहा कि, तेलंगाना की जनता ने पिछली सरकार बदलकर अपने आपको निरंकुश शासन से मुक्त कर लिया है" इस वजह एक नया विवाद खड़ा हो गया है इससे यह पता चलता है कि राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव दोनों के संबंधों में कितनी तीव्र कटुता थी।

- राज्यपाल तमिलसाई सौंदरराजन ने विधानसभा के उद्घाटन भाषण में कहा था कि, राज्य की जनता को बधाई, उन्होंने खुद को दस साल के दमनकारी शासन से मुक्त किया।
- सत्ता से बेदखल बी.आर.एस. ने टिप्पणी पर आपत्ति जताई और कहा कि, लगता है राज्यपाल कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र पढ़ रही थीं।
- तेलंगाना की राज्यपाल टी. सौंदरराजन के पूर्व सरकार से संबंध कभी भी सहज नहीं रहे, उनकी इस टिप्पणी को इसी पृष्ठभूमि में देखा जा रहा है।

तेलंगाना विधानसभा एवं विधान परिसर के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए सौंदरराजन ने यह कहा कि जनता ने दस साल के दमनपूर्ण शासन से अपने आपको आज़ाद करने के लिए साफ सुथरा जनादेश दिया है, यही वह बयान है जिसने भारतीय राष्ट्र समिति को आगबबूला कर दिया क्योंकि बी.आर.एस. जब से राज्य का गठन हुआ शासन कर रही थी।

पूर्व मंत्री एस. निरंजन रेड्डी ने कहा कि वास्तव में राज्यपाल का भाषण बी.आर.एस. की सरकार के तथाकथित आपेक्ष वाले गलत कार्यों पर ही केन्द्रित था एवं बी.आर.एस. के विधायक कदियम श्रीहरि ने आगे कहा कि राज्यपाल का संबोधन ऐसा प्रतीत हुआ मानो वे कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र पढ़ रहे हों।

राज्यपाल ने पिछले दस वर्षों में राज्य में हुए विकास पर पर्दा डालने का विकल्प संबोधन में विकल्प चुना और आरोप लगाते हुए राज्य की एक तस्वीर पेश करने की कोशिश की मानो राज्य पिछड़ेपन की स्थिति में चल रहा हो। तेलंगाना राज्य ने कई मामलों में अपनी विशेष उपलब्धियों के लिए केन्द्र सरकार के पुरस्कार विजेता रूप में प्राप्त किए हैं और अभी हाल ही में देश के अन्न उत्पादन भण्डार एवं सूचना प्रौद्योगिकी के निर्यात में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है, क्या यह बी.आर.एस. के नेताओं के लिए विलाप की बात है। पूर्व मंत्री ने तमिलीसाई की टिप्पणी पर अपनी सख्त आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा कि एक राज्यपाल विधानसभा ऐसे कैसे झूठ बोल सकता है।

पूर्व मंत्री श्रीहरि ने कहा कि "यह कहना अनुचित है कि तेलंगाना के लोगों ने अपने को 10 वर्षों के दमन के शासन से मुक्त कर लिया।" बल्कि पूर्व मंत्री ने याद दिलाया कि इसके विपरीत हुआ यह है कि तेलंगाना ने वर्ष 2014 में केन्द्र सरकार पर दबाव डालकर राज्य का दर्जा प्राप्त करके अपने को दमन से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राजनैतिक चर्चा का केन्द्र बना ललित झा आखिर कौन है?

## क्या वो षड़यंत्रकारी, राजद्रोही है या बेरोजगारी की हताशा से जूझता एक आम शिक्षित युवक

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 दिसम्बर। संसद भवन की सुरक्षा में हुई चूक के मामले में मास्टरमांइड माने जा रहे ललित झा को एक साधारण पढ़ा-लिखा युवा बताया गया है। उसमें यदि कोई विलक्षण बात है तो वह है उनके पास किसी स्थायी रोज़गार का ना होना।

ललित झा कोलकाता के भीड़-भाड़ वाले बड़ा बाज़ार क्षेत्र का निवासी है और उनके पिता एक स्थानीय मंदिर में पुजारी हैं। इस क्षेत्र के निवासियों ने टी.वी. पर उसकी तस्वीरें देखकर उसे तुरन्त ही पहचान लिया। उसे पहचानने वाले किसी भी शख्स ने इसमें बुराई का कोई पिछलता वाकिया नहीं बताया।

कोलकाता से संबंध होने और झा के वहां का निवासी होने के कारण संसद की सुरक्षा में हुई चूक के इस मामले को लेकर बंगाल पहले ही राजनीतिक रंग में रंग चुका है। ऐसे आरोप हैं कि बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टी.एम.सी.) के साथ झा के संबंध थे और वह टी.एम.सी. के उच्च पदाधिकारियों के सम्पर्क में था।

- कोलकाता के बड़ा बाजार में रहने वाले ललित झा का परिवार इतना गरीब है कि, टी.वी. भी नहीं खरीद सकता।
- ललित के पिता मंदिर में पुजारी हैं। वे कहते हैं ललित पढ़ने में अच्छा रहा है पर उसे काम नहीं मिला।
- ललित के पड़ौसियों के अनुसार वह भला आदमी है मौहल्ले के बच्चों को मुफ्त में या बहुत कम पैसे लेकर पढ़ाता है।
- लेकिन बंगाल का होने की वजह से कुछ लोग उसे तृणमूल का करीबी बता रहे हैं, उनका आरोप है कि यह सब उसने तृणमूल कांग्रेस के कहने पर किया है।
- उससे फिलहाल पूछताछ की जा रही है, पर इन तमाम मुद्दों में एक जरूरी बात यह है कि, उसे बेरोजगारी ने यहां पहुंचाया है और आवश्यकता है कि बेरोजगारी पर गंभीर मंथन किया जाए।

लेकिन, झा और उनके परिवार की पृष्ठभूमि को लेकर मिली जानकारी के बाद इसमें कोई संदेह नहीं है कि ये लोग आतंक और कुख्यात गतिविधियों से कोसो दूर हैं। इसके बजाए यह विचार प्रस्तुत किए जा रहे हैं कि किन्हीं राजनेताओं ने शायद इनकी युवावस्था का अनुचित लाभ लिया हो।

उसके पिता ने पुष्टि की कि ललित झा एक गंभीर छात्र रहा है तथा पढ़ाई में उसका प्रदर्शन भी अच्छा रहा। यहां तक कि उसने गरीबी उन्मूलन या आदिवासी उत्थान को लेकर कोलकाता में कुछ विचारोंत्तेजक सत्र अटैंड़ किए और कुछ एन.जी.ओ.के साथ भी कुछ काम किया।


उसके क्षेत्र में लम्बे समय से निवासरत एक व्यक्ति ने उसे एक "भला शिक्षक" बताया। भले शिक्षक ने ऐसे शिक्षित युवा होते हैं जो दुनिया में सर्वत्र पाए जाते हैं और अपने मौहल्ले के छात्रों को पढ़ाने की एवज़ नाम मात्र की फीस लेते हैं। झा की मां ने जब अपने बेटे को निर्दोष बताया तो कोई आश्चर्य नहीं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# सचिन पायलट समर्थक अभिमन्यु पूनिया बने युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष

**जयपुर।** अभिमन्यु पूनिया को राजस्थान यूथ कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया है। सुधींद्र मूंड और यशवीर सूरा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास ने नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। पूनिया संगरिया से इस बार विधानसभा चुनाव जीतकर विधायक बन गए हैं। राजस्थान की राजनीति में अभिमन्यु पूनिया को सचिन पायलट समर्थक माना जाता है। पायलट ने जब 2020 में बगावत की थी, तो इन्होंने भी एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।



अभिमन्यु पूनिया

विधानसभा चुनाव 2023 में पूनिया को कांग्रेस का टिकट दिलाने में सचिन पायलट की अहम भूमिका रही थी।

13 मई 2023 को पूनिया को सबसे ज्यादा वोट मिले थे। इसके बाद साक्षात्कार से पूनिया को अध्यक्ष बनाया गया है। राजस्थान युवा कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में अभिमन्यु पूनिया को सर्वाधिक वोट मिले हैं। पुनिया को 2 लाख 3 हजार 79 वोट मिले हैं। दूसरे नंबर पर सुधींद्र मूंड हैं जिन्हें 1 लाख 97 हजार 385 वोट मिले हैं और तीसरे स्थान पर यशवीर सूरा हैं जिन्हें 1 लाख 59 हजार 640 वोट मिले हैं। इसके बावजूद भी राजस्थान युवा कांग्रेस का अध्यक्ष कौन होगा, इसका फैसला साक्षात्कार के जरिए होगा। अध्यक्ष पद के चुनाव में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले प्रत्याशियों को साक्षात्कार के लिए जल्द ही दिल्ली बुलाया गया, जहां पर पार्टी के शीर्ष नेताओ ने उनका साक्षात्कार लिया।

अब साक्षात्कार के बाद ही राजस्थान युवा कांग्रेस को नए अध्यक्ष मिला है। हालांकि पूर्व में हुए चुनावों के दौरान सर्वाधिक वोट लेने वाली प्रत्याशी को युवा कांग्रेस का अध्यक्ष निर्वाचित किया जाता रहा है, लेकिन इस बार सर्वाधिक वोट लेने वाले प्रत्याशियों को साक्षात्कार की प्रक्रिया से भी गुजरना पड़ा। राजस्थान युवा कांग्रेस के चुनाव में एससी-एसटी, ओबीसी, माइनॉरिटी और महिला को भी प्राथमिकता दी गई है।

- **पायलट ने जब 2020 में बगावत की थी, तो इन्होंने भी एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था**
- **सुधींद्र मूंड और यशवीर शूरा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया**

# विजय दिवस पर मनाया गया प्रहार दिवस

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से शनिवार को विजय दिवस को प्रहार दिवस के रुप में मनाया गया। शाखाओं पर दंड प्रहार का अभ्यास किया गया। आज के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रत्येक शाखा पर स्वयंसेवकों के द्वारा अधिक से अधिक प्रहार का अभ्यास कर अपनी शारीरिक क्षमता एवं दक्षता का प्रदर्शन किया जाता हैं। इस दिन पूरे देश में संघ की सभी शाखाओं पर स्वयंसेवक दंड का प्रहार करते हैं। 50 से ऊपर प्रहार करने वाले स्वयंसेवकों को संघ की ओर से प्रोत्साहित किया जाता है।

उल्लेखनीय हैं कि,16 दिसंबर 1971 को जब पाकिस्तान के लेफ्टिनेंट जनरल नियाजी ने भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के सामने आकर आत्मसमर्पण के पत्र पर हस्ताक्षर किया तो यह युद्ध न केवल भारत बल्कि विश्व के सैनिक इतिहास का एक अविस्मरणीय युद्ध माना गया। इस युद्ध में कई भारतीय सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए। उन्हीं के सम्मान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 2011 से 16 दिसंबर को विजय दिवस के इस पवित्र दिन को प्रहार दिवस के रूप में मनाता आ रहा है। प्रहार दिवस का मुख्य उद्देश्य युवाओं को संगठित, दृढ़ निश्चयी, शक्ति संपन्न एवं पुरुषार्थी बनाना है। संघ के बाल, तरुण, शिशु एवं प्रौढ़ स्वयंसेवक इस महायज्ञ में प्रहार लगाकर अपनी आहुति देते हैं और वीरगति को प्राप्त हुए वीर सैनिकों को प्रणाम करते हैं।

# राष्ट्रदूत के वरिष्ठ कर्मचारी नारायणदास टेवानी का निधन

**जयपुर ।** राष्ट्रदूत के वरिष्ठ कर्मचारी नारायणदास टेवानी का 15 दिसंबर को निधन हो गया। वे करीब 85 वर्ष के थे। मिलनसार और काम के प्रति दृढ़ संकल्पित होकर उन्होंने राष्ट्रदूत की विज्ञापन शाखा में करीब 60 वर्ष तक सेवाएं दी। शनिवार को टोंक फाटक स्थित मधुवन श्मशान घाट पर गमगीन माहौल के बीच उनका अंतिम संस्कार किया गया। जहां उनके बड़े बेटे डॉ. के.आर.टेवानी ने उन्हें मुखाग्नि दी। उनकी तीये की बैठक 18 दिसंबर को शाम 4 बजे जनाना-मर्दाना शिव पार्क, बसंत बहार कॉलोनी में होगी। स्व. नारायणदास टेवानी अपने पीछे धर्मपत्नी जमना देवी, पुत्र डॉ. के.आर.टेवानी, पुत्रवधु, दीपा व अनिता, पुत्री भावना, पौत्री कविता व हर्षिता, दामाद राजकुमार व आकाश, पौत्र मनीष व पौत्रवधु जैनिफर समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए है।



# लड़ाईयां तो सबने लड़ीं किंतु सगत सिंह का विश्व में हैं बड़ा नाम : कर्नल रणविजय सिंह

- **विजय दिवस पर मनसंचार व यूथ पल्स की ओर से कार्यक्रम आयोजित**

**जयपुर।** नॉर्थ कोरिया और साउथ कोरिया को बनने में जहां वर्षों लग गए, वहीं बांग्लादेश मात्र तेरह दिनों में बनाकर सगत सिंह ने विश्व इतिहास बना डाला। सेवानिवृत्त कर्नल रणविजय सिंह शनिवार को विजय दिवस के अवसर पर झारखंड महादेव मोड स्थित सगत सिंह चौक में मनसंचार व यूथ पल्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि लेफ्टिनेन्ट जनरल सगत सिंह परम विशिष्ट सेवा मेडल प्राप्त भारतीय सेना के तीन-सितारा रैंक वाले जनरल थे। जिन्होंने गोवा मुक्ति संग्राम और बांग्लादेश मुक्ति युद्ध में अपनी विशिष्ट भूमिका निभाई। जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

उन्होंने अपने पिता सगत सिंह को याद करते हुए उनकी उपलब्धियों के बारे में बताया कि 1938 में उन्होंने बीकानेर रियासत की सेना की नौकरी की तथा कुछ समय ईरान में रहे। 1941 में सिंध में अपनी सेवाएं दी। 1945 में उन्हें ब्रिगेड मेजर बनाया गया। स्वतंत्रता के बाद जब बीकानेर का भारत में विलय हुआ, तब उनके पिता सगत सिंह भारतीय फ़ौज से जुड़ गए।

1950 में उन्हें गोरखा रेजीमेंट में कमीशन किया गया। 1960 तक वो 50वीं पैराशूट ब्रिगेड के कमांडर बन गए। ये भी बड़ी बात है कि ब्रिगेड तब भारतीय सेना की इकलौती पैराशूट ब्रिगेड हुआ करती थी।

रणविजय सिंह ने 1967 के नाथुला दर्रे की रक्षा का वर्णन करते हुए बताया कि सगत सिंह ने चीन को मुंह तोड़ जवाब दिया था। 1971 में पाकिस्तानी फ़ौज के सरेंडर की जो तस्वीर प्रसिद्ध है, उसमें भी जनरल नियाज़ी के पीछे खड़े दिखते हैं।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर लज्जाराम ने कहा कि लड़ाईयां तो सबने लड़ीं हैं, परंतु संगत सिंह का विश्व में जो नाम है वैसा किसी का नहीं है। सेवानिवृत्त कैप्टन अभिषेक सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि देश में सगत सिंह का योगदान अविस्मरणीय है। इस अवसर पर कर्नल रणविजय की बेटियां मेघना और संयोगिता भी उपस्थित रहीं।

## दो आर.ए.एस. बने उपमुख्यमंत्रियों के विशिष्ठ सहायक

**जयपुर,** (का.सं.)। राज्य सरकार ने आज एक आदेश जारी कर राजस्थान प्रशासनिक अधिरियों (आरएएस) को उपमुख्यमंत्रियों का विशिष्ठ सहायक बनाया है। गोपाल सिंह को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का व सावन कुमार चायल को उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा का विशिष्ठ सहायक बनाया है।

# उपमुख्यमंत्रियों की नियुक्ति को हाईकोर्ट में चुनौती दी

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट में शनिवार को जनहित याचिका दायर कर प्रदेश के डिप्टी सीएम पद पर दीया कुमारी व प्रेम चन्द बैरवा की नियुक्ति व शपथ लेने को चुनौती दी गई है। जनहित याचिका पर हाईकोर्ट की खंडपीठ आगामी दिनों में सुनवाई करेगी। अधिवक्ता ओमप्रकाश सोलंकी ओर से दायर इस जनहित याचिका में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, डिप्टी सीएम दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को पक्षकार बनाया गया है।

जनहित याचिका में कहा गया कि भारतीय संविधान में डिप्टी सीएम का कोई पद नहीं है और ना ही इस पद पर नियुक्ति का ही कोई प्रावधान है। संविधान के आर्टिकल 163 व 164 के तहत सीएम की अनुशंसा पर ही गवर्नर मंत्रिपरिषद की नियुक्ति करते हैं। इसके अलावा आर्टिकल 163 के तहत ही शपथ ली जाती है और उसमें गवर्नर मुख्यमंत्री व उनके मंत्रियों को शपथ दिलाते हैं। इसके बावजूद भी गत शुक्रवार को दिया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा ने खुद को डिप्टी सीएम बताते हुए शपथ ली है। जबकि संविधान में केवल मंत्री पद की शपथ ही ली जा सकती है।

# राजस्थान में एक सप्ताह के भीतर दस्तक देगी शीतलहर

- **प्रदेश में आज से न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री गिरावट की संभावना**
- **मौसम विभाग का अनुमान है कि प्रदेश में 23-24 दिसंबर को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है, जिससे प्रदेश के कई जिलों में बारिश भी हो सकती है।**

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान के अधिकतर जिलों में अब कड़ाके की ठंड शुरू होने वाली है। दिसम्बर का दूसरा सप्ताह खत्म हो गया है, लेकिन अगले एक सप्ताह में राज्य में शीतलहर का दौर शुरू होने की संभावना है। मौसम विभाग ने इस माह के अंत तक प्रदेश में शीतलहर का दौर शुरू होने और ठिठुरन वाली सर्दी का असर बढऩे का पूर्वानुमान जताया है।

मौसम केंद्र के अनुसार राजधानी जयपुर समेत प्रदेशभर में आने वाले दिनों में गलन और बढ़ेगी। दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। पहाड़ी क्षेत्रों में सुबह ओस की बूंदें जम रही हैं। मौसम विभाग का कहना है कि कल 17 दिसंबर से न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस गिरावट होने की संभावना है। मौसम विभाग के नए अपडेट के अनुसार, 23-24 दिसंबर को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। जिससे राजस्थान के कई जिलों में बारिश हो सकती है।

जयपुर, अलवर, कोटा, बूंदी, जैसलमेर सभी जिलों में न्यूनतम तापमान नीचे गया है। माउंट आबू समेत कुछ इलाकों में पारा सबसे ज्यादा गिरा है। आने वाले दिनों में दिसम्बर माह में कोहरा-धुंध आम आदमी को परेशान करेगा। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को जयपुर का अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री रहने की पूरी संभावना है। शाम 5.15 पर यहीं तापमान दर्ज किया गया। वैसे अगर पूरे दिन की बात करें तो सुबह कुछ ठंड महसूस की गई पर सुबह 10 बजे के बाद मौसम लगातार गरम होता रहा। उम्मीद की जा रही है कि कल रविवार को भी मौसम लगभग आज शनिवार की तरह रहेगा।

# दो शातिर वाहन चोर पुलिस के हत्थे चढ़े

**जयपुर ।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने प्रतापनगर एवं बजाजनगर थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो वाहन चोरों को धर-दबोचा है और उनके पास से चोरी की दो दुपहिया वाहन भी जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि सीएसटी ने प्रतापनगर एवं बजाज नगर थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शातिर वाहन चोर जस्टिन डेनियल (27) निवासी मोती नगर मानसरोवर हाल जनता कॉलोनी सोडाला जयपुर और अजय सैनी (24) निवासी सांगानेर हाल श्यामनगर जयपुर को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी जस्टिन डेनियल आरोपी स्मैक नशे के आदि है, जो आदतन अपराधी है। जो सुनसान इलाकों में खड़ी मोटरसाइकिल की रैकी करके मौका पाकर मोटरसाइकिल को चोरी करना है एवं मोबाइल स्नैचिंग की वारदातें करना स्वीकार किया। आरोपी के विरुद्ध पुलिस थाना सोडाला, मानसरोवर एवं बजाज नगर में चोरी के कुल 4 प्रकरण दर्ज है। वहीं आरोपित अजय सैनी बिजली मैकेनिक का काम करता है। सूनसान जगह पर खड़ी मोटरसाईकिल की रैकी कर मोटरसाईकिल की चोरी करता है एवं चलाने में काम लेता है। गिरफ्तार आरोपित् से पूछताछ एवं अनुसंधान जारी है जिसमें और भी वारदातें खुलने की संभावना है।

# आचार्य सौरभ सागर का वरुण पथ जैन मंदिर में मंगल प्रवेश

**जयपुर।** मानसरोवर के सबसे बड़े वरुण पथ दिगंबर जैन मंदिर में शनिवार को प्रातः 9.15 बजे आचार्य सौरभ सागर महाराज का भव्य मंगल प्रवेश हुआ, इससे पूर्व प्रातः 8.15 बजे आचार्यश्री ने इंजीनियर्स कॉलोनी से मंगल विहार यात्रा प्रारंभ की। यह यात्रा न्यू सांगानेर रोड होते हुए स्वर्ण पथ पहुंची जहां पर अध्यक्ष एमपी जैन और मंत्री ज्ञान बिलाला के नेतृत्व में वरुण पथ जैन समाज ने पुष्पवर्षा कर अगवानी की और यहां से यात्रा गाजों-बाजों और जयकारों के साथ भव्य जुलूस के रूप धारण कर माध्यम मार्ग, नीलम पथ होते हुए वरुण पथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रवेश किया। यहां पर सकल जैन समाज ने आचार्यश्री की मंगल आरती कर अगवानी की, इसके उपरांत आचार्य श्री ने मूलनायक भगवान महावीर स्वामी की विशाल प्रतिमा के दर्शन कर नवीन कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह और धर्म सभा ने अपना सानिध्य प्रदान किया।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य सौरभ सागर महाराज ने कहा की समाज के विभिन्न वर्गों ने आपसी वाद विवाद, हंसी मजाक में बोलते है कि "जा तेरे 12 बज गए तो लोगों को इसका मतलब समझना चाहिए, 12 बजने का मतलब प्रतिशोध या अत्याचार नहीं, बल्कि एकजुटता का संदेश है, आप कभी भी देखना घड़ी में 12 कब बजते है, जब घड़ी के तीनों कांटे एक समान होते है एकजुट होते है उस समय 12 बजते है। नवीन कार्यकारिणी को आशीर्वाद देते हुए आचार्य श्री ने कहा की कार्यकारिणी को घड़ी के समान कार्य करना है और समाज के 12 बजाने है मतलब युवा, जवान और बुजुर्गो को एकजुटता के सूत्र में बांधना है यही समाज समिति का प्रमुख कार्य है।

संगठन मंत्री विनेश सौगानी ने बताया कि शनिवार को वरुण पथ जैन मंदिर समिति की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह मुख्य आयोजन था, जिसमें आचार्यश्री का सानिध्य वरुण पथ जैन समाज को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुभाष जैन पांड्या अध्यक्ष राजस्थान जैन सभा, उमराव मल संघी अध्यक्ष श्री महावीर दिगंबर जैन शिक्षा परिषद और महेश काला अध्यक्ष वीर सेवक मंडल द्वारा चित्र अनावरण और दीप प्रवज्जलन के साथ हुआ। इसके बाद सर्व प्रथम नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण हुआ। नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष एमपी जैन, उपाध्यक्ष राजेंद्र सोनी, मंत्री ज्ञान चंद बिलाला, कोषाध्यक्ष केलाशचंद सेठी, संगठन मंत्री विनेश सौगानी, उपसंगठन मंत्री मुकेश कासलीवाल सहित कार्यकारिणी के 7 सदस्य बिरेश जैन टीटी, अनिल जैन सोड़ा वाले, अरविंद गंगवाल, राकेश चंदवाड़, नरेंद्र कासलीवाल, अनिल दीवान और ताराचंद वैद का समाज ने नवीन कार्यकारिणी में चुनाव किया, सभी ने आचार्य श्री के सानिध्य में शपथ ग्रहण कर अपने कार्यकाल प्रारंभ किया।

## योगेश श्रीवास्तव बने मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी

**जयपुर,** (का.सं.)। राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद भजनलाल एक्टिव मोड में आ गए। सबसे पहले मुख्यमंत्री सचिवालय में बड़ा बदलाव किया गया है। सरकार ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रमुख सचिव रहे कुलदीप रांका सहित 4 आईएएस अधिकारियों गौरव गोयल, आरती डोगरा व राजन विशाल को एपीओ कर दिया है। वहीं, राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी योगेश श्रीवास्तव को सीएम का ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा एक आईएफएस अधिकारी राजेश कुमार गुप्ता को भी एपीओ किया गया है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पिता आईसीयू में भर्ती

- **यूरिन की समस्या, सेहत में हो रहा सुधार**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पिता किशन स्वरूप शर्मा को कल जयपुर के एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जिन्हें यूरिन में समस्या है। अब उनकी सेहत में सुधार है। दरअसल, भजनलाल शर्मा के मुख्यमंत्री की शपथ ग्रहण के बाद शुक्रवार रात को किशन स्वरुप की तबीयत खराब हो गई थी। जिन्हें यूरिन की समस्या होने पर एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। सीनियर डॉक्टर्स की निगरानी में इलाज किया जा रहा है। उन्हें आईसीयू में भर्ती करवाया गया है। फिलहाल उनकी सेहत में लगातार सुधार हो रहा है।

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के पिता किशन स्वरूप को मेडिकल आईसीयू में डॉ. प्रकाश केसवानी की यूनिट में भर्ती करवाया है। अतिरिक्त अधीक्षक डॉ.प्रदीप शर्मा की माने तो सीएम के पिता की स्थिति अभी नॉर्मल हैं। रूटीन इन्वेस्टिगेशन करवाए गए हैं। रिपोर्ट के बाद आगे की स्थिति तय होगी। उनके ट्रीटमेंट के लिए केसवानी के अलावा जनरल मेडिसिन यूनिट के एचओडी डॉ. सुधीर मेहता, डॉ. श्रीकांत शर्मा, यूरोलॉजी के एचओडी डॉ. शिवम प्रियदर्शनी के अलावा डॉ. अचल शर्मा अधीक्षक एसएमएस को भी शामिल किया गया है।

दरअसल, उनकी कई जांचें भी करवाई गई हैं जिसमें ईसीजी, यूरिन टेस्ट, एक्सरे आदि, जिसमें सभी जांचे सामान्य हैं। सीएम के पिता की तबीयत ख़राब होने की जानकारी मिली तो परिवारजन और शुभचिंतक भी एसएमएस अस्पताल पहुंच गए। हालांकि चिकित्सकों ने कहा कि अब स्थिति बेहतर है। इसके साथ ही सीएमओ के अधिकारी भी इस दौरान वहां मौजूद रहे।

# कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपियों के खिलाफ चार्ज पर फैसला 5 को

**जयपुर,** (का.सं.)। एनआईए मामलों की विशेष अदालत में शनिवार को उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड मामले में आरोपियों के खिलाफ चार्ज पर फैसला पांच जनवरी तक टल गया है। पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर होने के चलते शनिवार को मामले में सुनवाई नहीं हो सकी।

प्रकरण में एनआईए की चार्ज बहस गत 28 अक्टूबर को पूरी होने के बाद आरोपियों की चार्ज बहस पांच दिसंबर को पूरी हुई थी। इस पर अदालत ने चार्ज बहस पर अपना आदेश 16 दिसंबर को देना तय किया था।

एनआईए की ओर से चार्ज बहस में कहा था कि आरोपियों ने व्हाट्सअप पर समूह बनाकर आपराधिक षडयंत्र रचा और धर्म के नाम पर कन्हैयालाल टेलर की जघन्य हत्या की है। आरोपियों के खिलाफ की जांच से भी यह साबित है कि आपराधिक षडयंत्र में वे सभी शामिल रहे हैं।


**खोया-पाया**

मेरे अधिकार एवं स्वामित्व का मकान नम्बर 29 ए, क्षेत्रफल 71.28 वर्गगज योजना वैष्णों विहार डी, साईपुरा, तहसील सांगानेर जिला जयपुर में स्थित है जिसका कि दी राजहंस सहकारी समिति लिमिटेड, द्वारा जारी असल आवंटन पत्र, साईड प्लान, रसीद खो गये। मिलने पर सूचित करे।

भरत सिंह पुत्र श्री गिर्राज सिंह
मो. 9214969980

**नाम परिवर्तन**

I mohan kamar legally wedded spouse of army no 8008789 Rank SIPAI late pep singh R/O village charada post khora shyamdas teh. Amber dist.jaipur have changed my name From MOHAN KAMAR ( DOB 6/9/1952) is wrong entered in service record To MOHAN KANWAR (DOB 1/1/1952) vide affidavit dated 13 oct.2023 before district notary Jaipur

I army no 15413910M Ex Hav Satyendra singh S/O sawai singh R/O plot no 8 meeakshipurm colony gokulpura jhotwara Jaipur that have changed my wife name From OMA KANWAR is wrong entered in service record To OMA RATHORE ( DOB 1 aug 1983) vide affidavit dated 15 dec. 2023 before district notary Jaipur

I have Changed My Name from Alfiya Parveen to Alfiya in Future. 581 Mohalla Ichchawtan Bas Badanpura, Jaipur.

I have Changed My Name from Syeda Ainy to Syed Annie Farooqui in Future. 01 Kallanshah Colony out side Ganga Pole Gate, Jaipur

मैंने अपना नाम कुसुम कंवर चौहान से बदलकर कुसुम कंवर पत्नी श्री रामसिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। निवासी- प्लांट नंबर डी-5, मूर्तिकला, कॉलोनी, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर

**आम सूचना** मेरी अभिभाष्या श्रीमती राशीदा बेगम पत्नी श्री मोहम्मद इकबाल कुरैशी निवासी- मकान सं. 3-ट-9, नाहरी का नाका, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जयपुर राजस्थान की है, जो कि मेरी अभिभाष्या के स्वामित्व व अधिकार का एक मकान सं.- 3-ट-9, नाहरी का नाका, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जयपुर में स्थित है। उक्त मकान का राजस्थान हाउसिंग बोर्ड द्वारा जारी (i) आवंटन पत्र संख्या 6805 दिनांकित 10.10.1976, (ii) कब्जा पत्र, (iii) डिक्लेरेशन दिनांकित 09.12.1976 जो कि नन्हे मोहम्मद के नाम से जारी किया गया था व (iv) बकाया पत्र दिनांकित 24.05.1994 इत्यादि दस्तावेजात कहीं खो गए हैं तथा काफी ढूंढने के पश्चात भी नहीं मिल पाए हैं। मेरी अभिभाष्या स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में उक्त संपत्ति गिरवी रखकर लोन लेना चाहती है, यदि इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो मुझे 7 दिवस तक के भीतर सूचित करें।
कपिल चौधरी (एडवोकेट), राजस्थान हाईकोर्ट, जयपुर, मो. 97833-46444

**आम सूचना** हम मदन लाल शर्मा पुत्र स्व. श्री मंगलचन्द शर्मा एवं श्रीमती रेखा शर्मा पत्नी मदन लाल शर्मा निवासी मकान नं. 226, शिवनगर मुरलीपुरा जयपुर-302039 घोषणा करते है कि हमारा पुत्र हिमांशु शर्मा एवं पुत्रवधु श्रीमती ज्योति शर्मा हमारे कहे में नहीं है। और हमारे साथ लगातार दुर्व्यवहार करते है। इसलिए हम उन्हें अपने साथ नहीं रख रहे। और हमारी सम्पत्ति से भी अलग करते है। जो कोई भी उनसे संव्यवहार करेगा स्वयं उत्तरदायी होगा।
मदन लाल शर्मा, पत्नी रेखा शर्मा

**राजस्थान सरकार**
न्यायालय उप तहसीलदार, बगरू जिला-जयपुर (राज.)
क्रमांक : भू.अ./2023/1355 दिनांक : 15.12.23
॥ विज्ञप्ति ॥
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बडी का खेड़ा के खाता 6 के खसरा नम्बर 665/800, 666, 667, 670 कुल किता 4 कुल रकबा 1.07 हैक्टेयर में हिस्सा 567/2675 में विरासत का नामान्तरण भू-राजस्व एक्ट की धारा 135(2) में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति या सम्बन्धित को इस वसीयत के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि के सात दिवस के मियाद अन्दर इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रकरण का निस्तारण नियमानुसार कर दिया जायेगा।
उप तहसीलदार, बगरू जिला, जयपुर

**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**संख्या-51235714A, दिनांक 15.12.2023**
वरि.मंसाप्र.-जयपुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से ई-निविदा संख्या-51235714A जिसकी बंद होने की तारीख 10.01.2024 को 14.25 बजे तक रहेगी, आमंत्रित कर रहे है। निविदाकार निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक ही अपनी मूल/ संशोधित निविदा प्रस्तुत कर पायेंगे। मैन्युअल (ई-निविदा के अलावा) प्रस्ताव इस निविदा के विरुद्ध मान्य नहीं होंगे। इस तरह के मैन्युअल प्रस्तावों पर ध्यान नहीं दिया जायेगा। **(1) आपूर्ति का विवरण: (1)** Design, manufacturing, supply, installation, testing and commissioning of Passenger Escalator as per RDSO specification no. RDSO/ PE/ SPEC/TL/0095 (Rev-3)=2019 or latest. (At-KSG Station-JP Div.) **(2)** Comprehensive Annual Maintenance Contract (AMC) of Escalator and their accessories for Three years after expiry of warranty/ guarantee period. **(2) मात्रा:** 1. 04 Nos. Escalators and 2. 04 Nos. Escalator's CAMC **(3) निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक एवं समय:** ई-निविदा को 10.01.2024 को 14.25 बजे तक प्रस्तुत किया जा सकता है। **वेबसाइट विवरण:** www.ireps.gov.in 1295-DP/23
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**आम सूचना** हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती उपदेश चौधरी पत्नी श्री बच्चू सिंह उम्र-55 वर्ष, निवासी-प्लाट नंबर-35, सैकिण्ड फ्लोर, चित्रगुप्त नगर प्रथम, करतारपुरा फाटक के पास, जयपुर में अपने पति के साथ निवास कर रही हूं। मेरा पुत्र अभिनव चौधरी एवम् मेरी पुत्र वधू श्रीमती प्रियंका तेवतिया आये दिन मेरे व मेरे पति के साथ दुर्व्यव्यहार करती है, गाली-गलौच करते है तथा मुझे व मेरे पति को अपमानित करते है तथा शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते है तथा मेरी पुत्र वधु मेरे साथ मार-पीट करती है। वर्तमान में वे मुझसे अलग निवास कर रहे है। मेरे पुत्र व पुत्र वधु के उक्त आचरण के कारण मैं अपने पुत्र व पुत्र वधु को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं तथा मैं अपने पुत्र व पुत्र वधु को अपने मकान में प्रवेश करने से भी निषेध करती हूं। मेरे पुत्र अभिनव चौधरी एवम् मेरी पुत्र वधु श्रीमती प्रियंका तेवतिया के किसी भी आचरण, व्यवहार के प्रति मैं उत्तरदायी नहीं रहूंगी। आशीष तिवारी
मो. 9828023630, 8279256462

**कार्यालय ग्राम पंचायत मांदी**
पंचायत समिति फागी, जिला-जयपुर (राज.)
क्रमांक : ग्राम/लेखा/1810टेण्डर/2023-24/61 दिनांक : 12/12/2023
**ई-निविदा सूचना संख्या 03/2023-24**
कार्यकारी एजेन्सी ग्राम पंचायत मांदी में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15 वित्त आयोग योजना के स्वीकृत कार्य को ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के संशोधित नियम 181(1) के अन्तर्गत राजस्थान लोक उपायन पारदर्शिता अधिनियम 20212 व नियम 20213 के अनुसार निर्माण कार्य कराने के लिए जीएसटी/सीजीएसटी वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत तथा राजकीय विभाग या उपक्रम में पंजीकृत फर्मों/संवेदकों से ऑनलाईन ई-निविदा 21-12-2023 तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http:s.//epro.rajasthan.gov.in पर प्रात: देखी जा सकती है।
**NIB Code : PFB23240039**
**UBW No : PFB2324WSOB00044**
आयुष जैन, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत-मांदी, पं.सं. फागी जिला-जयपुर (राज.)
कैलाश स्वामी, सरपंच, ग्राम पंचायत-मांदी, पं.सं. फागी जिला-जयपुर (राज.)

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
**व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक)**
**वाद सं. 320/23**
विषय : उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करते हेतु प्रार्थना-पत्र। प्रार्थी नाम : 1. श्रीमती राखी चौधरी पत्नी स्व. श्री उमेश चौधरी, 2. मनित चौधरी पुत्र स्व. श्री उमेश चौधरी, 3. कुमारी लिशा चौधरी पुत्री स्व. श्री उमेश चौधरी जाति जाट, निवासी गण : 35 बी, सहकार नगर झोटवाड़ा, जयपुर, विवाद स्थान : प्लाट नं. 22 योजना स्कीम नं. 3 फतेह कॉलोनी, झोटवाड़ा, जयपुर, मृतक : स्व. श्री उमेश चौधरी की सम्पत्ति के विषय में।
पेश दिनांक 25.1.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व. श्री उमेश चौधरी पुत्र डी.आर. चौधरी जाति जाट निवासी प्लाट नं. 35 बी, सहकार नगर, झोटवाड़ा, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रिेशन, प्रदान किया जावे। अत: उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 25 माह 01 सन 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करे। उक्त दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य हीं होगी। आज दिनांक 14 माह 12 सन 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर द्वितीय




**तीये की बैठक**



मेरे पूजनीय पिताजी श्री श्रवण लाल शर्मा सेवानिवृत कार्यालय अधीक्षक परिवहन विभाग जयपुर का गोलोकवास दिनांक 15.12.2023 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 17.12.2023 रविवार को 3.00 से 4.00 बजे तक सिणगार पैराडाइज खिरनी फाटक पुलिया के सामने वाली गली झोटवाड़ा जयपुर पर होगी।
शोकाकुल : पुरुषोत्तम शर्मा (पुत्र), भोलाराम, मोहनलाल, प्रेमप्रकाश, आनंदीलाल (भाई), सुशील, शिवकांत, पवन, रवि, ताराचंद, रमाकांत, राहुल, दीपक (भतीजा), देव, लक्ष्य, मेहुल, अथर्व, विवेक, लव (पौत्र) एवम समस्त चोटिया (फडया) परिवार आसलपुर ध्यावडी वाले।
मो. 9828011222, 7014616131

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# सप्त शक्ति कमांड ने मनाया विजय दिवस

**जयपुर,** (का.सं.)। 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारतीय सशस्त्र बलों की जीत के उपलक्ष्य में दक्षिण पश्चिमी कमान ने 16 दिसंबर 2023 को सभी सैन्य स्टेशनों पर विजय दिवस मनाया।

इस अवसर पर, लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ, आर्मी कमांडर, सप्त शक्ति कमांड ने जयपुर के प्रेरणा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करके शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

आर्मी कमांडर, सप्त शक्ति कमांड ने इस अवसर पर दक्षिण पश्चिमी कमान के सभी पदों को बधाई दी और उन्हें हमेशा अपने कार्य के प्रति सतर्क रहने तथा युद्ध वीरों और शहीदों की भक्ति एंव दृढ़ संकल्प का अनुकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया, जिन्होंने 1971 के युद्ध में भारतीय सेना को गौरव के शिखर पर पहुंचाया।

विजय दिवस समारोह का गौरव तब और भी बढ़ गया जब सप्त शक्ति ऑडिटोरियम में आर्मी कमांडर, सप्त शक्ति कमांड ने मेजर चंद्रकांत सिंह, वीर चक्र (सेवानिवृत्त) द्वारा लिखित लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह, पद्म भूषण, परम विशिष्ट सेवा मेडल के जीवन-चरित्र पर सगत नामक पुस्तक का विमोचन किया।



**विजय दिवस के उपलक्ष्य में सप्त शक्ति कमांड के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने जयपुर के प्रेरणा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करके शहीदों को श्रद्धांजलि दी।**

यह पुस्तक लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह और 1971 के युद्ध में भारत की जीत में उनके वीरतापूर्ण योगदान के प्रति एक श्रद्धांजलि है।

इस पुस्तक विमोचन में जयपुर मिलिट्री स्टेशन के अधिकारी और जयपुर के पत्रकार समुदाय ने भाग लिया।

# युवक का अपहरण कर 5 लाख रु. फिरौती मांगने वाली महिला समेत तीन गिरफ्तार

## आरोपी महिला ने प्रेम जाल में फंसाकर युवक को अगवा किया था, पुलिस ने एफ.आई.आर. दर्ज होने के बाद मात्र 24 घंटे में आरोपियों को धर-दबोचा



**जयपुर** (कासं)। मुहाना पुलिस ने युवक के अपहरण और हनीट्रैप गिरोह का 24 घंटे में भंडाफोड करते हुए महिला समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला ने युवक को प्रेम जाल में फंसाकर अगवा कर लिया था, इसके बाद तीनों बदमाश उससे 5 लाख रुपये की फिरौती मांग रहे थे। पुलिस गिरोह के सरगना ऋषिकेश और अन्य की तलाश कर रही हैं।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) योगेश गोयल ने बताया कि मुहाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति का अपहरण कर पांच लाख रुपए की फिरौती मांगने के मामले में आरोपी मोहन योगी, राम कल्याण बैरवा और मीना देवी को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपित करौली के रहने वाले है। मुख्य आरोपी ऋषिकेश फरार चल रहा है, जिसकी तलाश की जा रही है।

थानाधिकारी गौतम डोटासरा ने बताया कि 15 दिसंबर को आरोपी ऋषिकेश, मीना देवी, राम कल्याण बैरवा, मोहन योगी और अन्य ने योजना बनाकर युवक रामसिंह को महिला के प्रेम प्रसंग के जाल में फंसाकर अपहरण कर लिया। रामसिंह के साथ मारपीट कर डरा धमकाकर परिजनों से रुपयों की मांग की। इस संबंध में परिवादी कुणाल सिंह ने थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज होने के बाद पुलिस टीम का गठन कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। पुलिस ने जानकारी जुटाकर आरोपियों को पकडा। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि गैंग के मुख्य सरगना ऋषिकेश ने रेकी कर अपहर्ता के बारे में जानकारी दी।

■ **सभी आरोपी करौली के रहने वाले हैं, गिरोह का मुख्य सरगना ऋषिकेश और अन्य बदमाश अभी तक फरार**

ऋषि ने पत्नी मीना देवी के माध्यम से अपहर्ता रामसिंह को प्रेमजाल में फंसाया। योजना के अनुसार उसे मिलने के लिए बुलाया और उसके साथ अश्लील वीडियो बनाकर डरा धमकाकर रुपयों की मांग की।

अपहर्ता रामसिंह का अपहरण कर गाड़ी में बिठाकर करौली ले गए। वहां से फोन कर परिजनों से फिरौती मांगी। पुलिस ने आरोपियों को पीछा कर श्री मोहन योगी, रामकल्याण बैरवा और मीना देवी को गिरफ्तार कर अपर्हता को छुड़ा लिया। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है, कि उनके गिरोह में कितने लोग शामिल है।

# निगम आयुक्त ने देर शाम तीन रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया

## साफ-सफाई, भोजन और बिस्तर-गद्दे बेहतर अवस्था में मिले



**हैरिटेज नगर निगम आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत शनिवार शाम को हसनपुरा, खासा कोठी फ्लाईओवर के नीचे और गवर्नमेंट प्रेस के पास संचालित 3 रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया।**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । हैरिटेज नगर निगम आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत शनिवार शाम को हसनपुरा, खासा कोठी फ्लाईओवर के नीचे और गवर्नमेंट प्रेस के पास संचालित 3 रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। शेखावत ने रैन बसेरों में साफ-सफाई, विद्युत, मोबाईल चार्जिंग पॉइंट, बिस्तर, गद्दे, पानी व दवाओं की उपलब्धता व्यवस्थाओं का जायजा लिया व मौजूद स्टॉफ के सामने आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने तमाम व्यवस्थाओं को देखकर संतोष जताया और नियमित रूप से बेहतर व्यवस्था मुहैया करवाने को कहा।

■ **आयुक्त राजेन्द्र सिंह ने रैन बसेरे में भोजन चखकर गुणवत्ता जांची; इसके बाद दवा-पानी, शौचालय की व्यवस्था के बारे में ठहरे हुए लोगों से बातचीत की**

शेखावत ने रैन बसेरे में ठहरे हुए जरूरतमंदों से हाल-चाल पूछा, जैसे कि यथा किस काम से आये, कब से रूके हैं, रैन बसेरे में रूके किसी व्यक्ति का स्वास्थ्य आदि खराब तो नहीं है। साथ ही भोजन, पानी व बिस्तर आदि की उपलब्धता के बारे में पूछा तो सबने व्यवस्थाएं संतोषजनक बताई। आयुक्त शेखावत ने गवर्नमेंट प्रेस स्थित रैन बसेरे में उपलब्ध भोजन चखा व गुणवत्ता ठीक पाये जाने पर संतोष जताया। उन्होंने बताया कि सर्दी तेज होने पर आवश्यकता अनुसार और अधिक कंबल आदि बंटवाये जायेंगे। निरीक्षण के दौरान उप निदेशक जन सम्पर्क मोती लाल वर्मा मौजूद रहे ।

## दिसंबर में हुंडई की कारों पर शानदार ऑफर्स जारी

**जयपुर** । देश की बड़ी कार निर्माता कंपनी हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड की ओर से अपने ग्राहकों को इस दिसंबर 3 लाख रुपये तक के शानदार ऑफर्स का लाभ दिया जा रहा है। इन ऑफर्स को लेकर ग्राहकों में खासा उत्साह है। हुंडई टीम ने बताया कि हुंडई की कारों का सीमित स्टॉक है। ग्रांड आई-10 नियोज़ पर 48 हजार, ओरा पर 33 हजार, वरना पर 45 हजार, एल्कजार पर 35 हजार और कोना कार पर 3 लाख रुपये तक का फायदा ग्राहकों को मिलेगा। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि हुंडई मोटर्स अपनी कारों पर जनवरी-2024 में कीमत बढ़ाएगी। कारों के दाम बढ़ने का निर्णय नए सुरक्षा नियमों के लागू होने और लागत बढ़ने, बाजार की स्थिति बदलने और अन्य बाहरी आर्थिक स्थितियों के दबाव में लिया गया है।

# 'सर सर सरला' नाटक ने दर्शकों को गुदगुदाया

## अभिनेता मकरंद देशपांडे के निर्देशन में खेला गया नाटक

**जयपुर** । थ्री.एम.डॉट. बैंड थिएटर फैमिली सोसाइटी की ओर से आयोजित 12वां जयपुर रंग महोत्सव (जयरंगम-2023) का शनिवार को समापन हुआ। कला एवं संस्कृति विभाग, राज और जवाहर कला केन्द्र के सहयोग से आयोजित जयरंगम ने सात दिन तक कला प्रेमियों को रंगमंच, कला एवं संस्कृति के सतरंगी रंगों से सराबोर किया। अंतिम दिन प्रसिद्ध अभिनेता और निर्देशक मकरंद देशपांडे के नाटक सर सर सरला समेत दो नाटकों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया, वहीं शाहरुख चावड़ा निर्देशित फिल्म कायो कायो कलर की स्क्रीनिंग हुई। हबीब तनवीर को समर्पित महोत्सव में उनकी पुत्री नगीन तनवीर भी शामिल हुई। जयरंगम की प्रोग्रामर मन गेरा ने कहा कि जयरंगम आगामी सत्रों में यों ही नए



नाटकों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कला प्रेमियों को रूबरू करवाता रहेगा।

कृष्णायन में नयन साधक और गौरव दास निर्देशित नाटक लेटर्स टू अनबॉर्न चिल्ड्रन ऑफ फातिमा जहान के मंचन के साथ जयरंगम की शुरुआत हुई। नाटक अपने अजन्मे बच्चों से मां के संवादों की भावनाओं को मंच पर साकार करता है। यह कहानी है फातिमा की जो अकरम से प्रेम करती है। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ती है। भोलेपन का फायदा उठाकर अकरम मुंबई में फातिमा का सौदा कर देता है। यहां फातिमा का गर्भपात करवा दिया जाता है। बच्चे को खोने पर उपजी पीड़ा को फातिमा खुदा से बयां करती है, यही पीड़ा उसके पत्र है। इसके बाद जिंदगी करवट लेती है, फातिमा अंडरवर्ल्ड से ताल्लुक रखने वाले फिरोज के संपर्क में आती है। पुलिस जब फिरोज पर शिकंजा कसती है तो फातिमा तक भी कानून का हाथ पहुंचता है और बचने की जद्दोजहद में वह फिर अपने बच्चे को खो देती है। फातिमा आगे बढ़ती है और हरिमाधव के साथ नयी जिंदगी शुरू करती है, समाज को यह स्वीकार नहीं होता और हरिमाधव की हत्या कर दी जाती है। यह तनाव फिर वहीं भयावह मोड़ फातिमा के जीवन में लेकर आता है और वह अपने तीसरे बच्चे से भी हाथ धो बैठती है। गर्भपात का दंश झेलने

## छह राज्यों की चित्रकला प्रदर्शनी

**जयपुर** । गुलाबी नगर का कला फलक एक बार फिर भारत के छह राज्यों के कलाकारों की चित्रकला से रोशन होगा। रंगों का ये समागम 23 से 25 दिसंबर तक जवाहर कला केन्द्र की अलंकार कला दीर्घा में जीवंत होगा। मौका होगा यहां आयोजित होने वाले नेशनल आर्ट शो 'क्रिएटिव हार्ट' के आयोजन का। इस शो में आसाम, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना और राजस्थान के चुनिंदा 15 कलाकारों की कृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। आर्ट शो का उद्घाटन 23 दिसंबर को दोपहर 1 बजे वरिष्ठ चित्रकार कमला पंवार और अभिनेत्री पूजा शर्मा करेंगी। कोपल सिंह, डॉ. देवेन्द्र सिंह, डॉ. मुकेश दीक्षित और डॉ. अर्चना दीक्षित विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

## सार-समाचार

### 'भक्ति मार्ग का ज्ञान है श्रीमद्भागवत'



**जयपुर** । श्री निंबार्क तीर्थ किशनगढ़ के पीठाधीश्वर श्याम शरण देवाचार्य जी ने शनिवार को श्री गोविन्द देव के मंदिर स्थित सत्संग भवन में श्रीमद् भागवत महापुराण महात्म्य और परीक्षित शुकदेव मिलन की कथा सुनाई। महाराजश्री ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा भक्ति मार्ग का ज्ञान प्रदान करती है। इससे पहले आनन्द कृष्ण बिहारी मंदिर से 51 कलशों की भव्य मंगल यात्रा गाजे बाजे के साथ कथा स्थल सत्संग भवन श्री गोविन्द देव जी मंदिर पहुंची। श्री गोविंद देव जी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी और सुपुत्र मानस गोस्वामी के सानिध्य में जयपुर में पहली बार प्रारंभ हुई श्रीजी महाराज की श्रीमद् भागवत कथा का राज्यपाल कलराज मिश्र ने रसास्वादन किया। उन्होंने भागवत जी का पूजन कर श्रीजी महाराज का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों के महंत और पीठाधीश्वर के अलावा एम्स जोधपुर के अध्यक्ष डॉ एस एस अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में नागरिक और वैष्णव श्रोता उपस्थित रहे। कथा आयोजक ब्रजकिशोर 'बिरजू' गोयल ने बताया कि श्री गोविंद देव जी में यह भागवत उत्सव 22 दिसम्बर तक चलेगा। कथा रोजाना दोपहर 2बजे से शाम 6 बजे तक होगी। भागवत ज्ञानयज्ञ में 108 विद्वान अष्टोत्तर शत भागवत पाठ का मूल पाठ कर रहे हैं। रविवार, 17 दिसंबर को देवहुति कपिल संवाद होगा। इसी प्रकार 18 दिसंबर को ध्रुव चरित्र एवं प्रहलाद चरित्र की कथा होगी, 19 दिसंबर को राम अवतार, कृष्ण जन्म एवं नंद उत्सव का आयोजन होगा।

### नाबार्ड की राष्ट्रीय प्रदर्शनी 21 से

**जयपुर** । राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की ओर से जवाहर कला केन्द्र में 21 से 26 दिसंबर तक पधारो म्हारे शिल्पग्राम राष्ट्रीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। कई मायनों में खास रहने वाली यह प्रदर्शनी प्रात:: 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक चलेगी। इसमें देशभर से आए हस्तशिल्पियों और दस्तकारों के उत्पाद खरीद सकेंगे। राजस्थान की लोक कलाओं की प्रस्तुतियां भी देखने को मिलेगी। कोरोना काल के बाद देशभर के हस्तशिल्पियों और दस्तकारों के उत्पाद आमजन तक पहुंचाने व स्थानीय कलाओं को बढ़ावा देने के लिए यह नाबार्ड, राजस्थान एक अहम प्रयास है। क्रिसमस और शीतकालीन अवकाश में आप खरीदारी की योजना बना सकते हैं। नाबार्ड, राजस्थान के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. राजीव सिवाच ने बताया कि प्रदर्शनी से कारीगरों, शिल्पकारों व बुनकरों और ग्राहकों के बीच सीधा संबंध विकसित होगा। यह मंच कलाकारों की आय वृद्धि में सहायक होगा साथ ही इससे स्थानीय कलाओं को बढ़ावा मिलेगा। 21 दिसंबर को प्रात:: 11 बजे रंगायन में इसका उद्घाटन होगा। प्रदर्शनी में राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, असम, गुजरात, केरल समेत 19 राज्यों से आने वाले लगभग 150 दस्तकार हिस्सा लेंगे। प्रदर्शनी में रोजमर्रा की वस्तुएं, कपड़े, हस्तशिल्प और खाद्य पदार्थ व अन्य उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। इनमें असम के सीतलपति उत्पाद, गुजरात के काठियावाड़ी बीड वर्क, हरियाणा की हस्तनिर्मित दरी, कर्नाटक की हथकरघा साड़ियां, महाराष्ट्र की शुद्ध टसर सिल्क साड़ी, बाड़मेर के एप्लिक वर्क उत्पाद, राजस्थानी जूती आदि शामिल हैं।

### हाऊसिंग बोर्ड ग्राउंड पर विंटर कार्निवल

**जयपुर** । जयपुर के मानसरोवर में अरावली मार्ग स्थित हाउसिंग बोर्ड ग्राउंड में शनिवार को बच्चों के लिए शानदार 2 दिवसीय विंटर कार्निवल की शुरूआत हुई। यह आयोजन 17 दिसंबर तक होगा। कार्निवल में बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न तरह की राईड्स, गतिविधियां और प्रतियोगिताएं हैं, जिनका बच्चों और उनके अभिभावकों ने मिलकर आनंठ लिया। बच्चों ने ट्रैम्पोलिन, टाओ-सूमो रेस्लिंग, बंजी रनिंग डोजियर जम्पिंग, क्रिकेट नेट, बॉडी जोर्बिंग जैसे कई खेल-कूद गतिविधियों के साथ-साथ स्टॉल्स पर स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया। कार्निवल में करीब 150 स्टॉल्स लगाए गए हैं, जिसमें ज्यादातर स्टॉल्स स्कूल के बच्चों द्वारा भी लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त, लाईव परफॉर्मेंसेज और म्यूजिक ने भी बच्चों का दिल लुभाया। बॉलीवुड गीतों पर बच्चों ने जमकर डांस किया।

### हमें एकजुट-संगठित रहना होगा : नागर

**जयपुर** । अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा राजस्थान की जयपुर महानगर इकाई की ओर से शनिवार को प्रताप नगर स्थित कुम्भा मार्ग पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति भाजपा के नवनिर्वाचित सांगोद विधायक हीरालाल नागर रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में धाकड़ समाज के आराध्य देव श्री धरणीधर महाराज की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित की गई। इसके बाद समाज बंधुओ ने विधायक हीरालाल नागर का माला पहनकर स्वागत और अभिनंदन किया। विधायक नगर ने आभार जताते हुए कहा कि धाकड़ समाज में विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले समाज बंधुओ का यह प्रयास सराहनीय है। इस प्रकार के कार्यक्रम नियंत्रण होते रहने चाहिए, ताकि समाज में एकता और स्नेह लगातार बना रहे। उन्होंने कहा की समाज चाहे राजनीतिक तौर पर किसी भी दल से जुड़ा हुआ हो, लेकिन हमें सामाजिक तौर पर संगठित रहने होगा।

## शौर्य दिवस पर श्रीकृष्ण छात्रावास में रक्तदान



**जयपुर** । जयपुर स्थित श्री कृष्ण छात्रावास में शौर्य दिवस का आयोजन किया गया । जिसके मुख्य अतिथि कर्नल रोहिताश यादव ने छात्रों को देशहित के लिए आगे आने तथा कर्तव्य पथ पर मेहनत करने हेतु प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. करण सिंह यादव ने छात्रों को देश हित एवं समाज हित में कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए इस दिवस पर आयोजित किए जाने वाले रक्तदान शिविर की सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। शौर्य दिवस पर आयोजित शिविर में लगभग 221 यूनिट छात्रों एवं समाजसेवियों द्वारा दान की गई। कार्यक्रम में डॉ. आर सी यादव डॉ. रामगोपाल यादव, हरसहाय यादव, विधायक मनीष यादव, विधायक ललित यादव, छुट्टन यादव, जी एल यादव, पार्षद कुसुम यादव, पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव दुलीचंद यादव, कर्नल सुधीर यादव सहित प्रबंधन समिति सदस्य एवं समाज के व्यक्ति एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## 'सुनहरे गीत और कुछ यादें' का पोस्टर जारी

**जयपुर** (कासं)। शहर में रविवार को आयोजित होने वाले बॉलीवुड के गीतों से सराबोर कार्यक्रम 'सुनहरे गीत और कुछ यादें' का पोस्टर जारी किया गया। आयोजकीय संस्था संकल्प कल्चरल सोसायटी के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक व चेयरमैन राजेश शर्मा, अध्यक्ष श्याम बजाज और क्रिएटिव डायरेक्टर जया शर्मा सहित बड़ी संख्या में मौजूद संकल्प संस्था के सदस्यों ने पोस्टर जारी किया।

गुलाबी रंग को प्राथमिकता देते हुए इस पोस्टर में कार्यक्रम के स्टार आर्टिस्ट और बॉलीवुड गोल्डन एरा के तीन मशहूर कलाकारों बेला सुलाखे, मधुरा दातार और श्याम राज के फोटो दर्शाए गए हैं। ये कार्यक्रम बिड़ला ऑडिटोरियम में 17 दिसंबर को शाम 6.15 बजे से आयोजित किया जाएगा।

## नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर युवती से दुष्कर्म व ब्लैकमेलिंग

**जयपुर** । मुहाना इलाके में दोस्ती कर एक युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि आरोपित युवक ने उसे मिलने बुलाया और नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान आरोपित ने उसके अश्लील फोटो-वीडियो भी बना लिए। इसके बाद दोस्त के साथ मिलकर ब्लैकमेल कर उसका देह शोषण करता आ रहा है। पीड़िता ने दोनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि सांगानेर निवासी 21 वर्षीय एक युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि आरोपित किशन और रिंकू उसके परिचित है। दोस्ती होने के कारण उनका मिलना-जुलना रहता था। एक दिन आरोपित रिंकू ने मिलने के बहाने उसे अपने घर बुलाया। जब वह रिंकू के घर गई तो किशन भी वहीं बैठा मिला। दोनों ने उसे कोल्ड ड्रिंक पिलाई। कोल्ड ड्रिंक में नशा मिला होने के कारण वह बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में आरोपी किशन ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसके अश्लील फोटो-वीडियो बना लिए। कुछ देर बाद होश में आने पर पीडिता ने विरोध किया तो किशन ने उसके अश्लील वीडियो दिखाए। इसके बाद आरोपी अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगे और रिंकू के घर मिलने बुलाकर आरोपी किशन उसका देह शोषण करता रहा। इस दौरान रिंकू आने-जाने वाले लोगों की निगरानी रखता। कुछ समय बाद आरोपी घर से पैसे लाने का दबाव बनाने लगे। जब उसने मना किया तो आरोपी किशन ने उसके फोटो इंस्टाग्राम व फेसबुक पर अपलोड कर दिए। पुलिस ने युवती की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# सांगानेर स्टेडियम से होगा 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के शहरी अभियान का आगाज

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 18 दिसम्बर को करेंगे शुभारंभ : महापौर

**जयपुर** । विकसित भारत संकल्प यात्रा (शहरी अभियान) का आगाज 18 दिसम्बर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा सांगानेर स्टेडियम में किया जायेगा। ग्रेटर महापौर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और आयुक्त बाबूलाल गोयल ने शनिवार को ई.सी. मीटिंग हॉल में जोन उपायुक्तों और अन्य अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम की तैयारियों के निर्देश दिये।

डॉ. सौम्या ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। यह यात्रा आमजन मानस तक केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के लिये शुरू की गई एक खास यात्रा है। महापौर ने अधिकारियों को कहा कि अंतिम पात्र व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचे यह सुनिष्चित किया जाना चाहिए।

ग्रेटर आयुक्त बाबूलाल गोयल ने शनिवार को बैठक के बाद सांगानेर स्टेडियम पहुंचकर व्यवस्थाओं का



**ग्रेटर महापौर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और आयुक्त बाबूलाल गोयल ने शनिवार को ई.सी. मीटिंग हॉल में अधिकारियों की बैठक ली।**

जायजा लिया। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा शहरी अभियान के अन्तर्गत सभी सातों जोनों में कैम्प लगाये जायेगे एक दिन में दो कैम्पों का आयोजन होगा। कैम्प का समय प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा। इन कैम्पों में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम स्वनिधि योजना, आधार अपडेशन काम होगा। आगामी 18 दिसम्बर सोमवार को सांगानेर स्टेडियम एवं सामुदायिक केन्द्र हल्दीघाटी गेट पर शिविर लगाया जायेगा। साथ ही 19 दिसम्बर को सामुदायिक केन्द्र सांगानेर जोन, पार्षद कार्यालय वार्ड नं. 89 में लगाया जायेगा। इसी के साथ भारत सरकार द्वारा भिजवाई गई वैन कैम्प स्थल पर

■ **शिविर में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, उज्जवला योजना, स्वनिधि योजना और आधार कार्ड अपडेशन का काम किया जायेगा**

पहुंचकर आई.ई.सी. के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगी। कैम्प स्थल पर आयुष्मान भारत योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम स्वनिधि योजना, हेल्थ चेकप कैम्प, आधार अपडेशन कैम्प आयोजित किये जायेगे जिसमे मौके पर ही लाभार्थीयों का पंजीयन किया जाकर योजनाओं का लाभ प्रदान किया जायेगा। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त, उपायुक्त राजस्व-प्रथम जनार्दन शर्मा, जोन उपायुक्त, राजस्व अधिकारी अधिषाषी अभियन्ता, एसआई, सीएसआई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्थान ने मध्यप्रदेश को हराकर खोला अपना खाता

**जयपुर** (कासं)। 34वीं अखिल भारतीय डाक क्रिकेट प्रतियोगिता के आज तीसरे दिन मेजबान राजस्थान ने मध्यप्रदेश को जयपुरिया क्रिकेट ग्राउण्ड पर 8 विकेट से पराजित किया। सबसे पहले आज जयपुरिया ग्राउण्ड पर पहला मैच केरल बनाम झारखण्ड खेला गया। झारखण्ड की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। झारखण्ड की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 19.5 ओवर में 76 रन पर ऑलआउट हो गई। झारखण्ड की ओर से सबसे ज्यादा रन अविमन्यू कुमार 20 रन एवं प्रतीक ने 11 रन बनाकर आउट हुए। वहीं केरल की ओर से रियाज ने 4 ओवर में 11 रन देकर 5 विकेट लिया। वहीं श्यामशंकर ने 4 ओवर में 18 रने देकर 3 विकेट लिया। केरल की टीम ने बल्लेबाजी के दौरान 11.2 ओवर में 2 विकेट खोकर मैच जीत लिया। केरल की ओर से सस्थ ने नाबाद 36 रन एवं समरूद अली ने 28 रन बनाए। वहीं झारखण्ड की ओर से रोहित वर्मा ने 3 ओवर में 18 रन देकर 1 विकेट लिया। इस मैच के लिए रियाज को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

■ **चंद्रपाल सिंह की शानदार गेंदबाजी के चलते राजस्थान डाक टीम विजेता**

दूसरा मैच राजस्थान बनाम मध्यप्रदेश खेला गया। मध्यप्रदेश ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में ऑलआउट होकर 82 रन बनाए। जिसमें मयंक जैन-16 रन, असद कमाल-15 रन एवं अभिषेक-12 बनाए। वहीं राजस्थान की ओर से चंद्रपाल सिंह ने 12 रन देकर 3 विकेट लिया। रवि शर्मा ने 9 रन देकर 2 विकेट एवं सौरभ चौहान ने 10 रन देकर 2 विकेट लिया। राजस्थान की टीम ने 2 विकेट खोकर निर्धारित लक्ष्य मात्र 13.2 ओवर में प्राप्त कर लिया। राजस्थान की ओर से आदर्श शर्मा ने 47 रन एवं विनीत सक्सेना ने नाबाद रहते हुए 29 रन बनाए। मध्यप्रदेश की ओर से मयंक जैन ने 7 रन देकर 1 विकट एवं अभिषेक ने 12 रन देकर 1 विकेट लिया। चंद्रपाल सिंह को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।



## Wright Brothers Day

One important day that changed the world was the day when a man was able to fly through the air in the style of a bird! Not only was this unprecedented, but it set the stage for a whole host of other ideas and inventions that have contributed to the advancement of technology as well as the adventure into space. The *airplane* has certainly made the globe a much smaller, more accessible place for humans. And right at the beginning of it all, were two brothers from the US state of Ohio, Orville and Wilbur Wright.

#X-MAS

# Flavourful Homemade Eggless Fruit Cake

This is an egg-free and vegan recipe of Christmas cake



Festive and flavourful homemade eggless fruit cake is bursting with cheerful holiday spices and delicious apple juice-soaked fruits and nuts. It's a classic Christmas recipe that makes a light, crumbly, and perfectly moist Christmas cake that you'll love to enjoy and share all season.

### Ingredients

#### For soaking

- ¼ cup golden raisins
- ¼ cup black raisins (seedless)
- ¼ cup cashews
- ¼ cup chopped candied orange peels or candied citrus peels
- 8 dried apricots
- 8 to 9 dates – small to medium-sized
- ¼ cup tuttifrutti– optional
- 2 tablespoons dried cherries or glazed cherries
- 1 cup fresh orange juice or apple juice

#### For cake batter

- 1.5 cups all-purpose flour – 187 grams
- 1 cup whole wheat flour – 120 grams
- 1.5 cups sugar – 250 grams
- 1 cup oil or melted butter
- 1 cup soy milk or any nut milk
- 2 tablespoons apple cider vinegar
- 1 teaspoon baking soda
- ½ teaspoon baking powder
- ½ teaspoon vanilla essence

#### For ground spice mix

- 2 inches cinnamon
- 2 green cardamoms
- 2 teaspoon grated nutmeg or nutmeg powder
- 2 cloves – optional
- ½ teaspoon ginger powder – optional

### Preparation

#### Soaking nuts and dry fruits

1. Firstly, chop all the nuts and dry fruits and take them in a bowl or a jar.
2. Cover and let the dry fruits soak for 12 or 24 hours or for 3 days. If you have used apple juice or orange juice to soak the dry fruits, then cover the bowl with an air-tight lid and keep in the refrigerator.
3. After some hours or every day, stir or shake the bowl or jar, so that all the nuts and dry fruits get soaked properly.



#### Other preparations

1. In a spice-grinder or dry grinder, grind the spices listed above, under the heading "for ground spice mix", except for ginger powder. Set aside.
2. Prepare a loaf pan or a round cake pan by greasing it very well with oil. You can also line the cake pan with butter paper.
3. Preheat the oven to 180 degrees Celsius (356 degrees Fahrenheit) for 20 minutes.

#### Making cake batter

1. Sieve the flours, baking powder and the ground powdered spice mix. You can also add ginger powder at this step.
2. Add the soaked dry fruits together with apple juice/orange juice.
3. Add the oil and brown sugar or regular white sugar. Also, add vanilla extract. Gently mix together the ingredients until just combined.
4. In a bowl or mug, add soy milk. Now, add apple cider vinegar and stir gently.
5. Add baking soda and stir thoroughly. Add this frothing mixture to the cake batter.
6. Stir and mix quickly but evenly.

#### Baking

1. Pour in the cake pan.
2. Shake the pan lightly so that the cake batter is spread evenly throughout the whole pan.
3. Use a spatula to even the top of the cake.
4. Bake the cake in the preheated oven for 180 degrees celsius (356 degrees Fahrenheit) for 50 minutes to 60 minutes or more or less, depending on your type of oven.
5. The eggless fruit cake will have a lovely golden brown colour.
6. Let the cake pan cool completely on a wired rack or stand before flipping the cake out onto a plate.



# MGD @ 80 And Going Strong

Twinkle Singh and Ayesha Sajjan, alumni of the batch of 2009 at MGD, transitioned from being friends to successful entrepreneurs, co-founding Cafe Quaint in Jaipur. From being batchmates and close friends in MGD, the duo's bond extends beyond personal connections. Their shared educational journey not only deepened their understanding and communication skills, vital in their entrepreneurial partnership, but also instilled values that drive them to strive for excellence and maintain alignment in their pursuits.





## Fitness Coach and Client

Shivangi Sarda, an alumna from the class of 2011 and a well known fitness coach, has found a unique connection with Megha Singh, a Wan-Chung trainer, from the class of 2012, who happens to be Shivangi's client. Their journey into the realm of fitness, both as a lifestyle and a profession, finds its roots in the robust sports infrastructure and the encouraging environment of their alma mater. "From early on, the school instilled in us, a passion for sports, shaping the foundation for our current pursuits. Playing sports during our school days wasn't just a pastime, it was a fundamental aspect that taught us the essence of discipline, an active lifestyle, and the power of maintaining a positive attitude," they say.

Leveraging their school network, both have successfully connected with clients, providing a significant boost to their respective careers. Reflecting on the values that the school instilled in them, Megha and Shivangi say, "We recognize the profound impact of the school's ethos, echoed in its timeless motto, '**Our Utmost For The Highest**'. Throughout our 12 years at *MGD*, this *mantra* was a constant companion, a reminder that encapsulates the spirit of the school."

#REMINISCENCES



Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*

*The Maharani Gayatri Devi Girls' School*, popularly known as *M.G.D.*, has been a beacon of women's education and empowerment for the past eight decades. Established in 1943 by the visionary, *Maharani Gayatri Devi*, this year marks the grand celebration of the school's remarkable 80-year journey. As MGD celebrates its 80th milestone, we delved into the treasure trove of memories with some dynamic duos of former students. Their anecdotes paint a vivid picture of the school's influence, illuminating the corridors of time where friendships were forged, lessons were learned, and dreams were ignited. Also, this year, many of the old students are reunioning to remember and honour their educative years in *M. G. D.*

Read the dynamic stories of diverse duos, from entrepreneurs to family members, as they reflect on the transformative impact of *Maharani Gayatri Devi Girls' School (MGD)* on the occasion of 80 years of *MGD*.

## From Friends to Founders



Twinkle Singh and Ayesha Sajjan, alumni of the batch of 2009 at *MGD*, transitioned from being friends to successful entrepreneurs, co-founding *Cafe Quaint* in Jaipur.

From being batchmates and close friends in *MGD*, the duo's bond extends beyond personal connections. Their shared educational journey not only deepened their understanding and communication skills, vital in their entrepreneurial partnership, but also instilled values that drive them to strive for excellence and maintain alignment in their pursuits.

While reminiscing about their *MGD* days, Ayesha and Twinkle hold dear memories of sitting on the House of Science stairs, early in the morning, engaging in profound conversations about a myriad of topics. Today, these discussions continue, albeit over cups of coffee at Quaint, where business endeavors take center stage.

Talking about how *MGD* continues to impact their life after school, they say, "*MGD* has played an instrumental role in shaping us and countless other women who contribute meaningfully to society, exercise our agency, and defy societal expectations. The school has bestowed upon us a voice, vocabulary, and exposure that empowers every *MGDian*, whether it is our *jijas* or juniors, to exercise autonomy in decision-making and choice. In a world still plagued by inequality, *MGD* not only instills dreams within us but also provides the wings to soar and achieve those dreams."

## Head Honcho and Team Associate

Aanchal Gupta, from the class of 2008, is the founder of a thriving branding agency in Jaipur. Reflecting on her *MGD* experience, she shares, "My varied *MGD* peer network has not just given me an advantage in securing high-profile projects but also given me the privilege of being comfortable at any table, in any room."

Aanchal's sense of identity, both in work and social life, is deeply rooted in her *MGDian* roots. She narrates an instance, saying, "Once a very high-profile client of mine particularly partnered with my company because he wanted his daughter (who's currently studying in *MGD*) to see a *jija* working successfully in the business world."

Without any qualms about her preference to hire *MGDians* in her team, Aanchal admits, "Whenever I come across a CV that has *MGD* on it, I immediately give personal preference and am totally biased towards it."

Kaushiki Tanwar, from the class of 2017, plays a pivotal role in Aanchal's team. For Kaushiki, the *MGD* alumni network has been instrumental in her career development, with platforms like LinkedIn becoming valuable bridges to fellow alumni.



In her reflections, she states, "Engaging with the alumni community has allowed me to seek and receive valuable opinions and advice regarding career decisions." The enduring principles of *MGD,* according to Kaushiki, transcend time. She notes, "Several aspects of *MGD's* education and values have withstood the test of time. One enduring principle instilled by *MGD* is the belief in oneself and the importance of embracing every opportunity that comes our way. This timeless teaching encourages individuals to be proactive, confident, and open-minded in approaching challenges."



## Generational Legacy

Shubh Singh, an alumna from the class of 1979, and her daughter-in-law, Kritika Uniara, from the class of 2006, embody the intergenerational legacy of *MGD* with unique perspectives on the evolution of school's values.

Reflecting on their *MGD* experience, Shubh Singh shares, "The values, which *MGD* gave us and we cherish, are 'sharing and caring'. We learned time management. Since we had students from a vast spectrum of life, we learned to respect diversity. The bond we shared with our fellow *MGDians* was amazing." In her observation of the present generation, she notes a subtle shift in attitudes, saying, "I feel this bond is lacking in the present generation, and they have a more casual outlook towards life."

Kritika adds her perspective on enduring *MGD* values, stating, "*MGD* has played a pivotal role in shaping our personalities, offering a harmonious blend of our deep-rooted values and a modern outlook toward society. We have endeavored to instill this balance in our children as well. The biggest value that has stayed is the respect for elders."




## Sisters turned Business Partners

Sisters turned business partners, Swati Rathore Borgohain from the class of 2004 and Sanyogita Singh Rathore from the class of 2015, joined forces to create the culinary haven, *O'baque*, a cafe and patisserie in Jaipur. Reflecting on their *MGD* days, they share, "We think the core values that were instilled in us still hold ground. We both went at an early age of 6 as boarders, so, the values and cultural ethos are still with us, and personalities were really shaped by our Alma Mater." Sanyogita, reminiscing about a shared memory, says, "Once in a while, we would get *chocobar* and *eclairs* as desserts in the hostel. When Swati *jija* was the *Blue house* captain, she made sure that I always got an extra one." On the 79th birthday of *MGD*, the duo also did the birthday cake for the school. The strength instilled by *MGD* is a guiding force in their lives." "Being an all-girls school," they add, "it really empowered us to work with other women and hold our own ground in the respective workplaces."

rajeshsharma1049@gmail.com

#HAIR-CARE

# Important Tips For Healthy Locks

Tweak your hair care routine to suit the changing temperatures

The chilly weather almost always makes your hair frizzy and dry, right? If winter is bringing your hair care game down, we've got you covered.

Low temperatures and cold winds can affect your hair in multiple ways. Solution? Tweaking your hair care routine to suit the changing temperatures. Read on to find out what you should do.



## How To Take Care Of Hair In Winter?

### Cover Your Head With A Hat Or A Scarf

Pull out your scarfs and hats to cover your hair, this winter. Use a silk or satin scarf to cover your hair first and layer it with cotton or woollen fabrics to protect your hair from the cold air.

Covering your hair in cotton or woollen fabrics can cause friction and lead to split ends and breakage, hence, silk or satin is your best bet.

### Shampoo Less

Excessive shampooing is the reason behind dry and flaky scalp in winters. The ingredients in shampoos strip off the natural oils on your scalp making the hair dry. The chemicals can also irritate your skin, causing itchiness. Shampoo less often and use gentle formulas. Steer clear of drying ingredients in your shampoos like alcohols, dyes, fragrances and sulfates.

### Deep Condition To Control Frizz

The dry air during winter can remove the moisture in your hair and open up the hair cuticle.

### Avoid Heat Styling Products

The heat from heat styling tools like straighteners, blow dryers and curlers can break your hair and cause split ends.

Limit your exposure to these tools and use a heat protectant serum, if you must style. Give your hair a break from heat styling and opt for cool hairstyles like braids, buns, updos and twists in winter months.



### Use Oil Or Serum

Winters can suck out the moisture from your hair. Use a serum or oil overnight to see hydrated strands the next morning. Make sure that you sleep on a silk or satin pillowcase to avoid breakage of hair.

You can choose hydrating ingredients like aloe vera, green tea and shea butter in your serums and oils like coconut oil, castor oil, olive oil and almond oil for your hot oil massages. Massage your hair 1-2 times a week with the above mentioned carrier oils to improve blood circulation and promote healthy hair.



### A Good Hair Care Routine

Invest time, effort and a few bucks in your hair care routine. People who have beautiful hair have followed some hair care routine religiously to reap benefits.

Consider shampoos and conditioners suited to your hair type and those with gentler formulas. Wash and condition your hair regularly. Use serums, hot oil massages and hair masks to add a punch of hydration to your hair in winters.

### Take Warm Water Showers

A hot water shower may seem therapeutic but can have a detrimental effect on your hair. Hot water can remove the natural oils from your hair, making it dry.

Lukewarm water is what you should consider for a relaxing shower in any season.

### Drink Plenty Of Water

One of the essential components of your hair strands is water. To replenish the lost water content in winter months, it is essential to keep yourself hydrated.

Yes, you heard it right! You need to drink an adequate amount of water in winter too to keep your hair hydrated and healthy. Hydration ensures that you provide water to your hair from root to tips. Dryness, itchiness and dandruff are all taken care of, once the hair and scalp is hydrated.

### Fight The Flakes


You may notice white or yellowish flakes on your scalp that may fall off on your shoulders, this season. This is dandruff and a common complaint in winter months. Dandruff can be caused due to a fungal infection or dry scalp in the winter.

Consider using an anti-dandruff shampoo containing active ingredients like salicylic acid, zinc pyrithione, ketoconazole, selenium sulfide or coal tar.

### How Often Should You Wash Hair In Winter?


It is recommended that you wash your hair every 1-2 days, if you have an oily scalp and every 3-4 days, if you have dry hair. In winters, reduce the number of hair washes to avoid eradication of natural oils from your hair.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# रानीवाड़ा को सांचौर जिले से अलग करने की मांग फिर उठी

## रानीवाड़ा संघर्ष समिति ने प्रेस वार्ता में बेमियादी धरना शुरू करने की चेतावनी दी

**रानीवाड़ा,** (निसं)। रानीवाड़ा तहसील को सांचौर जिले से हटाकर जालोर जिले में शामिल करने को लेकर रानीवाड़ा संघर्ष समिति ने शनिवार को प्रेस वार्ता बुलाकर बेमियादी धरना शुरू करने की चेतावनी दी है। इस आंदोलन को लेकर पूर्व में 54 दिन का धरना दिया गया था जो कि आचार संहिता के चलते स्थगित किया गया था। अब फिर से मांग उठने लगी है।

रानीवाड़ा संघर्ष समिति के संयोजक मुकेश खंडेलवाल ने बताया कि पूर्व में 54 दिन के लंबे धरने को आचार संहिता के तकनीकी कारणों से स्थगित किया गया था। अब प्रदेश में सरकार बदल गई है। पहले जो सरकार थी वो अब विपक्ष में है। ऐसे में अब स्थगित धरने को एक बार फिर से शुरू करने की मांग होने पर आज समिति की बैठक में सरकार के नाम ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया है।



रानीवाड़ा संघर्ष समिति ने प्रेस वार्ता कर धरना शुरू करने की चेतावनी दी।

उन्होंने बताया कि मौजूदा सरकार से निवेदन किया जाएगा कि भीनमाल को नया जिला बनाकर रानीवाड़ा तहसील को उसमें शामिल करे। ऐसा नहीं करने पर दूसरा विकल्प रानीवाड़ा तहसील को एक बार फिर से जालोर जिले में यथावत रखने की मांग की जाएगी। इस आंदोलन में पक्ष और विपक्ष के जनप्रतिनिधिगणों ने पूरा सहयोग दिया है। रानीवाड़ा की 36 कौम की जनता का समर्थन साथ में है। सरकार की ओर से मांगे नही मानने पर स्थगित धरना भूख हडताल वापस शुरू की जाएगी।

पूर्व की अशोक गहलोत सरकार ने रातों रात निर्णय लेकर सांचौर को नया जिला बनाकर रानीवाड़ा क्षेत्र के लोगों की बिना रायशुमारी किए उन्हे सांचौर में जोड़ने पर रानीवाड़ा तहसील के लोग नाराज हैं। पूर्व मंत्री अर्जुनसिंह देवड़ा के मोटिवेशन से रानीवाड़ा संघर्ष समिति का गठन कर धरना विरोध प्रदर्शन किया गया था। साथ ही, जयपुर प्रतिनिधि मंडल ने राजस्व मंत्री से मुलाकात कर मांगें बताई थी, बावजूद इसके कोई कार्यवाही नहीं हुई। अब भाजपा सरकार के सत्ता में आने से रानीवाड़ा तहसील के लोगों को भरोसा जगा है। पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल के साथ स्थानीय मांगें सरकार तक भिजवाई जाएगी।

■ पूर्व में हो चुका है 54 दिन का बेमियादी धरना, आचार संहिता के चलते हुआ था स्थगित

इस मौके पर किसान संघ के प्रांतीय महामंत्री सोमाराम चौधरी ने भी भविष्य की रणनीति पर चर्चा कर अपनी बात सांझा की। विश्व हिंदु परिषद के प्रखंड अध्यक्ष किशोर जोशी, चंदनसिंह डाभी, भंवरसिंह धानोल, हरीश केला, भंवराराम माली, अजयसिंह सिनसिनवार, विपिन जोशी, दिनेश गर्ग, अशोक राणा, अशोक चौधरी, सहित कई लोगों ने मिटींग में मौजूद रहकर अपनी बात बताई।

# स्कूल की बालिकाओं से भरी टाटा 407 पलटी, 40 घायल

## आधा दर्जन बालिकाओं की हालत नाजुक

**अलवर,** (निसं)। लक्ष्मणगढ़ से थाना क्षेत्र के हरसाना में आईटीआई कॉलेज के समीप राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की 47 छात्राओं को भ्रमण के लिए ले जा रही एक टाटा 407 अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 40 से अधिक बालिकाएं घायल हो गई।,

वहीं हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। वहीं आसपास में मौजूद लोगों ने गाड़ी में फंसी बालिकाओं को बाहर निकाला और इसकी सूचना पुलिस व 108 एम्बुलेंस को दी। जिस पर तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची स्थानीय लोगों के सहयोग से आनंद-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरसाना व लक्ष्मणगढ़ में भर्ती करवाया। वहीं अस्पताल में एक साथ कई दर्जनों बालिकाएं पहुंचने के चलते अफरा-तफरी मच गई। इधर हादसे की सूचना मिलते ही घायल बालिकाओं के परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुचे। जिससे अस्पताल में चीख पुकार मच गई। डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ ने सभी घायल बालिकाओं का उपचार किया। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद आधा दर्जन बालिकाओं की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया। इधर हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशानिक अधिकारी अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

■ 47 छात्रायें भ्रमण के लिए जा रही थी

स्कूल प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने भी आई है। 47 बालिकाओं को भृमण के लिये बस से भेजने के बजाय एक टाटा 407 में भेजा गया। वहीं टाटा 407 के चालक की लापरवाही के चलते बड़ा हादसा हो गया।

# स्कूल जा रहे बच्चों की वैन ट्रक से भिड़ी, तीन घायल

**डीग,** (निस)। कुम्हेर थाना इलाके में ईको वैन से तीन बच्चे स्कूल जा रहे थे। तभी ट्रक ने ईको वैन में सामने से टक्कर मार दी। घटना में तीनों बच्चों को चोट लगी। वहीं वैन का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे रारह अस्पताल में उपचार के बाद भरतपुर के आरबीएम अस्पताल रेफर कर दिया। तीनों बच्चों का उपचार करवाकर घर भेज दिया गया।

घटना भरतपुर मथुरा हाईवे की है। तीनों बच्चों के परिजनों ने एक प्राइवेट ईको वैन लगाई हुई थी। जिसमें रसूलपुर गांव के भाई बहन मयंक (13) लक्ष्मी (16) और रारह के रहने वाला दुर्गेश (14) एक निजी स्कूल में पढ़ने के लिए जाते थे। रोजाना की तरह आज भी वैन का ड्राइवर बिल्ला निवासी भरतपुर तीनों बच्चों को लेकर स्कूल जा रहा था। तभी शहीद वीरेंद्र सिंह की प्रतिमा के पास वैन के ड्राइवर ने एक वाहन को ओवरटेक किया और सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी की, वैन के आगे का हिस्सा पूरी तरह टूट गया। तभी वहां इकट्ठे हुए लोगों ने ट्रक ड्राइवर को मौके पर पकड़ लिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया। गनीमत यह रही की तीनों बच्चों के मामूली चोटें आईं। वहीं ईको वैन का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया।

# पुलिस की कार्य प्रणाली से नाराज युवाओं ने जाम लगाया

**बामनवास,** (निसं)। उपखंड मुख्यालय पर कुछ युवाओं द्वारा पुलिस कार्यप्रणाली के प्रति विरोध जताते हुए आरोप लगाकर थाने पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया गया। वहीं प्रदर्शनकारियों द्वारा सीतोड़ ग्राम के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन भी किया गया। पुलिस प्रशासन की कार्य प्रणाली के विरोध में अनंत बड़ीला के नेतृत्व में युवाओं द्वारा थाने के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रोष जाहिर किया गया।

कुकरडा निवासी दो जनों पिता पुत्र की गिरफ्तारी पर इन युवाओं द्वारा थाने के सामने प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन कर रहे इन युवाओं का कहना था कि पुलिस द्वारा साधारण मुकदमे में भी दोनों पिता-पुत्रों के साथ बेरहमी से मारपीट कर हवालात में बंद कर दिया गया। वही इस संबंध में बातचीत के लिए थाने में गए लोगों से भी एक पुलिसकर्मी द्वारा अभद्रता की गई। अनंत बड़ीला के नेतृत्व में पुलिस थाने के बाहर यह विरोध प्रदर्शन का दौर शाम 4 बजे तक चलता रहा। इस दौरान प्रदर्शन में शामिल युवाओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। प्रदर्शनकारी युवा दूसरे पक्ष के खिलाफ भी मामला दर्ज करने एवं अभद्रता करने वाले पुलिसकर्मी को सस्पेंड करने की मांग को लेकर अड़े रहे। पुलिस थाना प्रभारी हवासिंह मंगावा इस दौरान समझाइश की। शाम को पुलिस द्वारा दूसरे पक्ष के लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिए जाने के बाद प्रदर्शनकारी थाने के सामने से रवाना हो गए। सवाई माधोपुर विधायक डॉ. किरोडी लाल मीणा द्वारा भी दूरभाष के माध्यम से थाना प्रभारी से पूरे मामले की जानकारी ली गई।



प्रदर्शन कर रहे युवाओं से थानाधिकारी ने थाने में समझाइश की।

# नशीली दवाओं पर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस फरजंद अली ने नशीली दवाओं के अवैध कारोबार पर चिंता जाहिर करते हुए प्रसंज्ञान लिया है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से कई सवाल किए। न्यायाधीश फरजंद अली ने कहा कि हमारे सामने ऐसे कई मामले आए हैं, जिनमें बड़ी संख्या में साइकोट्रॉपिक पदार्थ युक्त गोलियां जब्त की गई हैं।

नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट (एनडीपीएस एक्ट) के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच एजेंसी उन आरोपी व्यक्तियों को पकड़ती है जो गोलियां ले जा रहे थे या जिनसे गोलियां बरामद की गईं। ये आरोपी व्यक्ति अन्य आरोपियों का नाम लेते हैं, जिनसे उन्होंने कथित तौर पर गोलियां खरीदी। मामला वहीं खत्म हो जाता है, लेकिन नशीली दवाओं के असली सौदागरों तक पुलिस नहीं पहुंचती। कोर्ट ने कहा कि नशीली दवाइयां विशेषकर युवाओं के जीवन को प्रभावित कर रही हैं।

# यूनाईटेड इंश्योरेंस कंपनी को पौने चार करोड़ रुपये चुकाने के आदेश

## वाणिज्यिक न्यायालय संख्या 2 जोधपुर के न्यायाधीश ने आदेश दिये

**जोधपुर,** (कासं)। वाणिज्यिक न्यायालय संख्या 2 जोधपुर के न्यायाधीश सत्यपाल वर्मा ने अपने विस्तृत निर्णय में महत्वपूर्ण व्यवस्था दी है कि अग्नि बीमा दावे में सर्वे रपट अंतिम शब्द नहीं है और दावा राशि का पूर्ण एवं अंतिम भुगतान प्राप्त करने के बाद भी बीमाधारी बकाया दावा राशि प्राप्त करने का हकदार है। इसी अनुरूप युनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को दो लाख रुपए हरजाने और ब्याज सहित वादी को पौने चार करोड़ रूपए चुकाने होंगे।

शेखावाटी आर्ट एक्सपोर्टर्स के भागीदार ललित विनोद जौहरी ने अधिवक्ता अनिल भंडारी के माध्यम से वाद दायर कर कहा कि उनके बीमित फर्म में एक दिसंबर 2014 को आग लग जाने पर तीन करोड़ रूपए से अधिक का सामान जल गया और भवन तथा मशीनरी में भी नुकसान हुआ। बीमा कंपनी ने 3 करोड़ 90 लाख 4 हजार 9 रुपए के एवज में वादी को दवाब में लेकर उनके दावा वाउचर पर हस्ताक्षर करवा कर महज 1 करोड़ 10 लाख 15 हजार 370 रुपए का ही भुगतान किया और बकाया दावा राशि 1 करोड़ 98 लाख 88 हजार 639 रुपए का भुगतान करने से इनकार कर दिया।

अधिवक्ता भंडारी ने कहा कि बीमा कंपनी के सर्वेयर ने बीमित परिसर में किराएदार कंट्री आर्ट एंड क्राफ्ट के 10 करोड़ रूपए के स्टॉक में से एक तिहाई स्टॉक वादी का मानकर दस्तावेजों के विपरीत आंकलन किया और लोहे के जले हुए माल में 40 फ़ीसदी कटौती का नियम लकड़ी के सामान पर भी लगाकर गंभीर भूल की है। उन्होंने कहा कि सर्वेयर ने स्टॉक में 20 फीसदी लाभ तथा भवन और मशीनरी में अवमूल्य कटौती कर बीमा पॉलिसी प्रावधान के विपरीत कार्य किया है सो वादी अपनी बकाया दावा राशि प्राप्त करने का हकदार है। बीमा कंपनी की ओर से कहा गया कि सर्वेयर एक स्वतंत्र व्यक्ति है और उसके द्वारा किए गए आंकलन को चुनौती नहीं दी जा सकती है और वादी ने बीमा कंपनी से अपने दावे की पूर्ण एवं अंतिम राशि प्राप्त करली है सो वाद चलने योग्य नहीं है।

वाणिज्यिक न्यायालय ने बीमा कंपनी पर दो लाख रुपए हर्जाना लगाते हुए कहा कि वादी ने पुख्ता सबूत और साक्ष्य से अपना बकाया दावा साबित किया है और बीमा पॉलिसी में स्टॉक राशि में न तो लाभ को शामिल करने का और न ही संपति पर अवमूल्य लगाए जाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि किराएदार का एक तिहाई स्टॉक वादी का माने जाने का कोई भी पुख्ता आधार बीमा कम्पनी साबित नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि वादी ने जब दावा वाउचर पर विरोध सहित हस्ताक्षर करने चाहे तो बीमा कंपनी ने उस समय दावा राशि का भुगतान करने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि सर्वे रपट को अंतिम शब्द नहीं माना जा सकता और न ही पूर्ण एवं अंतिम भुगतान के बाद बकाया दावा राशि प्राप्त करने से वादी को वंचित किया जा सकता है।

उन्होंने वाद सव्यय मंजूर करते हुए बीमा कंपनी को निर्देश दिया कि वादी को बकाया दावा राशि 1 करोड़ 98 लाख 88 हजार 639 रुपए, दावा दायरी तक ब्याज राशि 40 लाख 8 हजार 209 रुपए तथा बकाया दावा राशि पर 11 जुलाई 2016 से 9 फीसदी ब्याज सहित पौने चार करोड़ अदा करें।

# सरपंच पति पर हुए हमले का आरोपी गिरफ्तार

**खेतड़ी,** (निसं)। मेहाडा पुलिस ने शुक्रवार देर रात को गोरीर के सरपंच पति पर हुए जानलेवा हमले के आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी पिछले दो माह से फरार चल रहा था। थानाधिकारी किरण सिंह यादव ने बताया कि थाना क्षेत्र के गोरीर निवासी भागीरथ सिंह ने थाने में रिपोर्ट दी कि 11 अक्टूबर की रात करीब 10:30 बजे वह अपने कमरे में सो रहा था, वहीं दूसरे कमरे में उसके माता-पिता सो रहे थे।

इस दौरान मनजीत पुत्र रोहितास, दीपक पुत्र सुमेर निवासी गोरीर व तीन-चार लड़के उसके घर की दीवार फांदकर घर में घुस गए और उसके कमरे में घुसकर उस पर लाठी व लोहे की रोड से हमला कर दिया। जब उसने शोर शराबा किया तो परिवार के अन्य लोग भी बीच बचाव करने आए तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर कमरे में बंद कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की और जबरन उसकी जेब से 5700 रूपए निकाल कर ले गए। आरोपियों ने जाते समय थाने में रिपोर्ट करने पर उसके बच्चों व उसे जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित ने बताया कि वह भारतीय सेना से रिटायर है तथा वर्तमान में सरपंच प्रतिनिधि के रूप में गांव में कार्य करता है। उसके साथ मारपीट करने वाले युवक बदमाश प्रवृत्ति के है, जिससे उसकी जान को खतरा बना हुआ है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी अनिल बेनीवाल ने आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने गौरीर गांव में दबिश देकर आरोपी मनजीत मान पुत्र रोहिताश मान को गिरफ्तार कर लिया।

# युवक का अपहरण

**जालोर,** (निसं)। जालोर के नए बस स्टैण्ड पर गाड़ी में सवार होकर आए तीन युवकों ने जालोर के लाल पोल निवासी मोहसीन अली का अपहरण कर लिया। आरोपियों ने उसके कपड़े उतार कर अश्लील वीडियो बना लिया। जिसे वायरल करने की धमकी देकर आरोपियों ने पीड़ित से 38 हजार लूट लिए और दो लाख की डिमांड करते हुए छोड़ दिया। पीड़ित ने शुक्रवार को कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया।

लालपोल के बाहर निवासी मोहसीन अली पुत्र जमीर अली मंगलवार की रात करीब 8 बजे नए बस स्टैण्ड के सामने स्थित मातेश्वरी मेडिकल स्टोर से दवाई लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान कार सवार तीन लोगों ने उसे रोककर उसका मुंह दबा दिया। आरोपियों पीड़ित को जबरदस्ती कार में बिठाया और अपहरण करके ले गए। आरोपी युवक को रेलवे फाटक पर ले गए और उसके कपड़े उतर कर अश्लील वीडियो बनाया।

# तीन बच्चों के पिता ने फांसी लगाई

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले के चौरासी थाना क्षेत्र के भिंडा गांव में तीन बच्चों के एक पिता ने अपने ही घर में लकड़ी की बल्ली पर रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया। आत्महत्या करने के पीछे पत्नी का पति को छोड़ पीहर चले जाना बताया जा रहा है।

चौरासी थाना से मिली जानकारी के अनुसार चौरासी थाना क्षेत्र भिंडा फला बामनिया निवासी राकेश पुत्र रामजी मानत ने का शव उसकी घर में लकड़ी के बल्ली पर रस्सी के फंदे लटका हुआ मिला। शनिवार सुबह मृतक राकेश का लड़का मेहुल अपने पिता को फंदे से लटके हुए देखने पर इसकी सूचना कुछ दूरी पर निवासरत बडे भाई प्रकाश को दी। प्रकाश द्वारा चौरासी पुलिस को दी गई सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को परिजनों की मदद से फंदे से नीचे उतारा और जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया।

■ आत्महत्या का कारण पत्नी का पति को छोड़ पीहर चले जाना बताया जा रहा है

मृतक के भाई ने रिपोर्ट में बताया गया कि राकेश की पहली पत्नी से तीन बच्चे थे। जिसकी दो साल पहले मौत हो गई थी। जिसके बाद राकेश ने दूसरी पत्नी रमिला से नाता विवाह किया था। राकेश की दूसरी पत्नी रमिला 7 दिन पहले ही छोड़कर पीहर चली गई थी। जिससे वह तनाव में चल रहा था बीती रात्रि को राकेश ने अपने घर पर रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

# पेड़ की छंगाई करते समय पैर फिसला, एक की मौत

**सादुलपुर,** (निसं)। गांव गुलपुरा में खेत में खेजड़ी के पेड़ की छंगाई करते समय पैर फिसलकर गिरने से एक व्यक्ति की मौत का मामला शनिवार को राजगढ़ थाने में दर्ज करवाया गया है।

थानाधिकारी सुभाष ढील ने बताया कि अनिल कुमार पुत्र कृष्णकुमार प्रजापत ने राजगढ़ थाने में इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि 15 दिसम्बर 2०23 को सांय 4-5 बजे उसका कृष्ण कुमार पुत्र कुरडाराम प्रजापत अपने खेत में खेजड़ी की छंगाई कर रहा था, तथा वह लुंग इकठा कर रहे थे। तभी उसके पिता का अचानक खेजड़ी से पैर फिसल गया और उसके पिता पैर फिसलने से खेजड़ी से नीचे गिर गये। तभी उसने घटना के बारे गाँव में अपने भाई सोनू को को फोन किया और उस घटना के बारे में बताया तब उसका भाई सोनू खेत में गाडी लेकर आया। जैसे ही वे अपने पिता को गाडी में लेकर अस्पताल में पहुंचने से पहले ही उसके पिता की मृत्यु हो गई। आरोप है कि मेरे पिता की मृत्यु उनके खेत में कृषि कार्य करते समय खेजड़ी के पेड़ की छंगाई करते समय पैर फिसलकर नीचे गिरने से लगी चोटो के कारण मृत्यू हो गई। राजगढ़ थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।



राजगढ़ थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई की।

# विजय दिवस की 52वीं स्वर्ण जयंति मनाई

## स्वतंत्रत्ता सेनानियों व विरांगनाओं का सम्मान किया

**मालपुरा,** (निसं)। पूर्व सैनिक आदर्श कल्याण संस्थान शाखा मालपुरा की और से भारत की पाकिस्तान पर हुई जीत व विजय दिवस की 52वीं स्वर्ण जयंति समारोह पूर्वक मनाई गई। पूर्व सैनिकों की अगुवाई मे बड़ी संख्या में जुटे युवाओं ने निकाली तिरंगा रैली। पीनणी रोड शहीद स्मारक से पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी व पुलिस उपाधिक्षक चक्रवर्ती सिंह राठौड़ ने तिरंगा झण्डा दिखाकर बाईक रैली को रवाना किया।

देशभक्ति गानों के तरानों पर भारत माता के जयकारे लगाते वाहन रैली शहर के मुख्य मार्गो से होकर गुजरी। शहरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया। नगर परिक्रमा कर पुनः शहीद पार्क पर तिरंगा वाहन रैली का समापन हुआ। संस्थान की और से शहीद स्मारक पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में शामिल पूर्व सैनिकों व शहीदों की विरांगनाओं को शॉल ओढाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह में पूर्व सैनिक संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता कर्नल देव आनन्द सिंह गुर्जर ने कहा कि विजय दिवस के इस पावन अवसर पर भारत- पाकिस्तान युद्ध का वो दृश्य आज हर भारतीय की आंखों में समाया हुआ है। भारतीय जवानों ने भारत मां की आन-बान व शान के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्यौछावर कर दिये थे। पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों को बंधक बना भारतीय सैना का लौहा मनवा दिया था।



विजय दिवस के उपलक्ष में मालपुरा में तिरंगा वाहन रैली निकाली।

उन शहीदों की विरांगनाओं को आज सम्मानित करने का अवसर मिला है जो उनके जीवन में सदैव याद रहेगा। इस दौरान सेना में नायक रहे सत्यनारायण देवल, सुबेदार अमर सिंह, कप्तान दौलतराम टांक, पूर्व उपप्रधान गोपाल गुर्जर ने भी समारोह को सम्बोधित किया। संस्थान के अध्यक्ष कैप्टन सूरजमल, श्रीराम चौधरी, राजाराम शर्मा, डॉ. नासीर, रामलाल फौजी, शिवरतन शर्मा सहित संस्थान के पदाधिकारियों ने अतिथियों का सम्मान कर शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र चढ़ाया।

# देशी युवक व विदेशी युवती का विवाह आज

**जोधपुर,** (कासं)। बिहार में जन्में एनआरआई सिद्धार्थ सिन्हा अपने ही देश में आकर अपने विवाह को यादगार बनाना चाहते हैं। सिद्धार्थ यूक्रेनीयन अमरीकन ओक्साना से हिन्दू रीति रिवाज से शादी करने जा रहे हैं। दोनों का विवाह जोधपुर के उम्मेद पैलेस में आयोजित होगा। सिद्धार्थ सिन्हा का अमेरिका में एनर्जी का बिजनस है और वो कई सालों पहले भारत से अमेरिका में जाकर बस गए थे। तब से लेकर आज तक सिद्धार्थ ने ना केवल अपना बिजनैस बड़ा किया बल्कि एक कामयाब एनआरआई बनकर विदेश में भी अपने देश का नाम ऊँचा किया। विदेश में रहने के दौरान ही उनको ओक्साना से प्रेम हो गया लेकिन विदेश में रहने के बावजूद अपनी संस्कृति और संस्कार नहीं भूले। सिद्धार्थ ने अपनी मैरिज के लिए जोधपुर को चुना है। शनिवार को हिन्दू रीति-रिवाज से मेहंदी हल्दी रस्म के साथ संगीत समारोह हुआ। वहीं रविवार को सात फेरे लेकर परिणय सूत्र में एक होंगे।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**चूरू,** (कासं)। सदर थाना क्षेत्र के गांव खासोली के पास शुक्रवार शाम एक वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर मौजूद व्यक्ति ने उसे निजी वाहन से डीबी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पहुंचाया। जहां हालत गंभीर होने पर प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसे जयपुर रैफर कर दिया। जयपुर जाते समय सीकर के पास रास्ते में युवक की मौत हो गई। शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया।

घटना के बाद शनिवार दोपहर करीब 12 बजे आक्रोशित ग्रामीणों ने रामनगर तिराहे पर जाम लगा दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। घटना की सूचना मिलने पर सदर थानाधिकारी करतार सिंह और पीडब्ल्यूडी एक्सईएन बीएल सोनी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की। सदर थानाधिकारी करतार सिंह ने बताया कि खासोली निवासी रामनिवास ने रिपोर्ट दी कि उसका चचेरा भाई 30 वर्षीय सज्जन सैनी शुक्रवार शाम चूरू से काम करके वापस गांव लौट रहा था। तभी गांव से पहले पानी के आरओ प्लांट के पास सामने से आ रहे वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी।


टक्कर लगने के बाद सज्जन सैनी खड्डे में गिर गया। जिसे प्लांट के सुरेश प्रजापत ने निजी वाहन से डीबी अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर प्राथमिक इलाज के बाद उसे जयपुर रेफर कर दिया। रास्ते में सीकर के पास उसकी मौत हो गई। पुलिस ने रामनिवास की रिपोर्ट पर गाड़ी के नंबरों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया। शनिवार दोपहर शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। गांव के एडवोकेट सुरेश आर्य ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से 6 महीने पहले सड़क के दोनों ओर खड्डे खोदकर छोड़ दिया था।

# गैंगस्टर आनंदपाल के भाई और चाचा को दो साल की सजा सुनाई

## तत्कालीन आई.पी.एस. दीपक यादव से बदसलूकी का है मामला

**डीडवाना,** (निसं)। शनिवार को वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट नीलम मीना ने एक मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए गैंगस्टर आनंदपाल सिंह के भाई हार्डकोर अपराधी रूपेंद्रपाल सिंह उर्फ विक्की और उसके चाचा दामोदर सिंह को दो-दो साल की सजा सुनाई है। साथ ही 2100-2100 रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

जानकारी के अनुसार डीडवाना में राजकार्य में बाधा और तत्कालीन पुलिस उप अधीक्षक आईपीएस दीपक यादव से बदसलूकी के मामले में गैंगस्टर आनन्दपाल सिंह के भाई रुपेंद्रपाल सिंह और उसके चाचा दामोदर सिंह को पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच डीडवाना के एसीजेएम न्यायालय में पेश किया गया। यह मामला साल 2017 का है। पेशी के लिए विक्की को दौसा की हाई सिक्योरिटी जेल से तथा दामोदर सिंह को अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल से


आरोपियों को पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच डीडवाना के एसीजेएम न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस की कड़ी सुरक्षा में बख्तरबंद गाड़ियों में लाया जाकर न्यायाधीश नीलम मीना के समक्ष पेश किया गया। इस दौरान आज कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए मुख्य आरोपी रूपेंद्रपाल सिंह और दामोदर सिंह को दोषी करार देते हुए दोनो को दो-दो साल के कारावास की सजा सुनाई।

राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या के बाद इस दौरान पुलिस बेहद सतर्क नजर आई और पेशी पर पुलिस का कड़ी सुरक्षा बंदोबस्त देखा गया। कोर्ट परिसर में पुलिस के सशष्त्र कमांडो और जवान तैनात किए गए। रूपेंद्रपाल सिंह की सुरक्षा में भी सशस्त्र कमांडो तैनात किए गए। इसके अलावा कोर्ट के चप्पे चप्पे पर पुलिसकर्मी तैनात रहे और हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखे हुए थे।


- **राजकार्य में बाधा व बदसलूकी के मामले में सुनाई गई सजा**
- **साथ ही 2100-2100 रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है**

# बैंक डकैती के आरोपियों को पुलिस ने कड़ी सुरक्षा में कोर्ट में किया पेश

## आरोपियों ने गैंगवार की आशंका जताते हुए सुरक्षा मुहैया करवाने की मांग की थी

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी उपखंड के शिमला बैंक डकैती के दो आरोपियों को पुलिस ने शनिवार को कड़ी सुरक्षा में कोर्ट में पेश किया है। आरोपियों ने गैंगवार की आशंका जताते हुए सुरक्षा मुहैया करवाने की मांग की थी।

सीआई आसाराम गुर्जर ने बताया कि वर्ष 2018 में बाइक पर सवार होकर आए नकाबपोश बदमाशों ने सीमावर्ती गांव शिमला के बैंक में डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। इस दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात के आरोपियों को हरियाणा की सीमा में प्रवेश करने से पहले ही दबोच लिया था। वारदात में शामिल आरोपी राजेश उर्फ लिडरिया पुत्र लीलाराम निवासी रूपसराय थाना निजामपुर (हरियाणा)


खेतड़ी उपखंड के शिमला बैंक डकैती के दो आरोपियों को पुलिस कड़ी सुरक्षा में कोर्ट लेकर आई।

झुंझुनूं जेल में विचाराधीन है। जिसकी आज पेशी होने पर उसने गैंगवार होने की आशंका जताते हुए एसपी को परिवाद देकर सुरक्षा मुहैया करवाने की मांग की थी। एसपी के निर्देश पर आरोपी को कड़ी सुरक्षा के बीच खेतड़ी न्यायालय लेकर आए, जहां पुलिस जाब्ता की मौजूदगी में पेशी करवाई गई।

न्यायालय ने पेश होने के बाद उसे पुलिस सुरक्षा में ही वापस ले जाया गया है। आरोपियों को खेतड़ी लाया गया तो पुलिस की ओर से न्यायालय परिसर को छावनी में तब्दील कर दिया गया। पुलिस की ओर से हथियार बंद जवान उसकी सुरक्षा में लगाए गए। इस दौरान खेतड़ी, खेतड़ीनगर, आरएसी व कमांडो के हथियारबंद जवानों की तैनाती की गई तथा कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें कोर्ट में पेश किया गया है। इस मौके पर सीआई आसाराम गुर्जर, खेतड़ी नगर थानाधिकारी गोपाल सिंह थालौर, एसआई बनवारी लाल यादव, एएसआई कैलाश चंद्र, देवेंद्र सिंह, राजकुमार सहित पुलिस जाब्ता मौके पर तैनात रहा।

- **वर्ष 2018 में नकाबपोश बदमाशों ने गांव शिमला के बैंक में डकैती की थी**

# ट्रेन कोच अटेंडेंट ने यात्री से 70 लाख के जेवर और नगदी चुराई

## नई दिल्ली से मुंबई जाते समय राजधानी के कोच अटेंडेंट ने यात्री को बातों में लेकर चोरी की

**कोटा,** (निसं)। एक तरफ रेलवे प्रशासन और आरपीएफ यात्रियों की सुविधाओं की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, पर वहीं राजधानी जैसी ट्रेनों में हो रही चोरियों की घटनाएं आरपीएफ गश्त और रेलवे प्रशासन के दावों की पोल खोलती नजर रही है।

राजधानी जैसी ट्रेनों में तो कोच अटेंडेंट ही चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला राजधानी ट्रेन में देखने को मिला। नई दिल्ली से मुंबई जाते समय राजधानी के कोच अटेंडेंट ने ही यात्री को बातों में लेकर 70 लाख की चोरी को अंजाम दे दिया। जीआरपी ने चोरी के आरोप में दो कोच अटेंडेंट को नामजद किया है और आरोपियों की तलाश में जुटी है। मामले में सामने आया कि लोहित रेगर जो दिल्ली में एक ज्वैलरी शॉप पर काम करता है। उसके मालिक ने 36 लाख 50 हजार नगदी व 540 ग्राम गोल्ड (करीब 33 लाख) के जेवर मुंबई पहुंचाने के लिए दिए थे।

वह तेजस राजधानी एक्सप्रेस में सवार होकर मुंबई जा रहा था। उसके कोच में दो अटेंडेंट योगेश व रामवीर थे। दोनों को बैग में केश व ज्वैलरी होने का पता लग गया था।

दोनों ने बातों बातों में नजदीकियां बढ़ाई और कहा कि आगे चैकिंग चल रही है। ये बेग हमारे पास रख दो। हमारे पर कोई शक नहीं करेगा। दोनों ने यात्री को विश्वास में लिया। दिल्ली से रवाना होने के बाद ट्रेन सीधे कोटा स्टेशन पर आकर रुकी। लोहित टॉयलेट करने बाथरूम गया। पीछे से दोनों अटेंडेंट नगदी व ज्वैलरी से भरा बैग लेकर फरार हो गये। जीआरपी मनोज सोनी ने बताया कि पीड़ित ने अटेंडेंट योगेश व रामवीर के खिलाफ चोरी की शिकायत दी है। स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। दोनों आरोपियों की तलाश में जीआरपी की अलग-अलग टीमें लगी हुई है।

- **जीआरपी ने चोरी के आरोप में दो कोच अटेंडेंट को नामजद किया है और तलाश में जुटी**

# पिकअप व बोलेरो की भिड़ंत में तीन की मौत, एक घायल

**हनुमानगढ़,** (निसं)। नोहर-भादरा रोड पर गांव परलीका के पास देर रात दो जीपों की भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन जनों की मौत हो गई तथा एक जना घायल हो गया। सभी मृतक तथा घायल भादरा तहसील क्षेत्र के गांवों के ही रहने वाले हैं। घायलों को नोहर के उप जिला चिकित्सालय लाया गया। जबकि मृतकों के शव उप जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाए गए हैं। सूचना मिलने पर गोगामेड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा क्षतिग्रस्त वाहनों को रोड से हटाकर यातायात सुचारू कराया। हादसा इतना भीषण था कि बोलेरो में सवार तीन जनों की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार गांव परलीका के निकट देर रात पिकअप व बोलेरो के बीच टक्कर हो गई। हादसे में बोलेरो सवार चार व्यक्तियों में से तीन की मौत हो गई तथा एक जना घायल हो गया। मृतकों की पहचान राजवीर (38) व राजकुमार (25) निवासी कुंजी तथा रामस्वरूप (35) निवासी घेऊ की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मांगेराम (45) निवासी घेऊ घायल हो गया। उसे नोहर के राजकीय चिकित्सालय से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर सिरसा रेफर कर दिया गया। देर शाम तक तक गोगामेड़ी थानाधिकारी राधेश्याम पोस्टमार्टम की कार्रवाई करवाने में लगे हुए थे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने जहर खाया, मौत

**धौलपुर,** (निसं)। धौलपुर जिले के दिहोली थाना क्षेत्र के गांव कठुमरी में शनिवार को एक विवाहिता ने जहर खा लिया। परिजनों ने गंभीर हालत में जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया, जहां से गंभीर हालत में रैफर कर दिया। तभी ग्वालियर ले जाते समय रास्ते में ही विवाहिता ने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन शव को लेकर जिला अस्पताल धौलपुर पहुंचे, जहां शव को मोर्चरी में रखवा दिया।

जानकारी के अनुसार 27 वर्षीय सावित्री पत्नी रविंद्र निवासी कठुमरी ने शनिवार को विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। विवाहिता का पति मजदूरी करने के लिए बाहर गया था। परिजनों ने कमरे में अचेत अवस्था में विवाहिता को पड़ा देखा तो होश उड़ गए। आनन फानन में परिजनों ने महिला को जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया। लेकिन वहां से रेफर होने के बाद ग्वालियर ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना पुलिस को देकर शव को जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी में रखवा दिया। घटना को लेकर दिहोली थाना प्रभारी सुमन चौधरी ने बताया घटना से मृतका के पीहर पक्ष को अवगत करा दिया है। मायके पक्ष की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस को जैसी रिपोर्ट मिलेगी उसी के अनुसार अनुसंधान किया जाएगा।

# फर्जी परीक्षार्थी मामला : मूल अभ्यर्थी लूणी से गिरफ्तार

**जोधपुर,** (कासं)। बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष परीक्षा में गत शुक्रवार को एक युवक को अपने साथी के स्थान पर परीक्षा देते पकड़ा गया था। पुलिस ने फर्जी परीक्षार्थी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया गया। वहीं मूल अभ्यर्थी की तलाश में पुलिस की लगी टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी लूणी के उत्तेसर निवासी जगदीश पुत्र जस्साराम से अब पूछताछ चल रही है। उसे लूणी से गिरफ्तार किया गया।

शास्त्रीनगर थाने के एसआई प्रहलादसिंह ने बताया कि प्रधानाचार्य राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय के मुकेश तेतरवाल ने रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया कि राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय जयपुर के द्वारा बीएससी नर्सिंग पार्ट एंड सप्लीमेंट-2023 परीक्षा 8 दिसम्बर के लिये इस संस्थान राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय जोधपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया, जिसमें जोधपुर स्थित समस्त नर्सिंग महाविद्यालयों की परीक्षाएं आयोजित करवायी जा रही है।

गत सप्ताह शुक्रवार को बीएससी नर्सिंग पार्ट-1 के विषय फिजियोलॉजी (पेपर-1) की परीक्षा के समय जगदीश गोदारा एनरोलमेन्ट नम्बर 2021/16475 जो कि श्री आर एस विश्नोई मेमोरियल बीएससी नर्सिंग कॉलेज जोधपुर का है, के स्थान पर फर्जी व्यक्ति परीक्षा देते पाया गया। परीक्षा के समय उपस्थिति सीट पर हस्ताक्षर करवाने के समय संदिग्ध लगने पर पूछताछ की गई। इस पर अपना नाम शैतान राम पुत्र हंसाराम जो कि रतनपुरा सांचोर निवासी होना बताया। वह फर्जी तरीके से यहां आकर बैठा था। इनके बीच में प्रति पेपर 15 हजार में सौदा होने के साथ पुरानी पहचान होने से मूल अभ्यर्थी ने उसे बिठाया था। मूल अभ्यर्थी जगदीश को अब गिरफ्तार कर लिया गया है।

- **बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष परीक्षा में एक युवक को अपने साथी के स्थान पर परीक्षा देते पकड़ा था**

## शिक्षा निदेशालय ने प्रतिनियुक्तियां रद्द की

**बीकानेर,** (निसं)। प्रदेश में नई सरकार के कामकाज संभालने के साथ ही असर दिखना शुरू हो गया है। सालों से प्रतिनियुक्ति पर शिक्षा निदेशालय में कार्यरत कर्मचारियों तथा शिक्षकों को रिलीव करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

माध्यमिक शिक्षा के स्टाफ ऑफिसर की ओर से जारी इस आदेश के सामने आते ही शिक्षा विभाग के कार्मिकों में खलबली मच गई। इसमें ऐसे सभी कार्मिकों को तुरंत मूल पदस्थापन स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए कहा गया है। यह आदेश माध्यमिक व प्रारंभिक शिक्षा के साथ पंजीयक कार्यालय में कार्य व्यवस्था पर लगे सभी कार्मिकों पर लागू होगा।

# पति को जेल से छुड़ाने के बहाने महिला से बलात्कार

**बीकानेर,** (निसं)। पति को जेल से छुड़ाने के बहाने महिला को कार से सुनसान जगह पर ले जाकर दो व्यक्तियों ने सामूहिक बलात्कार किया। बाद में पीडिता को जोधपुर के एक गांव में छोड़ कर भाग गए। पीड़िता ने इस संबंध में पांचू थाने में दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

पांचू पुलिस के अनुसार पीड़िता ने बताया कि उसने जोधपुर निवासी युवक से प्रेम विवाह किया था। आठ अक्टूबर को उसके पति को पांचू पुलिस ने मादक पदार्थ रखने के आरोप में गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया। नौ अक्टूबर को पति के रिश्तेदार धर्मचंद सियाग पुत्र हरिराम, बनवारी पुत्र भंवरलाल सियाग उसके घर पर आए। आरोपियों ने उसे पति को छुड़ाने का लालच दिया। नौ अक्टूबर की शाम करीब आठ बजे दोनों आरोपी हरियाणा नंबर की कार लेकर आए। वकील से मिलवाने का कह कर साथ ले गए। गांव से जोधपुर रोड पर करीब 40 किलोमीटर दूर ले जाकर सुनसान जगह पर उन्होंने बारी-बारी से बलात्कार किया। इसके बाद धमकाया भी। आरोपी उसे जोधपुर के एक गांव के पास छोड़ कर चले गए। वहां से भाई आकर ले गया। तीन दिसंबर को पता चला कि पति जेल से छूट चुका है। तब आरोपियों से छिपकर पति के पास आई और उन्हें सारी बात बताई।

# नाबालिग बेटी से रेप करने वाला पिता गिरफ्तार

**रूपवास,** (निसं)। थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपनी ही नाबालिग बेटी से दुष्कर्म कर रहा था।

इसकी शिकायत नाबालिग की मां ने रूपवास पुलिस से की, जिसके बाद आज नाबालिग के पिता को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना 12 दिसंबर की है। आरोपी अपने परिवार के साथ थाना इलाके में इलाके में किराए पर रहता है। आरोपी दिहाड़ी मजदूरी का काम करता है। 16 साल की नाबालिग की मां भी एक में काम करती है। 12 दिसंबर को नाबालिग की मां काम पर गई हुई थी।

आरोपी पिता और नाबालिग घर पर अकेले थे। तभी आरोपी पिता ने नाबालिग बेटी को अकेला देख उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के दौरान नाबालिग की मां घर आ गई। तब उसने अपने पति का विरोध करते हुए। घटना की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद आरोपी पिता घर से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज किया और आरोपी की तलाश शुरू की, आज आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी पिता को जेल भेज दिया है।

- **पत्नी ने पति के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था**

# सांभर में इंदिरा रसोई के नजदीक प्रवेश द्वार पर ताला जड़ा

**सांभरझील,** (निसं)। सार्वजनिक नेहरू बालोद्यान में नगर पालिका की दो दुकानों में इंदिरा रसोई भली भांती से संचालित हो रही है, जहां पर जरूरतमंद लोग भोजन कर अपनी तृप्ति करते हैं, लेकिन विगत कुछ दिनों से इंदिरा रसोई घर के नजदीक प्रवेश द्वार पर पालिका प्रशासन की ओर से ताला ही ठोक दिया गया है, जिसकी वजह से यहां आने वाले लोगों को करीब ढाई सौ मीटर चक्कर काट कर दूसरे गेट से आना पड़ता है।

जानकारी करने पर मालूम हुआ कि ताला इसलिए लगाया जाना बताया कि पार्क में आवारा मवेशी घुस जाते हैं, जबकि हकीकत यह है कि गेट पर जंजीर लगाकर एक व्यक्ति के प्रवेश करने जितना ही खुला रहता था और मवेशी भी नहीं घुस पाते थे लेकिन अब

- **यहां आने वाले लोगों को ढाई सौ मीटर चक्कर काट कर दूसरे गेट से आना पड़ता है**



इंदिरा रसोई के नजदीक गेट पर ताला लगा होने से यहां आने वाले लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

मवेशी की आड़ में पूर्ववर्ती सरकार की योजना को बदनाम करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। लोगों कहना है कि यदि जानवरों को घुसने से ही रोकना है तो यहां पर किसी की ड्यूटी लगानी चाहिए लेकिन तीन साल से जानवर नहीं घुस रहे हैं तो अब अचानक बहाना बनाकर ताला लगाना गरीब लोगों के लिए अच्छा नहीं किया है।

# नकली नोटों के साथ एक गिरफ्तार

## नकली नोट से हो रही थी खरीददारी, 500-500 के 22 नकली नोट जब्त

**चिड़ावा,** (निसं)। चिड़ावा पुलिस ने शहर के बाईपास पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने नकली नोट के साथ एक आरोपी को पकड़ा है और उसके कब्जे से 22 नोट बरामद किए हैं।

सीआई विनोद सामरिया ने बताया कि एएसआई शेर सिंह को एक व्यक्ति के नकली नोट से सामान खरीदने की खबर मिली थी। जिस पर पुलिस ने डीएसटी के सहयोग से आरोपी आरोपी अमित जाट निवासी कुलहरियो का बास को पिलानी बाईपास पर एक दुकान के पास से धर दबोचा। आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके पास से 500 - 500 रुपए के 22 नकली नोट बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से फिलहाल गहनता से पूछताछ की जा रही है। जिसके बाद ही पता चल सकेगा कि आरोपी ये नकली नोट कहां से लाया और अब तक उसने कितने नोट शहर या कहीं भी चलाए हैं।

**दो सीरीज के हैं नोट :-** युवक के पास मिले प्रत्येक नोट को चैक किया गया तो 14 नोटों पर नम्बर 8 टीटी 735641 नोटों की एक ही सिरिज अंकित है। इसी प्रकार शेष 8 नोट 500-500 के नोटों पर नम्बर आईएनडब्लू 586646 एक ही सिरिज के अंकित हैं। आरोपी के खिलाफ मामाला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।


चिड़ावा पुलिस ने नकली नोट के साथ एक आरोपी को पकड़ा।

# बाड़मेर सीमा के पास हेरोइन के छह पैकेट बरामद

**बाड़मेर,** (निसं)। जिले से सटी भारत-पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा की तारबंदी के पास सीमा सुरक्षा बल ने हेरोइन के छह पैकेट बरामद किए हैं।

संभवतया यह खेप सीमा पार से आई है और आगे इसे सप्लाई किया जाना था। बरहाल इस मामले की सीमा सुरक्षा बल अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर जांच कर रही है। जनसंपर्क अधिकारी, बीएसएफ गुजरात के मुताबिक 14 व 15 दिसंबर की मध्य रात्रि को बीएसएफ ने बाड़मेर के भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तारबंदी के पास हेरोइन के 6 पैकेट बरामद किये। चैकिंग के दौरान संदेह होने पर इलाके में तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें बिजराड थाना अंतर्गत बभूतो की ढाणी के पास तारबंदी के समीप हेरोइन के छह पैकेट (वजन लगभग 6 किलो) बरामद हुए।

**दि जयपुर सैण्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि.**
F1, नर्सरी सर्किल, वैशाली नगर, जयपुर pin-302021
**निविदा सूचना**
बैंक द्वारा कम्प्यूटर हार्डवेयर क्रय हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 03/01/2024 को अपरान्ह 1.00 बजे तक Gem Portal के माध्यम से बोली आमन्त्रित की जाती है। तत्संबंधी निविदा प्रारूप/दस्तावेज बैंक वेबसाइट https://www.ccbjaipur.com, https://sppp.rajasthan.gov.in एवं Gem Portal से डाउनलोड किया जा सकता है।
Tender Ref.No.- Jccb/Ope/2023-24/65827 Date : 16/12/2023
Gem Ref No.- GEM/2023/B/4355901
(एम.एल. गुर्जर), प्रबन्ध निदेशक

## संक्षिप्त

### राजेन्द्र तिवाडी साइकिल यात्रा के लिए रवाना

**मालपुरा** (निस) पर्यावरण व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को लेकर एडवोकेट राजेन्द्र तिवाडी उज्जैन से तिरूपति बालाजी 1600०० किमी तक की साइकिल यात्रा के लिए हुये रवाना। रोटरी क्बल अध्यक्ष डॉ. अंकित जैन, मालपुरा बार अध्यक्ष एडवोकेट रवि कुमार जैन, डॉ1 राजकुमार गुप्ता, सुनिल जैन, सौभाग्य सिंह सहित बडी संख्या मे जुटे नागरिको ने राजेन्द्र तिवाडी को साफा व माला पहना साईकिल यात्रा के लिए रवाना किया। डॉ. अंकित जैन ने बताया कि पर्यावरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर निकाली जा रही साईकिल यात्रा 18 दिसम्बर को उज्जैन महाकाल के दर्शन कर रवाना होगी जो कि 31 दिसम्बर को तिरूपति बालाजी पहुंचेगी।

### ग्राम सभा का आयोजन होगा

**पावटा।** उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर जान कारी देते हुए बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत राज्य सरकार के निर्देशानुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन कर ग्राम पंचायत मुयालय पर ग्राम सभा का आयोजन किया जायेगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा वेन के ग्राम पंचायत आगमन पर स्वागत करते हुए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का रिकॉर्ड किया गया संदेश विकसित भारत का संकल्प सुनाया जायेगा। मेरी कहानी मेरी जुबानी योजनाओ के सफल लाभार्थी अपने सुझाव साझा करेंगे। वही सतत कृषि गतिविधियों पर रात्रि मे ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्यस्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों के साथ बातचीत होगी। सांस्कृतिक कार्यऋम धरती कहे पुकार के, स्वच्छता गीत का आयोजन होगा।

### खरमास की शुरुआत

**पावटा।** ज्योतिषाचार्य गोपाल शर्मा जवानपुरा, द्वारकेश मिश्रा, मनोज शास्त्री के अनुसार, सूर्य जब धुन राशि में पहुंचते हैं तो धनु की संऋांति होती है। इसी दिन से खरमास प्रारंभ हो जाता है और मकर की संऋांति लगते ही खरमास समाप्त हो जाता है। इस मास में भगवत पूजन का विशेष महत्व है। इस महीने में दही-चावल और दूध से निर्मित पकवान (खीर आदि) के भोग का विशेष महत्व है।

# नवनिर्वाचित विधायक ने पहली ब्लाक स्तरीय बैठक ली

**लालसोट।** लालसोट विधानसभा क्षेत्र से स्थानीय नवनिर्वाचित विधायक रामविलास मीणा ने पंचायत समिति सभागार में रामगढ पचवारा एवं लालसोट के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की पहली बैठक ली गई।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक मीणा ने कहा कि अब तक अधिकारियों ने किस ढंग से काम किया कि रवैया से काम किया इससे उन्हें कोई सरोकार नहीं है। लेकिन आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी की सरकार में वे सभी अधिकारियों से यह अपेक्षा करते हैं कि वे जनभावना पर खरा उतरे एवं सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंच कर पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करें। नव निर्वाचित विधायक जिस तरह पहली बैठक में अधिकारियों से रूबरू हुए तो अधिकारियों ने राहत की सांस ली एवं विधायक के व्यवहार को सराहा गया एवं उनकी प्रशंसा की गई। जिले में अन्य विधानसभा क्षेत्र में विधायकों की पहली बैठक जबरदस्त रही एवं अन्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक को द्वारा अधिकारियों को खरी खोटी सुनते हुए चेतावनी भी दी गई लेकिन लालसोट विधायक द्वारा बेहद नरम अंदाज में एवं सधे हुए शब्दों में व संयमित भाषा में अधिकारियों को खुद का सरकारी कार्य नैतिकता एवं कर्तव्यता के साथ पूरा करने के लिए कहा गया।

■ 'सरकार बदली है तो काम करने का तरीका भी बदले'



लालसोट विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक रामविलास मीणा ने पहली बार ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली ।

इससे पहले नवनीत निर्वाचित विधायक रामविलास मीणा का पंचायत समिति सभागार में पहुंचने से पहले पंचायत समिति गेट पर तिलक लगाकर व बुके दे माला पहनना सफा बधा कर स्वागत किया गया। ब्लॉक स्तरीय बैठक के दौरान सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा नवनिर्वाचित विधायक को खुद का परिचय भी दिया गया। इस ब्लॉक स्तरीय बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामचंद्र नेहरा एसडीएम लालसोट नरेंद्र मीणा एसडीएम रामगढ पचवारा वर्षा मीणा तहसीलदार मदनलाल मीणा अमितेश मीणा अधिशासी अधिकारी नमन शर्मा कृषि उपज मंडी समिति सचिव ममता गुप्ता अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विनोद नोनीहाल लालसोट थाना अधिकारी नाथूलाल मीणा मंडावरी थाना अधिकारी धर्मेंद्र मीणा रामगढ़ पचवारा थाना अधिकारी मदनलाल मीणा झापदा थानाधिकारी रघुवीर सिंह आदि कई ब्लॉक स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। नवनिर्वाचित विधायक रामविलास मीणा द्वारा ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक से पहले देव दर्शन कार्यक्रम के तहत खुद की कुलदेवी खलकाई माता पपलाज माता ब्याई माता आदि धार्मिक स्थलों के दर्शन कर विधानसभा क्षेत्र सहित प्रदेश की खुशहाली की मनोकामना की गई।

## आश्रय स्थलों के संचालन के लिए बैठक

**टोंक ।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर से प्राप्त निर्देशों की अनुपालना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक के अध्यक्ष अय्यूब खान, (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), टोंक के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक डॉ. रूबीना परवीन अंसारी द्वारा सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों को रैन बसेरों के माध्यम से सुविधा उपलब्ध करवाये जाने के उद्देश्य से पर्याप्त संख्या में रैन बसेरे खोले जानें व खोले गये रैन बसेरों में आमजन हेतु समुचित व्यवस्थाऐं उपलब्ध हो सके ।

इस संबंध में जिला प्रशासन के अधिकारीगण के साथ मीटिंग का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक में किया गया। उक्त समस्त निर्देशों की पूर्णतः पालना सुनिश्चित किये जानें एवं रैन बसेरों के प्रभावी संचालन पर विचार-विर्मश किये जानें, पर्याप्त संख्या में रैन बसेरे खोले जाने हेतु मीटिंग का आयोजन संबंधित प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ किया गया ।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक में आयोजित मीटिंग के दौरान डॉ. सूरज सिंह नेगी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर, टोंक, टोंक डॉ. बी.एल.मीणा, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजकीय सआदत चिकित्सालय, टोंक, घन श्याम बैरवा, टोंक उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### बहरोड़ विधायक डॉ.यादव ने सीएम भजनलाल शर्मा से की मुलाकात



**बहरोड़/ नीमराना।** 16 दिसंबर 2023 राजस्थान प्रदेश की नई सरकार बनने के बाद दूसरे दिन बहरोड़ विधायक डॉक्टर जसवंत सिंह यादव ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से गुलदस्ता भेंट कर मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक डॉक्टर जसवंत सिंह यादव के साथ ही उनके पुत्र मोहित यादव तथा बहरोड़ से भारतीय जनता पार्टी से संबंधित पूर्व कार्यकर्ता देवेंद्र यादव सहित डॉक्टर जसवंत यादव ने मुख्यमंत्री से सामान्य बातचीत की। वहीं सुनने में आया है कि मुख्यमंत्री द्वारा बहरोड़ विधायक को पूर्ण आश्वासन के साथ सामान्य जानकारी तथा पूर्ण रूप से सहयोग करने की चर्चा सामने आई।

### बैरवा का स्वागत

**चाकसू** (निस) कस्बे में शनिवार को टोंक जाते समय टोंक रोड अम्बेडर सर्किल पर भाजपा के नवनिर्वाचित उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेम चंद बैरवा का क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा के नेतृत्व में भाजपायों ने 51 किलो की माला पहनाकर पहनकर अंबेडकर की तस्वीर भेंट कर भव्य स्वागत किया । इस मौके पर भाजपाइयों ने उपमुख्यमंत्री व विधायक के गगनभेदी नारे लगाए। क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा ने रोडवेज बसों को चाकसू कस्बे को छोडकर बाईपास से निकलने पर एतराज करते हुए चाकसू कस्बे के मुख्य बस स्टैंड पर ठहराव की मांग रखी। बैरवा ने बताया कि कस्बे को छोड़कर बाईपास से रोडवेज बस से निकलने से यहां के यात्रियों को रात-बिरात भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर उपमुख्यमंत्री ने रोडवेज बसों को चाकसू में रुकवाने का आश्वासन दिया । स्वागत समारोह में पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा , पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष त्रिवेणी शर्मा , पार्षद हाजी मेहराज , कोटखावदा प्रधान डॉ प्रह्लाद मीना , श्रवण गुर्जर , नगर अध्यक्ष केदार शर्मा , नगरपालिका अध्यक्ष प्रत्याक्षी विनोद राजोरिया , जगदीश कोली सहित कई जनप्रतिनिधियों के साथ सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन मौजूद रहे ।

### श्रीमद्भागवत पुराण कथा सम्पन्न

**फुलेरा ।** नगर की रिद्धि सिद्धि कॉलोनीके मां भगवती नगर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत पुराण कथा का समापन हुआ।गौरतलब है कि उक्तश्रीमदभागवतपुराण कथा 9 दिसम्बर को प्रारंभ की गई थी। जिसमेंव्यासपीठ पर कथावाचकसंतश्रीरामजीमहाराजकेद्वाराचार वेद, पुराण, गीता एवं श्रीमद् भागवत महापुराण कीसंगीतमय व्याख्या की गई। इसके चलते विगत सात दिनों तक भगवान प्रभु श्रीराम के आदर्श, सीताराम विवाह, श्री कृष्ण के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा कीगई विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया गया।साथ ही वर्तमान समय में समाज में व्याप्तकूरीतियों, अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुन्दर समाज निर्माण के लिए युवाओंसहित अन्य लोगों को प्रेरित किया। इस बीच टी सीरीजके कलाकार कमलेश शर्मा ने भजनों की अनुपम प्रस्तुतियां दी।उक्त प्रस्तुतियां उपस्थित लोगों को ताल एवं धुन पर नृत्य करने के लिए विवश कर दिया। जबकि प्रवचन के बाद धर्मप्रेमी कैलाशचन्द सोनी, शिक्षाविद्गोपाल लाल शर्मा, गोरी शंकर सैनी, संजय शर्मा सहित अन्य कई धर्मप्रेमियों ने मिलकर महाआरती कर प्रसादी का आयोजन किया गया।

### विद्यार्थियों को स्वेटर बांटे

**फुलेरा।** कस्बे के निकटवर्ती ठााम हिरनोदा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय डाकणती की ढाणी महेशावस के विद्यालय परिसर में शनिवार को स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत भामाशाह एवं अध्यापक छीतरमल जाट निवासी त्योदा केद्वारा कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थी (छात्र-छात्राओं) को स्वेटर वितरित कियेगये। इसके चलते स्वेटर पाकर बच्चो के चेहरे खिल उठे और सभी बच्चो में एक अलग ही उत्साह और खुशी की लहर दिखाई दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष हीरा लाल निठारवाल, विद्यालयके प्रधानाध्यापक विजय कुमार बैरवा, शिक्षक अनन्त पाल सिंह, सत्यनारायण बाना, ममता चौधरी, महेन्द्र चौधरी, मोइनुद्दीनखानसहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### कॉलेज में साफ-सफाई

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कंवरपुरा स्थित कृषि महाविधालय में शनिवार को एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा एक दिवसीय स्वच्छता अभियान के तहत महाविधालय परिसर, कक्षा कक्षों, पुस्तकालय, प्रयोगशाला आदि की सफाई की गई। अधिष्ठाता डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्रभारी डॉ. विजय कुमार ने कहा कि स्वच्छता को प्रत्येक व्यक्ति अपनी जीवन शैली में अपनाये। सह प्रभारी डॉ. सुरेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इस दौरान डॉ. पार्वती दीवान, डॉ. तरूण जाटव, डॉ. ओमेश कुमार, डॉ. सुशीला ऐचरा व डॉ. विजय सिंह सहित स्टॉफ सदस्य मौजूद थे।

### महंत मोहनदास का देवलोकगमन

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कायमपुराबास स्थित ठाकुर जी मन्दिर में महंत बाबा मोहनदास महाराज का देवलोकगमन हो गया। गौरतलब है कि महंत मोहनदास महाराज ने क्षेत्र में आस्था की अलख जगा रखी थी जिनकी तीये की बैठक रविवार को रहेगी। इस दौरान रामदास महाराज, पोकरदास महाराज, सुनहरी दास, निर्मलदास महाराज सहित अन्य मंहतों ने शोक व्यक्त किया है।

## 'भाजपा सरकार जनभावनाओं पर खरा उतरेगी'

**टोंक ।** भारत सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के प्रति व्यापक जन जागरूकता एवं इनसे वंचित लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का राजस्थान में प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को कृषि ऑडिटोरियम में वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा दिलाई गई विकसित भारत की शपथ में ऑडिटोरियम में मौजूद जनसमूह भी भागीदार बना। जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा एवं विशिष्ट अतिथि सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, जिला प्रमुख सरोज बंसल, मालपुरा विधायक कन्हैयालाल चौधरी, निवाई विधायक रामसहाय वर्मा रहे। इस अवसर पर समारोह में उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि नई सरकार को राज्य की जनता ने जो प्यार और आशीर्वाद दिया है उसके हम आभारी है।

# एम.एस.एम.ई. सेक्टर में पतंजलि की अहम भूमिका : आचार्य बालकृष्ण

**जयपुर** (कासं)। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि, ग्रामीण व एम.एस.एम.ई. सेक्टर के विकास में पतंजलि की अहम भूमिका है। वे नई दिल्ली में केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय के मंत्री नारायण तातू राणे व राज्य मंत्री भानूप्रताप सिंह वर्मा के साथ वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के विकास की राह गांवों से होकर गुजरती है।

■ "देश के विकास की राह गांवों से होकर गुजरती है"



आचार्य बालकृष्ण ने नई दिल्ली में केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय के मंत्री नारायण तातू राणे से नई दिल्ली में संवाद किया।

वार्ता के दौरान केन्द्रीय मंत्री नारायण तातू राणे ने स्वामी आचार्य बालकृष्ण के नेतृत्व में पतंजलि द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास के लिए पतंजलि के द्वारा और बड़ी भूमिका का निर्वहन करने की जरूरत है। पतंजलि देश के विकास के लिए गांव के विकास के लिए कृत संकल्पित है।

इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले एम.एस.एम.ई. सेक्टर में पतंजलि की अहम भूमिका है। हमें गर्व है कि पतंजलि की सेवाओं का विस्तार उत्तराखंड के दुर्गम पहाड़ों से लेकर नॉर्थ ईस्ट के गांवों तक फैला है। हमने दुर्गम व पिछड़े क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित कर समृद्धि के द्वार खोले है और गांवों से पलायन रोका है। देश के विकास की राह गांवों से होकर गुजरती है, इसलिए हमें अपने गांवों को समृद्ध करना होगा।

# आमजन को योजनाओं से लाभान्वित करवाएं : जसकौर

**दौसा।** केन्द्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं, लाभों और सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया।

वहीं राज्यव्यापी अभियान का शुभारम्भ शनिवार को महारानी कॉलेज जयपुर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिसर में दौसा लोकसभा सांसद जसकौर मीणा, लालसोट विधायक रामबिलाश मीना व जिला कलक्टर कमर चौधरी ने यात्रा वैन को हरी झंडी दिखाकर विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिले में शुभारंभ किया । जिले में ठााम पंचायत स्तर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन बांदीकुई ब्लॉक की ठााम पंचायत पीचुपाडा खुर्द में किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में को संबोधित करते हुए लोकसभा सांसद मीणा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच समाज के प्रत्येक वर्ग जिसमें महिला, किसान, युवा, व्यापारी एवं कामगारों इत्यादि के जीवन में उन्नित लाना है। उन्होंने कहा कि यात्रा वैन के माध्यम से ठााम पंचायत में आयोजित शिविर में लाभ प्राप्त कर चुके लाभार्थियों से बात कर विभिन्न योजनाओं से जीवन में आए परिवर्तनों को जानना तथा वंचित रहे पात्र लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर लाभ दिलवाया जाएगा, ताकि हमारा देश 2047 तक विकसित राष्ट्र बन बन सके। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की प्रमुख 72 फ्लैगशिप योजनाएं जो आमजन के जीवन को संवारने में कारगर साबित हुई हैं। कहा कि इससे महिलाएं देश में निर्णायक भूमिका में आएंगी। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों से कहां कि वें आमजन को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करवाने के लिए अधिक सक्रियता एवं संवेदनशीलता से कार्य करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम की जिले में रूपरेखा को विस्तार से बताया। विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रत्येक ठााम पंचायत व स्थानीय निकाय में 26 जनवरी 2024 तक पहुंचने का लक्ष्य है। कार्यक्रम में एडीएम राजकुमार कस्वा, जिला परिषद सीईओ धारा सिंह मीणा, महेश आचार्य सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्कूल को फर्नीचर दिया

**पावटा ।** कस्बा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा को भामाशाह के द्वारा फर्निचर के लिए एक लाख पचास हजार रुपए का चेक भेंट किया गया।-राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा प्रधानाचार्य जयसिंह यादव ने बताया कि भामाशाह समाजसेवी व उद्योगपति हाल निवासी बैंगलोर सुरेश मीणा ने विद्यालय को 100०० सेट फर्निचर मेज व स्टूल के लिए एक लाख पचास हजार रुपए का चेक प्रधानाचार्य जयसिंह यादव को भेंट किया।- भामाशाह द्वारा विद्यालय को फर्नीचर उपलब्ध करवाने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जय सिंह यादव सहित विद्यालय परिवार ने सहयोग के लिए भामाशाह का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस मौके भामाशाह समाजसेवी व उद्योगपति सुरेश मीणा, एसडीएमसी सदस्य रामपाल मीणा,वीरेंद्र अग्रवाल, मनीषा रानी, शंभुदयाल ज्योतिषी एवं सभी शिक्षक मौजूद रहे।

# कोटपूतली में संकल्प यात्रा का रथ रवाना

**कोटपूतली।** केन्द्रीय योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने व नवाचारी योजनाओं से देश में हुए विकास से आम लोगों को परिचित कराने के लिये प्रदेश सहित कोटपूतली-बहरोड़ जिले में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिला स्तरीय रथ शनिवार को रवाना किया गया।

इस मौके पर यहाँ के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ को जिला कलेक्टर आईएएस शुभम चौधरी, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, बहरोड़ विधायक जसवंत सिंह यादव, बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत, सभापति पुष्पा सैनी समेत अन्य ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यात्रा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में से होकर गुजरेगी एवं केन्द्रीय योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित करवायेगी। शनिवार को राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय से यात्रा के चार रथों को रूट चार्ट एवं वाहन प्रभारी के साथ रवाना किया गया। इससे पूर्व अधिकारियों समेत आमजन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का अभिभाषण सुना। जिला कलेक्टर ने बताया की भारत सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाने के लिए भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की हैं।

उन्होंने बताया की यात्रा में आईईसी वैन द्वारा ग्राम पंचायतों व नगरीय निकायों तक पहुंचकर जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में आमजन को जागरुक किया जायेगा। रविवार 17 दिसंबर को पंचायत समिति कोटपूतली की ग्राम पंचायत खड़ब, जाट गोनेड़ा, पंचायत समिति बानसूर की ग्राम पंचायत भूपसेड़ा, किसान क्रेडिट कार्ड सहित कुल 17 योजनाओं को सम्मिलित किया गया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा आज से

**चाकसू** (निस) विधानसभा चुनाव के बाद सरकार बदलने का असर अब दिखने लगा है। प्रशासन की ओर से केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, योजनाओं की जानकारी आम जन तक पहुंचाने, योजनाओं को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने की जागरूकता व योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चाकसू विधानसभा क्षेत्र कोटखावदा पंचायत समिति के ग्राम राडोली से रविवार से शुरू की जा रही है।

यात्रा एक दिन में दो पंचायतों में जाएगी और आमजन को योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। जिससे अधिक से अधिक लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। जानकारी के अनुसार यात्रा 17 दिसम्बर को कोटखावदा व राडोली, 18 को माधोराजपुरा की भांकरोटा व डाबिच, 19 को तितरिया व दूंटोली, 20 को रेनवाल मांजी,21 को निमोडिया व बरखेडा, 22 को टूमली का बास व तामड़िया, 23 को अजमेरीपुरा व आनन्दपुरा, 24 को सांवलिया व कोथून, 25 को पहाडिया व नारायणपुरा, 26 को बडली व सवाई माधोसिंहपुरा, 27 को काठावाला व डाहर, 28 को शिवदासपुरा व बाडापदमपुरा, 29 को माधोराजपुरा व चांदमा कलां, 30 को कादेडा व भोज्याडा, 31 को आकोडिया व बल्लूपुरा, 1 जनवरी को टिगरिया व गिरधारीलालपुरा, 2 को चन्दलाई व थली, 3 को कुम्हारियावास व सिमलियावास वाटिका, 4 को पीपला व चित्तौडा, 5 को ठीकरिया गुजरान व ठीकरिया मीणान, 6 को मोहब्बतपुरा व रेनवाल, 7 को मण्डालिया मैदा व गरूडवासी, 8 को हरसुलिया व थला, 9 को बडोदिया व छांदेल कलां, 10 को गोहन्दी व हीरापुरा, 11 को रामनगर व खेडारानिवास, 12 को डिडावता व दौसरा, 13 को देहलाला व झांपदा कलां, 14 को बीची व सेदरिया, 16 को झाडला व 17 को मोहनपृथ्वीपुरा में यात्रा पहुंचेगी।

चाकसू पंचायत समिति विकास अधिकारी राम मनोहर सिंह गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को प्रत्येक ठाामपंचायत स्तर पर आमजन तक पहुंचाने तथा योजनाओं का लाभ हरेक पात्र व्यक्ति को उपलब्ध हो , इस उद्देश्य को ले कर सम्पूर्ण प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की जा रही है। चाकसू पंचायत समिति के सभी जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों को इस विकास यात्रा के बारे में सभी आवश्यक जानकारियां दे दी गई है। योजनाओं एवं कार्यक्रम को लेकर प्रचार प्रसार करने के लिए भारत सरकार की ओर से आईईसी वैनों का आवंटन किया गया है।

## व्यापारी को बंदूक दिखाकर लूटा

**श्रीमाधोपुर ।** कस्बे में देर शाम को बंदूक की नोक पर अज्ञात बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम देखकर मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार सुराणी बाजार में व्यापारी विनोद अग्रवाल (चोमू वाले ) ने अपनी दुकान को मंगल कर घर के लिए बाइक से रवाना हो रहा था कि अचानक स्विफ्ट डिजायर कार में करीब 4 से 5 लोग आते ही व्यापारी के पास गाड़ी खड़ी कर अचानक से उसके सीने पर पिस्टल लगाकर व्यापारी के बैग को लूट कर मारुति गाडी में बैठकर फरार हो जाते हैं । व्यापारी के द्वारा चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौडकर आए ,लेकिन जब तक अज्ञात बदमाश फरार हो गए। व्यापारी विनोद अठावाल का कहना है कि बैग में 15 हजार रूपयों के साथ दुकान के कागजात थे जो बदमाश लूट कर ले गए। बंदूक की नोक पर लूट की वारदात के बाद मौके पर पुलिस भी तत्काल पहुंची और शहर में चारों ओर नाकाबंदी करवाई वहीं घटना की जानकारी मिलते ही विधायक झाबर सिंह खर्रा भी मौके पर पहुंचे और पुलिस के साथ आसपास के सीसीटीवी देख रहें हैं।

# नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने बाबा श्याम किए दर्शन



नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया ।

**खाटूश्यामजी ।** कस्बे के प्रसिद्ध बाबा श्याम के दरबार में हाल ही में नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बाबा श्याम के दरबार में पहुंचकर बाबा श्याम की चौखट पर शीश नवाकर पूजा अर्चना कर प्रदेश में खुशहाली की मंगल कामना की। इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत पर सम्मान किया।इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष का हिमांशु पैलेस पर शिक्षाविद् प्रमोद शर्मा की नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत व सम्मान किया। इस दौरान चैयरमेन ममता मुंडोतिया, गिरीराज माटोलिया, कैलाश चन्द्र शर्मा, ओम प्रकाश हरनाथका, नरेश सोनी, सोनू तुलछानी, अनिल स्वामी, मुकेश निमावत, राहुल स्वामी, हितांशु शर्मा, हैरम्भ रामूका सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।थानाधिकारी हेमराज मीणा ने अगवानी करते हुए बाबा श्याम के दर्शन करवाएं।

## श्रद्धांजलि देकर मनाया विजय दिवस

**शाहपुरा ।** रामपुरा में शनिवार को शहीद मुकेश कुमार बुनकर के शहीद स्मारक पर वीरांगना बीना देवी, पुत्र ब्रजेश जेवरिया, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ.पूरणमल बुनकर के नेतृत्व मे परिजनों सहित ग्रामीणों ने वीर जवानों को पुष्पांजलि अर्पित कर विजय दिवस मनाया गया।

सामाजिक कार्यकर्ता डॉ.पूरणमल बुनकर ने बताया कि 16 दिसम्बर को 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत के उपलक्ष्य में यह दिवस मनाया जाता है। 13 दिन तक चले इस युद्ध के अंत के बाद 93,000 पाकिस्तानी सेना ने आत्मसमर्पण कर दिया था। साल 1971 के युद्ध में भारत ने पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी, जिसके बाद पूर्वी पाकिस्तान आजाद हो गया, जो आज बांग्लादेश के नाम से जाना जाता है। उन्होंने यूवाओं को शहीदों से प्रेरणा लेते हुए देश व समाज की सेवा के लिए प्रेरित किया। विजय दिवस के अवसर पर कोबरा बटालियन के राष्ट्रपति पुलिस वीरता पदक से सम्मानित शहीद मुकेश कुमार बुनकर की प्रतिमा पर नम आंखों से शहीद परिवारजनों ने माल्यार्पण किया।



अपनी जीत के लय वापस हासिल करके अच्छा लग रहा है। कॉनी, डिग्गी और अर्जुन तीनों ने सभी चार खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया। - अंकिता भांबरी

पंजाब पैट्रियट्स की मेंटर, अपने प्रदर्शन को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



## दीप्ति शर्मा

**दीप्ति शर्मा** (सात रन पर पांच विकेट) के कातिलाना प्रदर्शन की बदौलत भारत ने मेहमान इंग्लैंड को पहली पारी को सस्ते में समेट कर पहले और एकमात्र टेस्ट को अपनी गिरफ्त में ले लिया। डीवाई पाटिल स्टेडियम में दूसरे दिन का खेल खत्म होने के समय भारत ने अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 186 रन बना लिये थे और उसकी कुल बढ़त 478 रन की हो चुकी थी। भारत ने अपनी पहली पारी में 428 रन बनाये थे जिसके जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 35.3 ओवर के खेल में 136 रन बनाकर सिमट गयी थी। आज के दिन कुल 19 विकेट गिरे।

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

# दीप्ति शर्मा के पंजे से इंग्लैंड ढेर, भारत ड्राइविंग सीट पर

मुंबई, 15 दिसंबर। दीप्ति शर्मा (सात रन पर पांच विकेट) के कातिलाना प्रदर्शन की बदौलत भारत ने मेहमान इंग्लैंड को पहली पारी को सस्ते में समेट कर पहले और एकमात्र टेस्ट को अपनी गिरफ्त में ले लिया।

डीवाई पाटिल स्टेडियम में शुक्रवार को दूसरे दिन का खेल खत्म होने के समय भारत ने अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 186 रन बना लिये थे और उसकी कुल बढ़त 478 रन की हो चुकी थी। भारत ने अपनी पहली पारी में 428 रन बनाये थे जिसके जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 35.3 ओवर के खेल में 136 रन बनाकर सिमट गयी थी। आज के दिन कुल 19 विकेट गिरे।

इंग्लैंड की पहली पारी में रेणुका सिंह ने सोफिया डंकले (11) को क्लीन बोल्ड कर दिया जबकि पूजा वस्त्राकर ने हीथर नाइट (11) और टैमी ब्यूमोंट (10) को आउट कर दिया। इंग्लैंड की ओर से नैट साइवर-ब्रंट (70 गेंदों पर 59, 104) सबसे सफल बल्लेबाज रही जबकि डेनिएल व्याट (19) ने अपनी संक्षिप्त पारी में साहस के साथ मेजबान गेंदबाजों का सामना किया।

इस दौरान कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इंग्लिश बल्लेबाजों को परेशान करने के लिए तेजी से बदलाव किए। दीप्ति के आने के तुरंत बाद यह चाल काम कर गई और उन्होने पहले ही ओवर में वायट को शॉर्ट-लेग पर कैच कराकर एक नाटकीय पतन की शुरुआत की। इंग्लैंड के सात बल्लेबाजों को केवल 28 रन जोड़कर पवेलियन लौटना पड़ा। भारत ने इंग्लैंड को फॉलोऑन नहीं दिया और तेजी से रन बनाने के इरादे से दूसरी बार बल्लेबाजी करने उतरा।

सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (26) और शैफाली वर्मा (33) ने 61 रनों की शुरुआती साझेदारी की।




एक्लेस्टोन की गेंद पर शॉर्ट लेग पर कैच आउट होने के बाद मंधाना पवेलियन लौट गईं जबकि शैफाली एक बड़ा हिट लगाने के बाद लॉन्ग-ऑन पर कैच आउट हो गईं। यास्तिका भाटिया (9) और जेमिमा रोड्रिग्स (27) शॉर्ट लेग पर जोरदार बचाव करते हुए आउट हो गईं। ऑफस्पिनर चार्ली डीन ने दीप्ति (20) को वापस भेजा। उंगली में हेयरलाइन फ्रैक्चर के कारण शुभा सतीश बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरीं। दिन का खेल खत्म होने के समय हरमनप्रीत 44 रन पर क्रीज पर मौजूद थीं। उन्होंने वस्त्रका (17) के साथ 53 रनों की साझेदारी की।

**संक्षिप्त स्कोर:** भारत 428 (शुभा सतीश 69, जेमिमा रोड्रिग्स 68, यास्तिका भाटिया 66, दीप्ति शर्मा 67; लॉरेन बेल 3-67, सोफी एक्लेस्टन 3-91) और 186/6 (हरमनप्रीत कौर 44 ; चार्ली डीन 4-68) इंग्लैंड 136 रन (नैट साइवर-ब्रंट 59, दीप्ति शर्मा 5-7)।

## आई-लीग : रियल कश्मीर एफसी ने शिलांग लाजोंग को 3-1 से हराया

श्रीनगर, 16 दिसंबर। रियल कश्मीर एफसी ने शनिवार को यहां टीआरसी टर्फ ग्राउंड में शिलांग लाजोंग एफसी को 3-1 से हराकर अपने अजेय क्रम बरकरार रखा। कश्मीर ने मजबूत शुरुआत की और पांचवें मिनट में घाना के मिडफील्डर कमल इस्सा ने बढ़त बना ली। स्ट्राइकर ग्नोहेरे क्रिज़ो ने सीजन का अपना पांचवां गोल करके 55वें मिनट में रियल कश्मीर की बढ़त बहाल कर दी, इससे पहले युवा मिडफील्डर मोहम्मद इनाम ने 69वें मिनट में गोल करके तीन अंक हासिल किए। इस जीत से इश्फाक अहमद की रियल कश्मीर तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है, श्रीनिदी डेक्कन के साथ उसके 20 अंक हो गए हैं और वह केवल गोल अंतर से पीछे है। श्रीनगर में लगातार पांच मैचों के बाद, रियल कश्मीर 24 दिसंबर को अपने अगले मुकाबले में दिल्ली एफसी से भिड़ेगी।

## रोमांचक मुकाबले में स्पेन ने भारत को एकमात्र गोल से हराया

वालेंसिया, 16 दिसंबर। पांच देशों के टूर्नामेंट 'वालेंसिया 2023' में भारत की पुरुष हॉकी टीम शुक्रवार को एक रोमांचक मुकाबले में अपना पहला मैच स्पेन से एकमात्र गोल से हार गयी। मैच का एकमात्र गोल स्पेन के अल्वारो इग्लेसियस (29) ने किया। पहले क्वार्टर में दोनो टीमों ने एक दूसरे के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया जिसके परिणामस्वरूप दोनो ही टीमों को एक एक पेनाल्टी कार्नर मिला जो गोल में तब्दील नहीं हो सका। दूसरे क्वार्टर में स्पेन ने हमला बोला और कृष्ण पाठक को पेनल्टी कॉर्नर बचाने के लिए मजबूर किया। दबाव साफ दिख रहा था क्योंकि भारत को ग्रीन कार्ड मिला और स्पेन ने तुरंत मौके का फायदा उठाया। अल्वारो इग्लेसियस ने भारत की रक्षापंक्ति में सेंध लगाई और गोल करके स्पेन को बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच अगला गोल करने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली लेकिन वे दूसरों की कड़ी रक्षा को तोड़ने में असमर्थ रहीं। भारत ने आखिरी क्वार्टर में बराबरी की तलाश में दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर रोमांच पैदा किया। हालाँकि, वे इसका फायदा उठाने में असमर्थ रहे और मैच स्पेन के पक्ष में समाप्त हुआ। भारतीय टीम शनिवार को अपने अगले मैच मे बेल्जियम से भिड़ेगी।

## रोहित की जगह हार्दिक होंगे मुंबई के नये कप्तान

मुबंई, 16 दिसंबर। गुजरात टाइटंस छोड़ कर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिये मुबंई इंडियंस (एमआई) में वापसी करने वाले हरफनमौला हार्दिक पांड्या को टीम का नया कप्तान नियुक्त किया गया है। हार्दिक 2022 में नयी नवेली गुजरात टाइटंस में कप्तान के तौर पर शामिल हुये थे। उनके नेतृत्व में फ्रेंचाइजी ने अपने पहले ही सत्र में जीत हासिल की थी जबकि आईपीएल के पिछले सत्र में गुजरात टाइटंस रोमांचक फाइनल में चेन्नई सुपरकिंग्स से हार गयी थी। यहां दिलचस्प है कि मुबंई इंडियंस ने पांच बार रोहित शर्मा की अगुवाई में आईपीएल की ट्राफी उठायी है मगर मुबंई ने इस बार पांड्या पर कप्तान के तौर पर भरोसा किया है। रोहित शर्मा 2013 में मुंबई के कप्तान बने थे। उनके नेतृत्व में मुबंई 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में चैंपियन बनी। आईपीएल के पिछले सत्र में मुंबई खिताबी मुकाबले में जगह बनाने से चूक गयी थी। मुंबई इंडियंस के ग्लोबल हेड ऑफ परफॉर्मेंस महेला जयवर्धने ने कहा भविष्य की तैयारी की दिशा में यह बड़ा कदम है। मुंबई इंडियंस को सचिन से लेकर हरभजन सिंह और रिकी पोंटिंग से लेकर रोहित शर्मा तक हमेशा असाधारण नेतृत्व मिला है, जिन्होंने तत्काल सफलता में योगदान देने के साथ-साथ भविष्य के लिए टीम को मजबूत करने पर भी नजर रखी है। इसी विचारधारा के अनुरूप हार्दिक पंड्या आईपीएल 2024 सीजन के लिए मुंबई इंडियंस की कप्तानी संभालेंगे।

## टीपीएल : पंजाब पैट्रियट्स अंकतालिका के शीर्ष पर

पुणे, 16 दिसंबर। टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) में पदार्पण करने वाली पंजाब पैट्रियट्स ने पांचवें टेनिस प्रीमियर लीग (पीटीएल) के चौथे दिन शुक्रवार को मुंबई लियोन आर्मी को 43-37 से हरा कर कुल 164 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया है। और तापसी पन्नू और वर्ल्ड ऑफ क्रिडा के सह-स्वामित्व वाली पंजाब पैट्रियट्स शनिवार को पुणे जगुआर से भिड़ेंगी। स्विट्जरलैंड के कोनी पेरिन ने मुंबई लियोन आर्मी की सौजन्या बाविसेटी पर 11-9 की आसान जीत के साथ पंजाब पैट्रियट्स का खाता खोला। हालाँकि पुरुष एकल मुकाबले में पंजाब के दिग्विजय प्रताप सिंह मुबंई के अर्नेस्ट गुलबिस से 9-11 से हार गये। पंजाब के अर्जुन और कोनी ने मिश्रित डबल की शुरुआत शुरुआती सर्विस से एक प्रभावशाली अंक के साथ की और अंततः मुंबई के लियोन के विजय और सौजन्या पर 12-8 की आत्मविश्वास से जीत हासिल की। दिन के अंतिम गेम में पुरुष युगल में अर्जुन और दिग्विजय की जोड़ी का मुकाबला विजय और एस्नेस्ट की जोड़ी से हुआ। इस जोड़ी ने गति तेज़ रखी और पूरे गेम में बढ़त बनाए रखी और गेम को 11-9 के स्कोर के साथ अपने पक्ष में समाप्त किया। मैच के बाद पंजाब पैट्रियट्स की मेंटर अंकिता भांबरी ने कहा, अपनी जीत के लय वापस हासिल करके अच्छा लग रहा है। कॉनी, डिग्गी और अर्जुन तीनों ने सभी चार खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया। लीग चरण में हमारा एक और मैच बचा है जो घरेलू टीम के खिलाफ है। मैं मैच को शानदार तरीके से खत्म करने के लिए उत्सुक हूं। उम्मीद है कि रविवार को भी यही लय जारी रख पाएंगे।

## पर्थ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 300 रन की बढ़त

नई दिल्ली, 16 दिसंबर। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच पर्थ में टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेला जा रहा है। शनिवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने 300 रन की बढ़त बना ली है। पाकिस्तान अपनी पहली पारी में 277 रन ही बना सका।

दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 2 विकेट पर 84 रन बना लिए। पहली पारी में 164 रन बनाने वाले डेविड वॉर्नर दूसरी पारी में जीरो पर आउट हो गए। ऑस्ट्रेलिया से स्टीव स्मिथ और उस्मान ख्वाजा नॉटआउट हैं, दोनों चौथे दिन ऑस्ट्रेलिया की पारी आगे बढ़ाएंगे।

पर्थ स्टेडियम में तीसरे दिन पाकिस्तान ने 2 विकेट पर 132 रन के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई। टीम 271 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इमाम-उल-हक 199 बॉल पर 62 रन बनाकर आउट हुए। उनके अलावा बाकी बैटर्स कुछ खास नहीं कर सके। नाइट वॉचमैन खुर्रम शहजाद 7 ही रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद बाबर आजम 21, सऊद शकील 28, सरफराज अहमद 3, फहीम अशरफ 9, आमेर जमाल 10 और शाहीन शाह अफरीदी 4 रन ही बना सके। सलमान अली आगा 28 रन बनाकर नॉटआउट रहे।

ऑस्ट्रेलिया से पहली पारी में स्पिनर नाथन लायन ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। कप्तान पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क को 2-2 विकेट मिले। वहीं जोश हेजलवुड, मिचेल मार्श और ट्रैविस हेड के हिस्से एक-एक सफलता आई। पाकिस्तान पहली पारी में 271 रन बनाकर ऑलआउट हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 487 रन बनाए थे, इसलिए टीम को 216 रन की बढ़त मिली। तीसरे ही दिन ऑस्ट्रेलिया ने भी अपनी दूसरी पारी शुरू कर दी। टीम ने 2 विकेट गंवाकर 84 रन बनाकर 300 रन की बढ़त हासिल कर ली। ओपनर डेविड वॉर्नर खाता भी नहीं खोल सके, जबकि मार्नस लाबुशेन 2 रन बनाकर आउट हुए। दोनों विकेट खुर्रम शहजाद ने लिए। ऑस्ट्रेलिया से उस्मान ख्वाजा 34 और स्टीव स्मिथ 43 रन बनाकर नॉटआउट रहे, दोनों चौथे दिन ऑस्ट्रेलिया की पारी आगे बढ़ाएंगे।

दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 487 रन बनाए, पाकिस्तान से आमेर जमाल ने 6 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया से मिचेल मार्श ने 90 रन बनाए। दूसरे ही दिन पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी शुरू कर दी, टीम ने 2 विकेट पर 132 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 5 विकेट पर 346 रन बनाए। उनके लिए ओपनर डेविड वॉर्नर ने सेंचुरी लगाई, वह 164 रन बनाकर आउट हुए।

## भारत को हराकर बांग्लादेश अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में

दुबई, 16 दिसंबर। मुशीर खान (50) और मरुगन अभिषेक (62) की साहसिक बल्लेबाजी के बावजूद भारत को अंडर 19 एशिया कप के सेमीफाइनल में बांग्लादेश से चार विकेट से हार के साथ शुक्रवार को अपने अभियान का अंत निराशाजनक तरीके से समाप्त करना पड़ा। भारत की पारी 42.4 ओवर में 188 रन बनाकर ढेर हो गयी।

मुशीर और मरुगन को छोड़ कर अन्य बल्लेबाज बांग्लादेश के गेंदबाजी आक्रमण के सामने हथियार डालते चले गये। एक समय भारत के छह विकेट 61 रन के कुल स्कोर पर ही निपट चुके थे मगर मरुगन और मुशीर ने साहस का परिचय देते हुये क्रीज पर समय बिताया और 84 रन की पार्टनरशिप कर स्कोर को चुनौतीपूर्ण बनाने का प्रयास किया। बांग्लादेश के मारुफ मिर्धा ने 41 रन खर्च कर भारत के चार अहम विकेट झटके जबकि शेख परवेज और रोहनतदुल्लाह को दो दो विकेट मिले।

आसान लक्ष्य के बावजूद बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही जब भारतीय गेंदबाजों ने उनकी सलामी जोड़ी समेत तीन बल्लेबाज मात्र 31 रन पर आउट कर कुछ उम्मीदें बंधा दी थीं मगर अरीफुल इस्लाम (94) ने अहरार अमीन (44) के साथ तेज गति से रन बटोर कर भारत को जीत से कोसों दूर कर दिया जिसके चलते बांग्लादेश ने लक्ष्य को 43 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया।

## अश्विनी पोनप्पा-तनिषा क्रैस्टो ओडिशा मास्टर्स 2023 के सेमीफाइनल में

कटक, 16 दिसंबर। ओडिशा मास्टर्स 2023 के चौथे दिन शुक्रवार को तनीषा-ध्रुव, उन्नित हुडा, किरण जॉर्ज और अश्विनी-तनिषा ने अपने अपने मुकाबले जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनायी।

जेएन इंडोर स्टेडियम में दिन के पहले मैच में मिश्रित युगल वर्ग के क्वार्टरफाइनल दौर में तनीषा-ध्रुव ने इंडोनेशिया के मारवान फरज़ा-जेसिका माया रिस्मावरदानी की जोड़ी को 21-16,21-11 से शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनायी वहीं सुमीथ रेड्डी-सिक्की रेड्डी डेनमार्क के मैड्स वेस्टरगार्ड-क्रिस्टीन बुश से 20-22, 21-16 और 21-18 से हार गए।

पुरुष एकल वर्ग में आयुष शेट्टी ने शुभंकर डे को 21-16 और 21-14 से हराया। किरण जॉर्ज ने मीराबा लुवांग मैसनाम पर 21-10 और 21-16 से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल दौर में प्रवेश किया, जबकि चिराग सेन को सतीश कुमार करुणाकरण ने 21-10 और 21-16 के स्कोर से हराया।

महिला एकल में, पूर्व विश्व नंबर 1 नोज़ोमी ओकुहारा रुजाना पर 21-5 और 21-13 की आसान जीत के साथ सेमीफाइनल दौर में पहुंच गईं। उन्नित हुडा ने भी अनुपमा उपाध्याय के खिलाफ अपना मैच 16-21, 21-7 और 21-15 से जीतकर सेमीफाइनल दौर में जगह बनाई। महिला युगल वर्ग में रुतुपर्णा पांडा-श्वेतापर्णा पांडा को जेसिटा पुत्री मियांतोरो-फेबी सेटियानग्रम से 21-9, 21-15 से हार का सामना करना पड़ा। एक अन्य रोमांचक मैच में, शानदार फॉर्म में चल रही अश्विनी-तनिषा की भारतीय जोड़ी का मुकाबला चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन और यू चिएन हुई से था। भारतीय जोड़ी ने पहला सेट 22-20 से जीत लिया, दूसरे सेट में चीनी ताइपे की जोडी ने पलटवार करते हुये 22-20 से जीत हासिल कर मैच को निर्णायक सेट में पहुंचा दिया।

निर्णायक गेम में भारतीय जोड़ी ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए इंटरवल तक 11-5 की बढ़त ले ली। अश्विनी और तनीषा ने अपने शानदार शॉट्स से कोर्ट पर दबदबा बनाए रखा और भारतीय जोड़ी ने अपनी बढ़त 17-9 कर ली। इसके बाद दोनों ने 21-14 से जीत के साथ सेट समाप्त किया और सेमीफाइनल दौर में अपनी जगह पक्की कर ली।

## द. अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज नहीं खेलेंगे चाहर फैमिली इमरजेंसी के चलते हटे, शमी 2 टेस्ट की सीरीज से बाहर

मुंबई, 16 दिसंबर। साउथ अफ्रीका के खिलाफ आगामी वनडे और टेस्ट सीरीज से दो भारतीय तेज गेंदबाज बाहर हो गए हैं। वनडे टीम में शामिल दीपक चाहर फैमिली मेडिकल इमरजेंसी की वजह से वनडे नहीं खेलेंगे। हालांकि ने इमरजेंसी क्या है, इसके बारे में जानकारी नहीं दी है। फिलहाल चाहर की जगह टीम में आकाश दीप को शामिल किया गया है। वहीं टेस्ट टीम में मोहम्मद शमी भी नजर नहीं आएंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की ओर से शनिवार को जारी बयान में बताया गया कि शमी ने फिटनेस टेस्ट क्लियर नहीं किया है। ऐसे में वह टीम का हिस्सा नहीं होंगे।



इसके अलावा 50 ओवर के क्रिकेट में अस्थायी तौर पर भारत का कोचिंग स्टाफ भी बदला गया है। राहुल द्रविड़ वाले कोचिंग स्टाफ की जगह इंडिया ए के कोच सितांशु कोटक और उनके सहयोगी स्टाफ को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। द्रविड़ और उनके सहयोगी स्टाफ टी-20 सीरीज के बाद अब दौरे पर टेस्ट सीरीज की ही जिम्मेदारी संभालेंगे। टीम इंडिया साउथ अफ्रीका दौरे पर है। तीन टी-20 सीरीज के बाद अब भारत को 17 दिसंबर से तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। उसके बाद टीम इंडिया को दौरे के आखिर में दो टेस्ट मैचों की सीरीज भी खेलनी है।

साउथ अफ्रीका दौरे पर दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल मोहम्मद शमी वनडे वर्ल्ड कप के दौरान चोटिल हो गए थे। टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले वह मेडिकल टेस्ट क्लियर नहीं कर पाए। शमी वनडे वर्ल्ड कप में भारत के टॉप विकेट टेकर थे। उन्होंने 7 मैचों में 24 विकेट लिए थे।

वहीं वनडे और टेस्ट टीम में शामिल बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पहले वनडे के बाद ही टेस्ट टीम के साथ जुड़ जाएंगे। वह आखिरी दो वनडे मैचों में टीम का हिस्सा नहीं होंगे। ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ रविवार (17 दिसंबर) से खेली जाने वाली 3 मैचों की वनडे सीरीज से पहले कोचिंग स्टाफ में बड़ा बदलाव किया है। राहुल द्रविड़ वनडे सीरीज में टीम इंडिया के हेड कोच नहीं होंगे। इस सीरीज के लिए टीम इंडिया के पास नया कोचिंग स्टाफ होगा।

इंडिया ए के कोच सितांशु कोटक वनडे सीरीज के लिए चीफ कोच होंगे। वहीं नए कोचिंग स्टाफ में भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर अजय रात्रा को जोड़ा गया है जो फील्डिंग कोच की भूमिका निभाएंगे, जबकि राजीव दत्त बॉलिंग कोच होंगे। वहीं द्रविड़ और उनके साथ कोचिंग स्टाफ में शामिल बैटर विक्रम राठौड़, गेंदबाजी कोच श्री पारस म्हाम्ब्रे और फील्डिंग कोच श्री टी. दिलीप साउथ अफ्रीका के खिलाफ दौरे के आखिर में प्रस्तावित दो टेस्ट मैचों की सीरीज पर फोकस करेंगे।

**वनडे टीम:** केएल राहुल (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड, साई सुदर्शन, तिलक वर्मा, रजत पाटीदार, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, मुकेश कुमार, आवेश खान, अर्शदीप सिंह और आकाश दीप।

**टेस्ट टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋतुराज गायकवाड, ईशान किशन (विकेटकीपर), केएल राहुल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, शार्दूल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान) और प्रसिद्ध कृष्णा।

## शीतल खेलो इंडिया पैरा गेम्स में सोने से एक कदम दूर

नई दिल्ली, 16 दिसंबर। एशियाई पैरा गेम्स चैंपियन और स्टार तीरंदाज शीतल देवी ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स के उद्घाटन समारोह में शुक्रवार को 696 अंकों के स्कोर के साथ महिलाओं की कंपाउंड प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया।

जम्मू-कश्मीर का प्रतिनिधित्व करने वाली शीतल देवी ने हांगझाउ में पैरा एशियाई खेलों में दो पदक और फिर बैंकॉक में पैरा एशियाई प्रतियोगिता में एक पदक हासिल किये थे। उत्तर प्रदेश की ज्योति बालयान ने शीतल से 10 अंक पीछे रह कर 686 अंकों के साथ खिताबी मुकाबले में बनी हुयी हैं वहीं हरियाणा की सरिता और दिल्ली की तनिष्का शनिवार को कांस्य पदक के लिए खेलेंगी।

सेरेब्रल पाल्सी फुटबॉल प्रतियोगिता में राष्ट्रीय चैंपियन केरल शानदार फॉर्म में है। गुरुवार को अपने शुरुआती ग्रुप मैच में पंजाब को 21-0 से हराने के बाद, सिजो जॉर्ज की टीम ने शुक्रवार को झारखंड के खिलाफ 21-0 से जीत दर्ज की। तमिलनाडु ने अपने अभियान की शुरुआत दो अच्छी जीत के साथ की, गुरुवार को मणिपुर को 3-1 से हराया और मध्य प्रदेश को 12-0 से हराया। पावरलिफ्टिंग के अंतिम दिन, राजस्थान की सुनीता धोबी और गुजरात की समीमबेन वाहोरा 63 किलोग्राम के समान वजन पर बराबरी पर थीं। तमिलनाडु के पी. चंद्रा 50 किग्रा में तीसरे स्थान पर रहे। वर्गीकरण के अनुसार सुनीता को विजेता घोषित किया गया।

राजस्थान की मोना शर्मा ने डॉ कर्णी सिंह स्टेडियम में खेलो इंडिया पैरा गेम्स की पैरा शूटिंग के तीसरे दिन बड़ा उलटफेर किया, जब उन्होंने पैरा एशियन गेम्स 2023 के स्वर्ण पदक विजेता सिद्धार्थ बाबू को चौंकाते हुए मिश्रित 50 मीटर राइफल प्रोन एसएच1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। मोना ने कुल 247.5 का स्कोर किया, जो सिद्धार्थ के पैरा एशियाई खेलों के रिकॉर्ड स्कोर 247.7 से मात्र 0.2 कम है। केरल के सिद्धार्थ ने 245.1 अंक के साथ रजत पदक अर्जित किया, जबकि आनंदकृष्णन एच ने 221.9 अंक के साथ कांस्य पदक अर्जित किया।

## मिनी ऑक्शन 19 दिसंबर को, 77 स्लॉट भरे जाएंगे

### गुजरात को हार्दिक का विकल्प चाहिए

नई दिल्ली, 16 दिसंबर। आईपीएल के 2024 सीजन से पहले मिनी-ऑक्शन 19 दिसंबर को दुबई में होगा। इसमें सभी 10 टीमें कुल 77 स्लॉट्स भरने के लिए उतरेंगी। इनमें 30 विदेशी स्लॉट्स भी हैं। नीलामी में 333 खिलाड़ी हिस्सेदारी करेंगे। इनमें से 214 भारतीय और 119 विदेशी खिलाड़ी हैं। ऑक्शन के लिए 116 कैप्ड, जबकि 215 अनकैप्ड ने रजिस्टर किया है। नीलामी में टीमों के पास खर्च करने के लिए कुल 262.95 करोड़ रुपए हैं, जो इतिहास में किसी मिनी-ऑक्शन के लिए सबसे बड़ा पर्स साइज है। इनमें गुजरात टाइटंस सर्वाधिक 38.15 करोड़ के पर्स के साथ नीलामी में शिरकत करेगी। वहीं, लखनऊ सुपर जाएंट्स (13.15 करोड़) के पास सबसे कम राशि है। सबसे बड़ी चुनौती कोलकाता नाइट राइडर्स के सामने है। उसके पास सिर्फ 32.70 करोड़ रुपए शेष हैं जबकि उसके 12 स्लॉट्स अभी खाली हैं।

चैम्पियन चेन्नई की टीम अंबाती रायडू के रिटायर होने के बाद रिप्लेसमेंट तलाश रही है। मिडिल ऑर्डर में पावर हिटर भारतीय बैटर की तलाश है। बचे 6 स्लॉट्स में टीम एक विदेशी तेज गेंदबाज या ऑलराउंडर को शामिल करना चाहेगी। टीम भारतीय विकेटकीपिंग विकल्प की ओर भी रुख कर सकती है।

मुंबई इंडियसं 2024 में नए कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ मैदान में उतरेगी। पिछले सीजन में रोहित शर्मा टीम के कप्तान थे। टीम अभी भी विदेशी ऑलराउंडर की तलाश में होगी। मुंबई के विजयी दौर का हिस्सा रहे पोलार्ड का उचित विकल्प नहीं मिला है। कैमरून ग्रीन को भी रिलीज कर दिया गया है। विदेशी तेज गेंदबाज के साथ एक विदेशी ऑलराउंडर अक्सर मुंबई का विनिंग कॉम्बिनेशन रहा है। टीम फिर से उसी स्किलसेट के खिलाड़ी तलाश रही है।

गुजरात टाइटंस ने अपने पहले सीजन 2022 में हार्दिक पंड्या की कप्तानी में खिताब जीता था। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हार्दिक का विकल्प तलाशना है। भारतीय सर्किट में इस स्किल के खिलाड़ी का मिलना मुश्किल है, ऐसे में टीम विदेशी का रुख कर सकती है। अलजारी को रिलीज करने के बाद विदेशी तेज गेंदबाज की तलाश भी होगी। 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स प्ले ऑफ में भी नहीं पहुंच पाई थी और वह सातवें स्थान पर थी।

बची हुई राशि में कोलकाता को लगभग आधे बचे हुए स्लॉट्स भरने हैं। सबसे बड़ी तलाश तेज गेंदबाजों की है क्योंकि साउदी, फर्ग्युसन, उमेश यादव और शार्दुल को रिलीज कर दिया है। एक भारतीय विकेटकीपर और रसेल के बैकअप के रूप में विदेशी तेज गेंदबाज ऑलराउंडर की जरूरत भी टीम में नजर आती है।

2023 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु प्ले ऑफ में भी नहीं पहुंच पाई थी और वह छठे स्थान पर थी। हेजलवुड, हसरंगा, हर्षल को रिलीज कर दिया। अब 6 स्लॉट्स में से 3 में इनके विकल्प तलाशने होंगे। ट्रेड किए ऑलराउंडर शाहबाज अहमद को भी भारतीय फिनिशर या ऑलराउंडर से रिप्लेस करना होगा। विदेशी पेसर पर फोकस रहेगा, जो टॉपले का बैकअप हो और सिराज के साथ नई गेंद से गेंदबाजी कर सके।

2023 में सनराइजर्स हैदराबाद प्ले ऑफ में भी नहीं पहुंच पाई थी और वह 10वें स्थान पर थी। टीम ने सिर्फ 6 खिलाड़ियों को रिलीज किया, ऐसे में स्क्वाड लगभग तैयार नजर आती है। हालांकि उसे कई पोजिशन पर बैकअप तलाशने हैं। सबसे बड़ी जरूरत एक विदेशी स्पिनर की लगती है क्योंकि आदिल रशीद और अकील हुसैन अब टीम में नहीं हैं। एक मुख्य विदेशी बल्लेबाज और विदेशी ऑलराउंडर भी चाहिए।

2023 में दिल्ली कैपिटल्स प्ले ऑफ में भी नहीं पहुंच पाई थी और वह 9वें स्थान पर थी। ऋशभपंत के खेलने पर संदेह है, ऐसे में टीम को एक भारतीय फिनिशर और विकेटकीपर बल्लेबाज की तलाश है। मिचेल मार्श के बैकअप के लिए विदेशी तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर को दल में शामिल करना टीम की कोशिश रहेगी। भारतीय तेज गेंदबाजी बैकअप और बल्लेबाज की भी खोज रहेगी।

## भारतीय नेत्रहीन महिला क्रिकेट टीम ने हरमनप्रीत कौर और अमोल मुज़ुमदार से की मुलाकात

मुंबई, 16 दिसंबर। भारतीय दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम ने क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (सीएबीआई) के अध्यक्ष डॉ. महंतेश जी किवदसन्नवर के साथ हरमनप्रीत कौर, राजेश्वरी गायकवाड़, जेमिमा रोड्रिग्स, रेणुका सिंह ठाकुर और कोच अमोल मजूमदार से यहां नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में मुलाकात की।

भारतीय महिला टीम इस समय यहां एकमात्र टेस्ट में इंग्लैंड से खेल रही है। गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के पहले दिन भारतीय बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया और मेजबान टीम ने सात विकेट के नुकसान पर 410 रन बनाए।

दिन के खेल समाप्त होने के बाद हरमनप्रीत, राजेश्वरी, जेमिमा, रेणुका और कोच मुजुमदार ने भारतीय महिला नेत्रहीन क्रिकेट टीम से मिली और उनकी सराहना की। जो वर्तमान में नेपाल के खिलाफ द्विपक्षीय दृष्टिबाधित क्रिकेट श्रृंखला 2023 में व्यस्त है।

नेत्रहीन क्रिकेट टीम नेपाल के खिलाफ चौथे टी20 में विजयी हुई और एक मैच शेष रहते इसी सीरीज में 3-1 से आगे चल रही है। हरमनप्रीत नेत्रहीन महिला क्रिकेट की ब्रांड एंबेसडर भी हैं, राजेश्वरी और जेमिमा ने भारतीय टीम को नेपाल पर जीत और आईबीएसए विश्व खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के लिए बधाई दी।

यह बैठक दृष्टिबाधित क्रिकेटरों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत थी, जो अपने रोल मॉडल के साथ बातचीत करके रोमांचित थे। सीएबीआई के अध्यक्ष महंतेश जी किवदासनवर ने इसे दृष्टिबाधित क्रिकेटरों के लिए एक 'आनंददायक क्षण' बताया। महंतेश ने कहा, हमारी लड़कियों को भारतीय महिला टीम के लिए चीयर करने का मौका मिला। जब भारतीय टीम ने 400वां रन बनाया तो हम वहां बैठी लड़कियों अपनी टीम के लिए चीयर कर रहे थे। दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम के लिए यह एक खुशी का पल था। हरमनप्रीत से मिलकर बहुत खुशी हुई।

नेपाल सीरीज में भारत ने पहले दो टी20 जीते थे, लेकिन मेहमान टीम ने बुधवार को तीसरे मैच में वापसी की और भारत को सीरीज जीतने से के सपनों पर पानी फेर दिया। भारत ने चौथा टी20 जीतकर एक मैच शेष रहते 3-1 से सीरीज़ में अपराजेय बढ़त बना ली है और पांचवे मैच को जीतकर सीरज कब्जाने का पूरा प्रयास करेगा। भारत और नेपाल अब शुक्रवार को पांचवें टी20 में भिड़ेंगे।







विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए उद्घाटन किया।

# प्रधानमंत्री ने विकसित भारत अभियान का वर्चुअली उद्घाटन किया

## इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल ने विकसित भारत अभियान रथों को केसरिया झंडी दिखाकर रवाना किया

- **महारानी कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जयपुर जिले के लाभार्थी पहुंचे थे।**
- **कार्यक्रम में सांसद रामचरण बोहरा, जयपुर के सभी विधायक, ग्रेटर नगर निगम की महापौर सौम्या गुर्जर, मुनेश गुर्जर, मुख्य सचिव उषा शर्मा व कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।**

जयपुर, 16 दिसंबर (का.सं.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को विकसित भारत अभियान की लॉन्चिंग की। राजस्थान, मिज़ोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअल तरीके से अभियान का आगाज़ किया। इस दौरान पीएम ने पूर्व में जिन जगहों पर अभियान शुरू किया जा चुका है, वहां के लाभार्थियों से संवाद भी किया।

जयपुर के महारानी कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में जयपुर जिले के लाभार्थी यहां पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीब व अन्य सभी वर्गों के उत्थान के लिए जो योजनाएं शुरू की हैं, उसका लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति को मिले, इसकी जवाबदेही तय होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र की योजनाओं में जो अधिसूचित है उन्हें कितना लाभ मिल चुका है और बचे हुए पात्र को योजनाओं का लाभ मिले, इसकी भी जवाबदेही तय होगी। इसके लिए एक कमेटी का गठन कर दिया गया हैं। पिछली बार जो किसान इस सूची से वंचित रह गए, इस यात्रा के माध्यम से वे भी इस सूची में शामिल होंगे। कार्यक्रम में सांसद रामचरण बोहरा, विधायक कालीचरण सराफ, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, गोपाल शर्मा, बालमुकुंदाचार्य, कैलाश वर्मा, महेंद्र पाल मीणा, जयपुर ग्रेटर नगर निगम महापौर सौम्या गुर्जर, हैरिटेज नगर निगम महापौर मुनेश गुर्जर, मुख्य सचिव उषा शर्मा सहित अनेक अधिकारी और नेता मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार महिलाओं के उत्थान और बालिकाओं के विकास के लिए कृत संकल्प है। महिला और बालिका सुरक्षित रहें, इस दिशा में हमारी सरकार काम करेगी। प्रदेश में भ्रष्टाचार के प्रति "ज़ीरो टॉलरैंस" की नीति पर काम किया जाएगा। भाजपा जो कहती वह करती है। उन्होंने कहा कि, हमारा घोषणा पत्र पूरी तरह से सरकारी दस्तावेज है। हमारी सरकार गरीब कल्याण के लिए समर्पित है। मोदीजी जो कहते हैं वो करते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल तरीके से अभियान के रथों को रवाना किया गया। मुख्यमंत्री ने रथो को केसरिया झंडी दिखाई। ये रथ प्रदेशभर की हर गांव-ढाणी में जाएंगे। इस दौरान नए रजिस्ट्रेशन के साथ केंद्र की 17 योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी देंगे। जयपुर शहर में 6 एवं जयपुर ग्रामीण में 8 मोबाइल वैन भारत सरकार के विभिन्न विभागों की 17-17 योजनाओं का प्रचार करेंगी एवं लाभार्थियों से संवाद करेंगी। योजनाओं के लाभार्थियों को चिन्हित किया जाएगा।

## 18 से 28 दिसम्बर...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कि वे पार्टी के शुभचिन्तकों और कार्यकर्ताओं में से संभावित दानदाता की पहचान करें, जो 1,380 या 13,800 रूपयों तक का डोनेशन दे सकें। इस रणनीतिक अप्रोच से बेहतर भारत के हमारे नज़रिए की सफलता सुनिश्चित होगी। इसलिए, यह भारत की किसी भी राजनैतिक पार्टी के हिसाब से सबसे बड़ी "काउडफंडिंग" होगी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना के इस वर्ष 138 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी 28 दिसम्बर को नागपुर में एक महारैली आयोजित करने जा रही है। यह एक राष्ट्रीय रैली होगी जिसमें पार्टी के सभी सीनियर नेता भाग लेंगे। वेणुगोपाल ने बताया कि पार्टी ने महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं के साथ नागपुर में एक विस्तृत मीटिंग की थी। महाअभियान में कांग्रेस के कम के कम 10 लाख लोग भाग लेंगे।

## भारत जोड़ो यात्रा...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

पर अत्याचार, घोटाले और महा-भ्रष्टाचार। पार्टी ने वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों के परिप्रेष्य में भारत जोड़ो यात्रा के द्वितीय चरण की तैयारियों पर विचार-विमर्श किया। खड़गे ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी नई चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए एक सकारात्मक एजेंडा के साथ अपने संगठन को मजबूत करेगी।

# अडानी समूह ने न्यूज एजेंसी आई.ए.एन.एस. का अधिग्रहण किया

## अडानी समूह की ओर दी गयी जानकारी में कहा गया है कि एएमजी मीडिया नेटवर्क्स लिमिटेड ने आई.ए.एन.एस. के 50.50 प्रतिशत शेयर अधिग्रहित किए हैं

- **सार्वजनिक जानकारी दोनों कंपनियों के बीच शेयर खरीद समझौते पर 15 दिसंबर को हस्ताक्षर किए गए और आई.ए.एन.एस. के निदेशक मंडल ने इसी तिथि को अपनी बैठक में अडानी समूह की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी के साथ हुए सौदे के अनुसार उसे शेयर हस्तांतरित किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी।**

नयी दिल्ली, 16 दिसंबर। अरबपति उद्यमी गौतम अडानी के नेतृत्व वाले अडानी समूह की मीडिया कंपनी ए.एम.जी. मीडिया नेटवर्क्स लिमिटेड ने समाचार एजेंसी आई.ए.एन.एस. का परिचालन करने वाली मीडिया कंपनी आई.ए.एन.एस. इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अधिग्रहण की घोषणा की है। इस समूह ने इससे पहले इस वर्ष के शुरू में टेलीविजन चैनल एन.डी.टीवी का अधिग्रहण किया था।

अडानी समूह की ओर से मुंबई शेयर बाजार को भारतीय प्रतिभूति विनियम बोर्ड (सेबी) के विलय एवं अधिग्रहण संबंधी नियमों के तहत दी गयी जानकारी में कहा गया है कि, ए.एम.जी. मीडिया नेटवर्क्स लिमिटेड ने आइ.ए.एन.एस. के 50.50 प्रतिशत शेयर अधिग्रहीत किए हैं।

सार्वजनिक जानकारी दोनों कंपनियों के बीच शेयर खरीद समझौते पर 15 दिसंबर को हस्ताक्षर किए गए और आईएएनएस के निदेशक मंडल ने इसी तिथि को अपनी बैठक में अडानी समूह की पूर्ण स्वामित्वाली कंपनी के साथ हुए सौदे के अनुसार उसे शेयर हस्तांतरित किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी।

शेयर बाजार को दी गयी जानकारी के अनुसार आईएएनएस की अधिकृत शेयर पूंजी दो करोड़ रुपये और चुकता शेयर पूंजी दस लाख रुपये है। आईएएनएस का सालाना कारोबार लगभग 11.86 करोड़ रुपये से अधिक है। शेयर बाजार को दी गयी जानकारी में यह नहीं बताया है कि आईएएनएस का यह सौदा कितने मूल्य का है।

उल्लेखनीय है कि बंदरगाह, हवाई अड्डा, बिजली पारेषण एवं उत्पादन, सीमेंट, खाद्य उत्पाद और ऊर्जा क्षेत्र के दिग्गज अडानी समूह ने पिछले वित्त वर्ष के अंत में टेलीविजन चैनल कंपनी एनडीटीवी को अधिग्रहीत किया था।

# 'तीन सौ आतंकवादी सीमा पार करने के लिए तैयार'

श्रीनगर, 16 दिसंबर। कश्मीर फ्रंटियर के सीमा सुरक्षा बल (बी.एस.एफ.) के महानिरीक्षक अशोक यादव ने शनिवार को कहा कि, खुफिया जानकारी है कि 250-300 आतंकवादी सीमा पार करने के लिए लॉन्च पैड पर इंतजार कर रहे हैं।

बीएसएफ के शीर्ष अधिकारी जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में एक समारोह से पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा, खुफिया जानकारी के अनुसार, 250-300 आतंकवादी सीमा पार करने के लिए लॉन्च पैड पर इंतजार कर रहे हैं। लेकिन हमने और सेना ने सभी संवेदनशील इलाकों पर अपना दबदबा बना लिया है और हम घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम करने के प्रति आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती इलाकों में बहादुर जवान यह सुनिश्चित करने के लिए हमेशा सतर्क रहते हैं कि कोई घुसपैठ न हो।

## राघव चड्डा राज्यसभा में आप...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

दिल्ली सांसद संजय सिंह की जगह अब राज्यसभा में पार्टी के नेता होंगे। पत्र में दावा किया गया कि संजय सिंह की तबीयत ठीक नहीं है, जबकि दूसरी बात यह भी है कि वह दिल्ली शराब घोटाले में फिलहाल जेल में बंद है, इसलिए उन्हें बदला जाना था।

चड्डा को भी राज्यसभा से निलम्बित कर दिया गया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उनके निलम्बन को खारिज कर दिया था। भाजपा, कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के बाद राज्यसभा में आप चौथी सबसे बड़ी पार्टी है।

## वैष्णो देवी के रास्ते पर सात सौ से अधिक सी.सी.टी.वी.

जम्मू, 16 दिसंबर। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सी.ई.ओ.) अंशुल गर्ग ने शनिवार को नए साल 2024 की शुरुआत से पहले परेशानी मुक्त तीर्थयात्रा के लिए मंदिर की सुरक्षा और परिचालन तैयारियों की व्यापक समीक्षा करने के लिए सुरक्षा एजेंसियों तथा आध्यात्मिक विकास केंद्र के अन्य हितधारकों के साथ बैठक की। बैठक में गर्ग ने इस बात पर जोर दिया कि नया साल 2024 करीब आ रहा है और बोर्ड को आधार शिविर कटरा के अलावा माता वैष्णो देवी जी के पवित्र मंदिर में देश और विदेश के विभिन्न हिस्सों से काफी संख्या में तीर्थयात्रियों के आने की उम्मीद है।

# मीटर रीडिंग नहीं ली और 26,890 रूपए का औसत बिल जारी कर दिया

- **जिला उपभोक्ता आयोग जयपुर द्वितीय के जे.वी.वी.एन.एल. के इस कृत्य को सेवादोष करार दिया।**
- **आयोग ने निगम से कहा कि, परिवादी को 9 प्रतिशत ब्याज दर से बिल की राशि लौटाएं और 15 हजार रू. हर्जाना भी दें।**

जयपुर, 16 दिसंबर (का.सं.)। जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-द्वितीय ने परिवादी के बिजली मीटर की रीडिंग लेने की बजाय जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जे.वी.वी.एन.एल.) द्वारा 26,890 रुपए का औसत बिल जारी करने को सेवादोष माना है। इसके साथ ही आयोग ने विद्युत वितरण निगम को आदेश दिए हैं कि वह बिल राशि 26,890 रुपए परिवाद दायर करने की तारीख से नौ प्रतिशत ब्याज सहित परिवादी को लौटाए। वहीं परिवादी को हुई परेशानी के लिए उसे 15 हजार रुपए हर्जाना भी दे। आयोग के अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीणा व सदस्या हेमलता अग्रवाल ने यह आदेश जगतपुरा निवासी विनोद मेहता के परिवाद को स्वीकार करते हुए दिया।

परिवाद में कहा गया कि उसने बिजली का घरेलू कनेक्शन ले रखा है और उसके एक हजार से सौलह सौ रुपए से ज्यादा बिजली का बिल नहीं आया। इसके बावजूद जेवीएनएल ने औसत आधार पर जुलाई 2015 का बिल 26,890 रुपए का जारी कर दिया। जब परिवादी ने निगम के ऑफिस जाकर उससे दुबारा मीटर रीडिंग लेने के लिए कहा तो उसे बिजली कनेक्शन काटने की धमकी देकर बिल जमा कराने के लिए कहा, जिस पर परिवादी ने 21 जुलाई 2015 को 26,890 रुपए जमा करा दिए। साथ ही निगम की इस कार्रवाई को उपभोक्ता आयोग में चुनौती दी।

परिवाद में कहा गया कि जे.वी.वी.एन.एल. ने मीटर की रीडिंग ही नहीं ली और मनमर्जी से बिल जारी कर दिया। वहीं बिल राशि जमा नहीं कराने पर कनेक्शन काटने की धमकी की, जिस पर सुनवाई करते हुए आयोग ने वसूली गई राशि ब्याज सहित लौटाने के साथ ही पन्द्रह हजार रुपए हर्जाने के तौर पर अदा करने को कहा है।

## हिजबुल्लाह के ठिकाने नष्ट

येरूसलम, 16 दिसंबर। लेबनान में लेबनानी आंदोलन हिजबुल्लाह के हाल के प्रक्षेपणों जवाब में उसके ठिकानों को नष्ट कर दिया गया है। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आई.डी.एफ.) ने यह जानकारी दी है। आईडीएफ ने शुक्रवार को टेलीग्राम पर कहा, हाल के प्रक्षेपणों के जवाब में, वायुसेना के विमानों ने लेबनान में हिजबुल्लाह के कई आतंकी ठिकानों पर हमला किया और उन्हें नष्ट कर दिया। जिन लक्ष्यों पर हमला किया गया उनमें आतंकवादी बुनियादी ढांचे, एक कमांड और नियंत्रण केंद्र और सैन्य स्थल शामिल थे, जहां हिजबुल्लाह आतंकवादी काम कर रहे थे।

## राजनैतिक चर्चा का केन्द्र बना ललित...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

हुआ। उसकी मां ने बताया कि परिवार की आमदनी इतनी कम है कि वे लोग घर के लिए एक टी.वी. सैट भी नहीं खरीद सकते। यदि झा को निराशा महसूस एवं उसने अपनी हताशा को उतारने के लिए ताकतवर सांसदगणों के समक्ष विरोध प्रदर्शन संसद में कर दिया तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है। समस्या सिर्फ उस तरीके की है जिसके माध्यम से उन्होंने विरोध किया।

शायद, उनको भी स्वयं को इस बात से आश्चर्य होगा कि उन्होंने कितनी आसानी संसद की सुरक्षा में सेंध लगा दी। परंतु इसमें कुछ गंभीर विवाद है यह है कि वहां संसद के अंदर कुछ लोगों से उनकी झड़प हो गई।

सेवानिवृत उच्च स्तरीय पुलिस अधिकारियों, जिन्होंने दिल्ली के सुरक्षा तंत्र में काम किया है, ने विस्तार से बताया कि गैस कैनिस्टर्स को प्रदर्शनकर्ता संसद के अंदर नहीं ले जा सकते थे। उन्होंने कयास लगाया कि ये कैनिस्टर्स उन लोगों ने प्रदर्शनकर्ताओं तक पहुंचाए होंगे जो दूसरे तरीकों से संसद में घुसे होंगे।

उन्होंने अनुमान लगाया कि कुछ लोग जो संसद में जाते रहते हैं उनकी तलाशी नहीं हुई होगी और जैसे सामान्य आगन्तुक जाते है वैसे चले गए होंगे और उनमें से कोई गैस बम को अंदर ले जाएगा। यह एक गंभीर आरोप है और इस विषय में जांच किए जाने की आवश्यकता है।

यद्यपि, इस सुरक्षा में सेंध को बहुत बड़े राजद्रोह के रुप में अथवा सम्भावित आंतकी कृत्य में लिया गया है और इन युवाओं के खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज है कि वे किस लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। तथ्य यह है कि युवा बेरोजगारी, से त्रस्त थे।

सभी प्रदर्शनकारी उनकी निरंतर बेरोजगारी और स्थाई रोजगार प्राप्त करने की असमर्थता के बारे में अपने अनुभव साझा किया करते थे। उनमें सभी युवा शिक्षित युवा और निराश युवा हैं। सुरक्षा में सेंध पर शोर मचाने के बजाए, दूसरा पहलू यह है कि देश को खुले दिन से युवाओं के लिए रोजगार की कमी के बारे में समीक्षा करनी चाहिए। उनके साथ सबसे खराब व्यवहार करने के बजाए प्राधिकारियों को शिक्षित युवा की दुर्दशा पर सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

# आगंतुक श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं में जुटा अयोध्या प्रशासन

## परम्परागत रूप से उपयोग की जा रही सरफेस पार्किंगों के अतिरिक्त सत्तर एकड़ भूमि का अलग से चयन किया जा चुका है

- **जनपदों से जोड़ने वाले विभिन्न मार्गों को तथा श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के विभिन्न मार्गों का चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कर आधुनिक व उच्चस्तरीय जनसुविधायें विकसित की जा रही हैं।**
- **स्मार्ट पार्किंग में 526 चार पहिया वाहनों और 511 दो पहिया वाहनों के साथ ही 1400 से अधिक दो पहिया वाहनों के सरफेस पार्किंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी।**

अयोध्या, 16 दिसम्बर। प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में आने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों के वाहनों की पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराये जाने के लिये प्रशासन इंतजामों में जुटा है।

जिलाधिकारी नितीश कुमार ने आज यहां बताया कि, श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारियों के उपरान्त अयोध्या धाम आने वाले श्रद्धालु और पर्यटकों के वाहनों की पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराये जाने के लिये विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि परम्परागत रूप से उपयोग की जा रही सरफेस पार्किंगों के अतिरिक्त सत्तर एकड़ भूमि का अलग से चयन पूर्व में किया जा चुका है, जिसमें दस एकड़ गुप्तार घाट, पैंतीस एकड़ उदया चौराहा तथा पच्चीस एकड़ प्रहलाद घाट व राजघाट के समीप है।

उन्होंने बताया कि, अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण कार्य के साथ ही बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं का आवागमन एवं यातायात की उच्च स्तरीय सुविधायें सुगमता से उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत जनपदों से जोड़ने वाले विभिन्न मार्गों को तथा श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के विभिन्न मार्गों का चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कर आधुनिक व उच्चस्तरीय जनसुविधायें विकसित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि, अयोध्या धाम आने वाले श्रद्धालु, पर्यटकों के वाहनों को पार्किंग की बेहतर व्यवस्था हेतु अयोध्या में पांच मल्टीलेवल पार्किंग बनायी जा रही है, जिसमें से चार मल्टीलेवल पार्किंग टेढ़ी बाजार, कौशलेश कुंज, अमानीगंज का शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

उन्होंने बताया कि, कलेक्ट्रेट के निकट स्मार्ट वाहन पार्किंग के कार्य को इसी माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जायेगा। इन स्मार्ट पार्किंग में 526 चार पहिया वाहनों और 511 दो पहिया वाहनों के साथ ही 1400 से अधिक दो पहिया वाहनों के सरफेस पार्किंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि ,प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ाने की संभावना है, जिसको देखते हुए वाहनों के लिये पार्किंग बनायी जा रही है जिसमें श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर, अपर जिलाधिकारी सलिल कुमार पटेल, सीओ ट्रैफिक व सहायक अभिलेख अधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## तेलंगाना की राज्यपाल...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

आजाद कर लिया। हम यह नहीं समझ पाए कि तेलंगाना दमन के शासन से कैसे मुक्त हुआ जबकि ऐसी कोई बात नहीं थी। के.सी.आर. सरकार एवं बी.आर.एस. के सदस्यों को राज्यपाल की जो टिप्पणी आक्रोशित कर रही है वह यह है कि "पिछली सरकार ने तानाशाही पूर्ण मनोवृत्ति का प्रदर्शन किया है। सौंदरराजन ने अपने संबोधन भाषण में कहा कि "तेलंगाना निरंकुश शासन एवं तानाशाहीपूर्ण रवैये से आज़ाद हो गया है। जनता ने चुनावों में स्पष्ट फैसला देते हुए कहा कि वह अब और अधिक दमन सहन नहीं करेगी।

यह फैसला जनता के अधिकारों एवं प्रजातांत्रिक शासन के लिए आधारशिला बन गया है।" उन्होंने तेलंगाना की दोनों सरकारों के बीच ऐसा विरोधाभास प्रदर्शित करने का प्रयास किया है जो उन्होंने देखा है, राज्यपाल ने ऐसा बताने का काम किया है मानों प्रगति भवन के दरवाजे.उखाड़ फेंके हों। तेलंगाना की राज्यपाल ने भाषण में कहा "शासक व जनता को अलग-अलग करने वाली लोहे की बैरिकेडिंग का तोड़ दिया है। मुझे यह कहने में गर्व की अनुभूति है कि कांच के महल और बाधाएं समाप्त हो गई है और सच्चे मायने में लोकतंत्र शुरु हो गया है।"

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908